राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 10
लखनऊ, रविवार 25 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com




सोलर पार्क से रोशन हो रहा है उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री योगी 03

बल्लेबाज शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय व घरेलू क्रिकेट से लिया संन्यास 12

## संक्षिप्त समाचार

### हादसे में यूपी से गोगामेड़ी जा रहे दो श्रद्धालुओं की मौत

**चूरू।** जिले के सिद्धमुख थाना क्षेत्र में राजगढ़-भादरा स्टेट हाईवे पर चैनपुरा छोआ और ढाणा के बीच उत्तर प्रदेश से गोगामेड़ी जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और कंटेनर की भिड़ंत हो गई। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 35 से अधिक घायल हो गए। इनमें तीन गंभीर घायलों को बीकानेर रेफर किया गया है। सिद्धमुख थाना के एएसआई रामनारायण मीणा ने बताया कि रात करीब 2 बजे राजगढ़-भादरा स्टेट हाईवे पर चैनपुरा छोआ और ढाणा के बीच एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। मौके पर श्रद्धालुओं की भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और सब्जी से भरे कंटेनर में भिड़ंत हो गई। उत्तरप्रदेश के श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) जा रही थी।

### नेपाल दुर्घटना में प्रधानमंत्री ने जताया दुख, मिलेगा मुआवजे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल में भारतीय बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई मौतों पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे नेपाल के तनहुन जिले में सड़क दुर्घटना के कारण लोगों की मौत से दुखी हैं। वे शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं रखते हैं और घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। नेपाल में भारतीय दूतावास प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मुआवजे की घोषणा की। नेपाल के तनहुन जिले में हुई दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। नेपाल में पोखरा से भारतीय पर्यटकों को लेकर काठमांडू लौट रही गोरखपुर की बस के मर्स्यांगडी नदी में गिर जाने से हुए हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई है और 16 लोग घायल हैं।

### यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती पुलिस ने 17 लोगों को पकड़ा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन शनिवार शाम सात बजे तक 17 लोग पकड़े गये हैं। ये कार्रवाई अलग-अलग जिलों से हुई है। पुलिस अब इन लोगों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई अमल में लाएगी। पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन का पेपर समाप्त होने के बाद पुलिस की ओर से ताजा जानकारी दी गयी। नकलविहिन और शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए एसटीएफ, पुलिस के अलावा कई स्थानीय जांच एजेंसी सक्रिय थी। दूसरे दिन की परीक्षा समाप्ति तक 17 लोग अलग-अलग जिलों से पकड़े गये हैं।

### भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज

**नयी दिल्ली।** जम्मू कश्मीर व हरियाणा में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करने के लिए भाजपा में विचार-मंथन और बैठकों का दौर लगातार जारी है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में रविवार को दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने जा रही है। रविवार को होने वाली भाजपा के केंद्रीय चुनाव समिति की इस बैठक में जम्मू कश्मीर के लगभग 24 उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगाई जा सकती है।

# सुरक्षा पर सवालिया निशान है कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन : योगी

समृद्धि न्यूज

**▸ सीएम योगी ने जम्मू कश्मीर विधानसभा को लेकर दिया बयान**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर कई सवाल पैदा कर रहा है। श्री योगी ने कहा कि नफरत की फसल काटने वाली कांग्रेस व नेकां की सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो गई है।




आतंकवाद व अलगाववाद का मुद्दा वहां चिनाब की जलधारा में सदा के लिए विलीन हो चुका है। उन्होने कहा कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए का कलंक मिटाने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की थी। अब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। यह चुनाव न केवल वहां के लोगों, बल्कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर भारतीय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया भर की निगाह इस ओर लगी हुई है। ऐसे महत्वपूर्ण चुनाव में इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने अब्दुल्ला एंड संस फैमिली प्राइवेट लिमिटेड की नेशनल कॉन्फ्रेस के साथ गठबंधन करके फिर से राष्ट्रविरोधी मंसूबों को देश के सामने रख दिया है। उन्होने कहा कि हाल ही में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। इसमें अनेक ऐसे बिंदु हैं, जो भारत की एकता-अखंडता व राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति आशंकित करती है। कांग्रेस व नेकां का गठबंधन राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अनेक बड़े सवाल खड़ा करता है और भारतीय संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा व निष्ठा रखने वाले हर व्यक्ति को चिंतित भी करता है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुये उन्होने कहा कि क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंककर पाकिस्तान समर्थित गिने-चुने परिवारों के हाथों में सौंपने का समर्थन करती है। क्या कांग्रेस नेशनल कॉन्फ्रेंस के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है।

**कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा देश के सामने आया**

मुख्यमंत्री ने कहा- कांग्रेस नेता से पूछना चाहता हूं कि क्या उनकी पार्टी नेशनल कान्फ्रेंस के जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का समर्थन करती है। क्या राहुल गांधी व कांग्रेस अनुच्छेद 370 और आर्टिकल- 35ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के नेशनल कॉन्फ्रेंस की घोषणा का समर्थन करती है। क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके अलगाववादी ताकतों का फिर से समर्थन करती है? क्या कांग्रेस और राहुल गांधी पाकिस्तान के साथ एलओसी ट्रेड शुरू करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय और फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद व उसके इकोसिस्टम को पोषण करने का समर्थन करती है। योगी ने पूछा कि क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल उपद्रवियों के परिजनों को सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है। उन्होने आरोप लगाया कि इस गठबंधन से कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा देश के सामने आया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुर्जरों, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के नेकां के वादे का समर्थन करती है। क्या कांग्रेस चाहती है कि शंकराचार्य पर्वत तख़्त-ए- सुलिमान और हरि पर्वत कोह-ए-मारन के नाम से जाने जाएं।

# सरकार ने एनपीएस के विकल्प के तौर पर पेश की नयी पेंशन योजना



**कर्मचारी को 25 वर्ष की सेवा के बाद आखिरी वर्ष के औसत वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर मिलेगी पेंशन**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के लिये नयी पेंशन योजना (एनपीएस) के विकल्प के रूप में शनिवार को एक नयी एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी जिसमें कर्मचारी को 25 वर्ष की सेवा के बाद आखिरी वर्ष के औसत वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन मिलेगी।

यूपीएस के लिये सरकार 18.5 प्रतिशत का योगदान करेगी और इसमें फैमिली पेंशन, गारंटी शुदा न्यूनतम पेंशन और सेवानिवृत्ति के बाद एकमुश्त भुगतान के भी प्रावधान किये गये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी देते हुये सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा, ÷ यह योजना पूर्ण रूप से वित्तीय व्यवस्था के साथ लागू की जा रही है। यह कांग्रेस शासित कुछ राज्यों की योजनाओं के तहत कोई खोखला वादा नहीं है। उन्होंने बताया कि इस योजना से 30 लाख केन्द्रीय कर्मचारियों को फायदा होने की उम्मीद है और राज्य सरकारें यूपीएस को लागू करती हैं तो कुल 90 लाख कर्मचारियों को इसका फायदा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि एनपीएस में सरकार अपनी ओर से 14 प्रतिशत अंशदान करती है, इसे बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को एनपीएस से यूपीएस से चुनने का विकल्प केवल एक बार के लिये होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि यह योजना कर्मचारियों की यूनियनों और विशेषज्ञ संस्थाओं के साथ पूरे विचार-विमर्श के साथ लायी गयी है।

### सोपोर के रफियाबाद इलाके में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने आतंकी को किया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सोपेर के रफियाबाद इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। इस एनकाउंटर में सेना के जवानों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है।सोपोर पुलिस और 32 राष्ट्रीय राइफल्स (32 आरआर) के संयुक्त अभियान ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। यह घटना तब हुई जब स्थानीय पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के गश्ती दल पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की। रफियाबाद में यह मुठभेड़ जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में 14 अगस्त को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक सैन्य अधिकारी के शहीद होने के 10 दिन बाद हुई है। उस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को भी मार गिराया था।

## यूपी बोर्ड : कक्षा 9-11 के छात्रों के पंजीकरण की तिथियों में संशोधन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज ने शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9 और 11 के छात्रों के पंजीकरण की तिथियों में संशोधन किया है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को अब 10 सितंबर तक पंजीकरण शुल्क जमा करने और छात्रों के शैक्षिक विवरणों को परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करने की अनुमति दी गई है, जिससे वे प्रक्रिया को समय पर पूरा कर सकें। इसके बाद 11 से 13 सितंबर के बीच प्रधानाचार्यो को अपलोड किए गए



छात्रों के विवरण जैसे कि नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, विषय, फोटो आदि की गहन जाँच करनी होगी। अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का अपडेशन प्रतिबंधित रहेगा, ताकि छात्रों के विवरण की सटीकता सुनिश्चित की जा सके। यदि किसी विवरण में सुधार की आवश्यकता हो तो प्रधानाचार्य 14 से 20 सितंबर के बीच विवरणों में आवश्यक संशोधन कर सकते हैं।

### विजिलेंस ने घूस लेते कानपुर नगर निगम के बाबू को रंगेहाथ पकड़ा

**कानपुर।** कानपुर नगर निगम में तैनात बाबू राजेश यादव पर आरोप है कि वित्तीय स्त्रोतमैन (एसीपी) निकलवाने के लिए पीड़ित से 30 हजार रुपये घूस की मांग की थी। पीड़ित ने 20 हजार रुपये दे दिया था फिर भी आरोपित बाबू काम नहीं कर रहा था। परेशान होकर पीड़ित ने विजिलेंस की टीम से संपर्क किया और बचे हुए 10 हजार रुपया शनिवार को आरोपित बाबू को दिया। पहले से सक्रिय विजिलेंस की टीम ने आरोपित बाबू को रंगेहाथ घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। नगर निगम के जोन 2 में संविदा चालक के पद पर कार्य कर रहे मो. असलम ने बताया कि पिता मो. इश्तियाक विभाग में बेलदार के पद से सेवानिवृत हुये हैं।

## सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने का कर रहा था दावा, एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** एसटीएफ ने अनिरुद्ध नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया है। अनिरुद्ध पर आरोप है कि वह सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने के नाम पर लोगों से रुपये वसूल रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपित के मोबाइल से रकम वसूली का स्क्रीनशॉट भी बरामद हुआ है। आरोपित भदोही जिले का रहना वाला है।

एसटीएफ ने आरोपित को पॉलिटेक्निक चौराहे पर धर दबोचा है। दरअसल, सिपाही भर्ती परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने के लिए योगी सरकार ने पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। एसटीएफपारदर्शिता भंग करने का प्रयास करने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रही है। शनिवार को पेपर लीक कराने के नाम पर ठगी करने वाले युवक अनिरूद्ध को गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफको शनिवार को सूचना मिली कि टेलीग्राम पर न्व् च्वसपबम ब्वदेजंइसम चंचमत समांमक नाम का चौनल बना है, जिसके जरिये एक गिरोह परीक्षा के दिन से पहले पेपर आउट कराने का दावा कर रहा है।

**वाराणसी से भी ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 का प्रश्न पत्र आउट कराने के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी हंस रंजन कुमार एसटीएफ वाराणसी इकाई के हत्थे चढ़ गया। एसटीएफ की टीम ने आरोपी के पास से 1 मोबाइल फोन, 2 डेबिट कार्ड, 1 डीएल, 1 पासपोर्ट और पैनकार्ड बरामद किया। शनिवार को एसटीएफ वाराणसी के स्थानीय अफसरों ने बताया कि आरोपी मुजाहिदपुर, थाना परवत्ता, जनपद खगड़िया (बिहार) निवासी हंस रंजन को कैंट थाना क्षेत्र के चर्च के पास से गिरफ्तार किया गया। कैण्ट, पुलिस कमिश्नरेट में अभियोग पंजीकृत कराने के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस कर रही है। अफसरों ने बताया कि एसटीएफ फील्ड इकाई वाराणसी को शिकायत प्राप्त हुई कि व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर ग्रुप में जोड़े जाने के नाम पर महिला अभ्यर्थियों से 500 रूपये व पुरुष अभ्यर्थियों से 1000 रूपये यूपीआई (फोन-पे) के माध्यम से लिया जा रहा है।

## यूपी में वकीलों की हड़ताल पर हाईकोर्ट सख्त

**▸ हड़ताल की सूचना रजिस्ट्रार जनरल को दें ताकि कार्यवाही हो सके**

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि किसी वकील द्वारा व्यक्तिगत या उनके संघ द्वारा हड़ताल पर जाने, हड़ताल का आह्वान करने या काम से विरत रहने के किसी भी कृत्य को आपराधिक अवमानना का कृत्य माना जाएगा।

न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश के सभी जिला न्यायाधीशों को निर्देश दिया कि वे वकीलों की हड़ताल की किसी भी घटना की सूचना रजिस्ट्रार जनरल को दें ताकि कानून के अनुसार उचित कार्यवाही की जा सके। न्यायालय ने निर्देश दिया है कि एसोसिएशन के वकील, अधिकारी, अदालत के कर्मचारी या उनके रिश्तेदारों की मृत्यु के कारण शोक संवेदना के कारण भी काम से विरत नहीं रहने दिया जाएगा।

हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि कोई भी शोक सभा अपराह्न 3.30 बजे के बाद ही बुलाई जाए। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि इस निर्देश का किसी भी तरह का उल्लंघन कोर्ट की अवमानना माना जाएगा।

अदालत ने कहा कि जब तक न्यायालयों के सुचारू एवं प्रभावी संचालन द्वारा न्याय प्रशासन सुनिश्चित नहीं हो जाता तब तक कानून का शासन सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि यदि वकीलों द्वारा बार-बार हड़ताल के आह्वान के कारण अदालतों को काम करने की अनुमति नहीं दी जाती है तो वह ढांचा जिस पर पूरी व्यवस्था टिकी हुई है, ढह सकता है।

### आकांक्षात्मक विकासखंड की डेल्टा रैंकिंग में श्रावस्ती का जमुनहा विकासखंड अव्वल

**लखनऊ।** योगी सरकार ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नीति आयोग द्वारा घोषित आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम की त्रैमासिक (जनवरी-मार्च 2024) डेल्टा रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले के जमुनहा विकासखंड ने ओवर ऑल टॉप रैंकिंग हासिल की है। वहीं जोन 2 उत्तर भारत में प्रदेश के हरदोई जिले के संडीला ने पहला स्थान हासिल किया है। अमेठी जिले के जगदीशपुर विकासखंड को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह डेल्टा रैंकिंग नीति आयोग द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से जारी की गयी है। मालूम हो कि विकासखंडों की रैंकिंग की गणना, उनके प्रदर्शन और त्रैमासिक प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) में प्राप्त प्रगति के आधार पर की गयी।

## बीमा कंपनी को किसानों के 225 करोड़ का भुगतान करने के आदेश

एजेंसी

**▸ निर्णय से परभणी के करीब दो लाख किसानों को मिलेगा लाभ**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक बीमा कंपनी को महाराष्ट्र के परभणी जिले के करीब दो लाख किसानों के 225 करोड़ रुपये तक के लंबित दावों का भुगतान सप्ताह के भीतर करने का निर्देश दिया है। ये आदेश 21 अगस्त को नांदेड़ में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज की किसानों के साथ हुई बातचीत के बाद आया है, जिसमें वहां लंबित सोयाबीन फसल बीमा दावों का मुद्दा उठाया गया था।

कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि संबंधित बीमा कंपनी को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लंबित लगभग 200 से 225 करोड़ रुपये के दावे का भुगतान एक हफ्ते के भीतर करने का आदेश जारी किया गया। इस निर्णय से परभणी जिले के करीब 2 लाख किसानों को लाभ मिलेगा। महाराष्ट्र के परभणी जिले के किसानों ने वर्ष 2021 से अपनी सोयाबीन की फसल का बीमा लंबित होने की समस्या से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को अवगत कराया था। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 21 अगस्त, 2024 को महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में किसानों से संवाद किया।

### प्लॉट बेचने के नाम पर 23 लाख हड़पने के आरोप में चार पर केस

**मुरादाबाद।** महानगर के थाना कटघर क्षेत्र के निवासी व्यक्ति ने बताया कि थाना सिविल लाइंस पुलिस को दी तहरीर में नागफनी थाना क्षेत्र निवासी भाई-बहन समेत चार आरोपितों पर प्लॉट बेचने के नाम पर 23 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया। मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपित भाई बहन समेत चार लोगों के खिलाफ शनिवार को केस दर्ज कर लिया गया। कटघर थाना क्षेत्र के एकता विहार निवासी कासिम हुसैन हाशमी ने बताया कि नागफनी के नवाबपुरा निवासी युवती मार्या बुसुर ने अगवानपुर स्थित 350 वर्ग मीटर प्लॉट को बेचने के लिए 85 लाख रुपये में सौदा तय किया था।

## मार्च 2026 तक देश से पूरी तरह खत्म हो जाएगा नक्सलवाद : अमित शाह

एजेंसी

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर में समीक्षा बैठक के बाद शनिवार देर शाम पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर एक मजबूत रणनीति के साथ रुथलेस रणनीति से अंतिम प्रहार किया जाए। वामपंथी उग्रवाद लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चैलेंज है।

अमित शाह ने कहा कि हमारी लड़ाई अंतिम चरण पर पहुंच चुकी है। देश को हम 2026 तक पूरी तरह से नक्सल समस्या से मुक्त कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि नक्सली प्रभावित जिलों में भारत सरकार और छत्तीसगढ़



सरकार की सभी योजना को लेकर बैठक में अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि नक्सली प्रवाहित क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर के जो प्रोजेक्ट है उनकी प्रगति और उसके रास्ते में आने वाली अड़चनों को दूर करने के लिए बैठक में समीक्षा की गई है। उन्होंने वामपंथी उग्रवाद को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा चैलेंज बताया और कहा कि भारत सरकार, बस्तर से बीजापुर और दंतेवाड़ा से लेकर धमतरी तक विकास के लिए कटिबंध है। अमित शाह ने बताया कि छत्तीसगढ़ की बहुत पुरानी नक्सलवाद की समस्या और नक्सल प्रभावित जिलों में भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की योजना का सैचुरेशन, विकास योजनाओं की प्रगति और सामने आ रही अड़चनों पर बैठक ली है। छत्तीसगढ़ की नक्सल समस्या को ख़त्म करने पड़ोसी राज्यों का समन्वय जरूरी है। नक्सलवाद के खिलाफ रूथलेस रणनीति के साथ अंतिम प्रहार करने का वक्त आ गया है। हमारा मानना है कि वामपंथी उग्रवाद देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले चालीस सालों में इससे करीब 17 हजार लोगों की जान गई है। जब से केंद्र में मोदी सरकार बनी इस समस्या को चैलेंज के रूप में स्वीकार किया।

**तैयारी** | आईटी व आईटीईएस क्षेत्र के लिए लैंड बैंक बनाने और आईटी सिटी व आईटी पार्कों का किया जाएगा विकास

## यूपी को ग्लोबल आईटी हब का ब्रांड बनाने की तैयारी में योगी सरकार

**गौतमबुद्ध नगर, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी व प्रयागराज को आईटी सिटी के रूप में किया जाएगा विकसित**

विकास तिवारी

**लखनऊ।** यूपी को प्रत्येक सेक्टर में ब्रांड के तौर पर प्रोजेक्ट कर रही योगी सरकार अब प्रदेश को ग्लोबल आईटी हब का भी एक ब्रांड बनाने की तैयारी में जुट गई है। सूबे के पांच जनपदों को आईटी और आईटीईएस सेक्टर से जुड़े उद्योग के लिए मुफीद बनाने का संकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया है। इसके अंतर्गत प्रदेश के पांच शहर, गौतमबुद्ध नगर, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी



और प्रयागराज को आईटी सिटी के रूप में डेवलप किया जाना है।

इसमें भी गौतमबुद्ध नगर को आईटी और आईटीईएस का हब, लखनऊ को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का हब, कानपुर को ड्रोन और रोबोटिक्स तथा वाराणसी और प्रयागराज को इंजीनियरिंग रिसर्च एंड डेवलपमेंट (ईआर एंड डी) के सेंटर के हब के रूप में डेवलप किया जाना है।

योगी सरकार अगले तीन साल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में सरकार का जोर प्रदेश को आईटी और आईटीईएस सेक्टर में भी बुलंदियों पर ले जाने पर है। राज्य में रोजगार क्षमता बढ़ाने और उच्च वेतन वाली नौकरियां पैदा करने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों में कौशल विकास करना इसमें शामिल है। इसके साथ ही आईटी और आईटीईएस क्षेत्र के लिए भूमि बैंक बनाना और आईटी सिटी एवं आईटी पार्कों के विकास के लिए बुनियादी ढांचे का संवर्धन करना भी सरकार के महत्वपूर्ण उद्देश्यों में से एक है।

**सरकार आईटी क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने पर कर रही विचार**

योगी सरकार प्रदेश को आईटी हब के ब्रांड के रूप में डेवलप करने के लिए जल्द ही राज्य स्तरीय आईटी और आईटीईएस सलाहकार समिति का भी गठन कर सकती है। इसमें इस सेक्टर के उद्योग और अकादमिक स्टेक होल्डर्स के साथ जुड़कर इस सेक्टर को प्रदेश में बढ़ावा देने के लिए उपाय और रणनीतियां तैयार करने में मदद मिलेगी। वहीं सरकार आईटी क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने पर भी विचार कर रही है। जिससे आईटी इकाइयों को औद्योगिक टैरिफ पर बिजली उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा एआई, ड्रोन उद्योग से जुड़े निवेशकों और गल्फ कॉर्पोरेशन्स काउंसिल के निवेशकों को भी प्रदेश के आईटी सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षित करने की रणनीति बनाई जा रही है। साथ ही प्रदेश में प्रौद्योगिकी से जुड़े सम्मेलनों के जरिए आईटी हब के रूप में डेवलप किये जाने वाले यूपी शहरों की ब्रांडिंग पर भी विचार हो रहा है।

# एडीएम ने लिया परीक्षा केन्द्रों का जायजा

## 6465 ने दी पुलिस भर्ती परीक्षा 3327 रहे गैरहाजिर, कड़ी सुरक्षा में 15 केंद्रों पर कराई गई परीक्षा



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन 15 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई। दोनों पालियों में 9792 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3327 गैरहाजिर रहे। केंद्रों पर सुबह से ही कतार लगाकर परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर, बायोमीट्रिक व फोटोस्कैन के बाद प्रवेश कराया गया।।

परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करती रहीं। पुलिस की खुफिया सेल सोशल मीडिया से लेकर तमाम गतिविधियों की निगरानी करती रही। अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्र राजकीय पॉलिटेक्निक, इस्लामिया इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, कृषक समाज इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज और स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज का जायजा लिया। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराये।

हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट व इंस्पेक्टर की अगुवाई में भारी पुलिस बल व महिला सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में मेटल डिटेक्टर, फोटो स्कैनर, बायोमीट्रिक सत्यापन के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश कराया गया। परीक्षा संपन्न होने के बाद सभी ओएमआर शीट जमा कराने के बाद परीक्षार्थियों को केंद्र से बाहर जाने की अनुमति दी गई।

दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। बताते चले कि जनपद के 15 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 4896 के सापेक्ष पहली पाली में 3220 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1676 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 3245 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1651 ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

## बुजुर्ग महिला से बाइक सवार उचक्कों ने छीनी सोने की चैन

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र की संकटा देवी चौकी क्षेत्र में अपराधी बेलगाम हैं। शनिवार की सुबह सिंचाई विभाग नहर रोड पर 132 केवीए पावर हाउस के पास बाइक सवार उचक्कों ने एक बुजुर्ग महिला से उसके गले में पड़ी सोने की चेन छीनी ली। इस सड़क पर यह पहली वारदात नहीं है। अभी दो-चार दिन पूर्व ही एक और महिला से इसी तरह के बाइक सवारों ने चेंन छीनी थी। पीड़ित महिला के बेटे मोंटी तिवारी ने बताया कि उनकी माता जी सुबह टहलने गईं थीं, इसी दौरान पावर हाउस के गेट पर बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए और पीछे से उनके गले में पड़ी चेन छीनकर वहां से भाग गए। माताजी ने जब शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे परंतु तब तक उचक्के वहां से भाग चुके थे।



## बस व ट्रक के बीच हुई टक्कर, तीन घायल

**ईसानगर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र में शनिवार की दोपहर नेशनल हाईवे पर रोडवेज अनुबंधित बस व ट्रक के बीच हुई टक्कर में तीन लोग घायल हुए थे। घटना की सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ओयल भेज दिया था। जहां इलाज के दौरान घायल विजय शर्मा (45) पुत्र परमेश्वर शर्मा निवासी राजापुर लखीमपुर खीरी की मौत हो गई और बस चालक को गंभीर हालत के चलते लखनऊ रेफर किया गया है। परिजनों के मुताबिक मृतक कस्बा खमरिया स्थित गोविंद शुगर मिल में ड्यूटी करने के लिए अपने घर से बस पर सवार होकर खमरिया जा रहा था जहां जसवंतनगर के निकट बस हादसे का शिकार हो गई। वहीं विजय शर्मा की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी के आधार कार्ड में अंकित नाम मोहसिन खां आयु लगभग 29 वर्ष पुत्र मोहम्मद जमाल निवासी-1/889, सेक्टर जे, जानकीपुरम लखनऊ है जिसे शपथी ने बदल दिया है और शपथी भविष्य में अपने नये नाम राहुल मिश्रा पुत्र सन्तोष कुमार निवासी-1/889 सेक्टर जे, जानकीपुरम लखनऊ से जाना व पहचाना जाता है।

यह कि शपथी को आपके अधीनस्त कार्यालय के समस्त नियम व शर्ते मान्य है।

**शपथी**
**मोहसिन खां पुत्र मोहम्मद जमाल**
**निवासी-1/889, सेक्टर जे,**
**जानकीपुरम लखनऊ।**

### सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में लिपिकीय त्रुटिवश मेरा नाम BHAGWATI DEVI व जन्मतिथि 01.07.1945 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम BHAGOTI व जन्मतिथि 01.07.1940 है। BHAGOTI M/O Army No-3001526F, Rank Hav Krishan Kumar, 21 Rajput R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill Dhindor, Post Tasingh, Teh. Behror, Distt. Alwar Rajasthan, Pin-301701.

### सूचना

पिता के सैन्य दस्तावेज में लिपिकीय त्रुटिवश मेरा नाम ANITA KUMARI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम ANITA है। ANITA D/O Army No-3001526F, Rank Hav Krishan Kumar, 21 Rajput R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill Dhindor, Post Tasingh, Teh. Behror, Distt. Alwar Rajasthan, Pin-301701,


# स्कूल में ताला लगा देख सीडीओ हैरान, कार्यवाही के दिए निर्देश

- विद्यालय निरीक्षण में न अध्यापक और न ही मिला कोई छात्र
- सीडीओ के सामने पुस्तक तक नहीं पढ़ पाए बच्चे



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सीडीओ अभिषेक कुमार द्वारा परिषदीय स्कूलों के औचक निरीक्षण में कई खामियां मिली। कक्षा में अधिकांश बच्चे पुस्तक तक नहीं पढ़ पाए। बच्चों की संख्या भी कम मिली। इस पर नाराज हुए सीडीओ ने सभी खामियों को दुरूस्त करने के साथ ही अध्यापकों को कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने के सख्त निर्देश देते हुए चेतावनी दी। स्कूल टाइमिंग में यूपीएस ऐरा में ताला लटकता मिला। सीडीओ ने पूरे स्टाफ पर कार्यवाही के लिए बीएसए को निर्देशित किया।

निरीक्षण के समय बीडीओ ईसानगर नीरज दुबे, डीपीआरओ विशाल सिंह व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सीडीओ ने अपरान्ह 01 बजे यूपीएस ऐरा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के वक्त विद्यालय में न ही अध्यापक और न ही कोई छात्र मिला। विद्यालय में फैली गन्दगी को देख परिसर की नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए।

विद्यालय के समय के पूर्व ही ताला लगा मिला, जिसपर बीएसए को तत्काल संबंधित विद्यालय के स्टॉफ के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद सीडीओ ने पीएस बसढ़िया का निरीक्षण किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि एक अध्यापक व एक शिक्षामित्र ट्रेनिंग पर गये हुये हैं। साथ ही अन्य स्टॉफ उपस्थित मिला।

विद्यालय में 110 बच्चों के नामांकन के सापेक्ष कम उपस्थिति को बढ़ाये जाने, बच्चों द्वारा हिन्दी की किताब न पढ़ पाने पर शिक्षा की दयनीय स्थिति पर चिन्ता व्यक्त की। साथ ही इसमें बेहतर सुधार के प्रयास करने के निर्देश दिए। स्कूल में बने शौचालय में पानी नहीं आ रहा था साथ ही उसका इस्तेमाल नहीं किये जाने पर सख्ती दिखाते हुए उसमें पानी की समुचित व्यवस्था कर उसका इस्तेमाल किए जाने के निर्देश दिए।

### पंचायत भवन में मिली अव्यवस्थाएं, लगाई फटकार

सीडीओ अभिषेक कुमार ने ब्लॉक ईसानगर के ग्राम पंचायत ऐरा के पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पंचायत भवन में मिली अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए बीडीओ से इन्हें तत्काल सही कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण में सीडीओ को पंचायत भवन में सुरक्षा की दृष्टि से लगे सीसीटीवी कैमरे बन्द मिले। साथ ही साथ कम्प्यूटर तथा इंक न होने के कारण प्रिंटर भी बन्द मिले। जिन्हें तत्काल सही कराये जाने के आदेश दिए। मौके पर एक भी रजिस्टर मौजूद नहीं थे तथा परिवार रजिस्टर मांगने पर ब्लॉक में रखे होने की बात कही गयी। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी प्राप्त की तो कुछ भी उपलब्ध नहीं था। पंचायत भवन के परिसर में बने दोनों ही शौचालय भी बन्द मिले, जिसे खुलवाकर क्रियाशील कराने के निर्देश दिए। पंचायत भवन पर फैली अव्यवस्थाओं पर फटकार लगाई। जल्द ही जल्द जरूरी रजिस्टर व फाइले को विविधत् बनवाकर सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाये साथ ही पंचायत भवन की नियमित रूप से साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिए।

## दबाव में अनुचित काम न करने पर सचिव के विरुद्ध लामबंदी

**लखीमपुर खीरी।** विकासखंड पलिया के एक ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर खबरें प्रकाशित की जा रही हैं जिसकी पड़ताल करने पर प्रकाश में आया की सचिव का विरोध ब्लॉक से होने वाले वाले कई प्रकार के ठेको व जबरन आर्थिक शोषण के मंसूबे पुरे ना होने पर ग्राम विकास अधिकारी की छवि खराब करने का षड्यंत्र रचा गया था जो कि बे बुनियाद व निराधार था। हालांकि मामले पर ग्राम विकास अधिकारी ने बताया की उनसे कुछ लोग जबरन ठेके लेने व कई अन्य मदों में अनुचित लाभ लेने के लिए दबाव डाल रहे थे किंतु नियम विरुद्ध कार्य न करने पर सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ लामबंदी की गई मामले पर डी डी ओ लखीमपुर से बात हुई तो उन्होंने बताया की प्रथम दृष्टया अभी तक सचिव पर लगाए गए सभी आरोप निराधार है। जांच कराई जा रही है।

### रसायन विज्ञान प्रवक्ता को मिली शोध उपाधि

**गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी।** जेपी इंटर कॉलेज मोहम्मदी खीरी के रसायन विज्ञान प्रवक्ता आशीष मिश्रा को एंटीमाइक्रोबॉयल एक्टिविटी एंड क्वालिटेटिव स्टडीज आन एसेंशियल ऑयल आफ सर्टेन मेडिसिनल प्लांट पर शोध उपाधि महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय बरेली से प्राप्त हुई। आशीष ने अपना शोध कार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खान जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर के निर्देशन में किया था।


### कार्यालय ग्राम पंचायत बेग विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 5वां वित्त/मनरेगा/सीएससी योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 24/08/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/मनरेगा/सीएससी योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेग द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25/08/2024 से 31/08/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 31/08/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम पंचायत बेग में सीएससी निर्माण कार्य | 5.30 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 2 माह |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (रमेश सिंह)** **ग्रा0पं0 बेग, नवाबगंज** **सचिव (प्रमोद शुक्ला)**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

**पत्रांकः-627/ न0पा0 परि0का0/2024-25** **दिनांक 23/08/2024**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहित कुमार गंगवार, मीना देवी, सुमित कुमार गंगवार पुत्र/पत्नी स्व0 जितेन्द्र सिंह निवासी मोहल्ला रेलवे रोड ने पंजीकृत विक्रय/ वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 192 मोहल्ला रेलवे रोड कायमगंज पर श्री जितेन्द्र सिंह पुत्र बेचेलाल के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्याकल में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

**पत्रांकः-629/ न0पा0 परि0का0/2024-25** **दिनांक 23/08/2024**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमरनाथ शुक्ला पुत्र कालेश्वर दयाल निवासी मोहल्ला नुनहाई ने विरासतन के आधार पर भवन संख्या 96 मोहल्ला नुनहाई कायमगंज पर श्री अमरनाथ शुक्ला पुत्र कालेश्वर दयाल के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्याकल में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**


# लापता युवक का शव गन्ने के खेत से हुआ बरामद

## चौकी प्रभारी संसारपुर बोले 22 अगस्त को मृतक के पिता नंदकिशोर ने गुमशुदगी की दर्ज कराई गई थी रिपोर्ट





**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना मैलानी के चौकी क्षेत्र ग्राम रामपुर डाटपुर, में 5 दिन से लापता युवक का गन्ने के खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला शव। गन्ने के खेत में शव मिलने की घटना से हड़कंप मच गया घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

मृतक 24 वर्षीय सोनू राज पुत्र नन्दराम घर से विना बताए नाराज होकर 5 दिन पूर्व 20/08/2024 को चला गया था जिसकी गुमशुदा होने की रिपोर्ट 22/8/2024 मृतक के पिता नंदराम ने थाना मैलानी में दर्ज कराई थी। वही इस मामले में मृतक की मां ने बताया कि मेरे पुत्र सोनू व पत्नी मनीषा में आपस झगड़ा हुआ था जिसके कारण मेरे पुत्र ने आत्महत्या की है और मृतक की पत्नी मनीषा ने मृतक के घर वालों पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे पति का घर में झगड़ा हुआ था जिस वजह से आहत होकर उन्होंने आत्महत्या की है। मृतक सोनू की एक छोटी बच्ची भी है। वही इस मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राजेश सिंह व संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर, हेड कांस्टेबल राजेश यादव, कांस्टेबल विकास कुमार आदि पुलिस फोर्स ने स्थिति को काबू में करते हुए ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर खीरी भेज दिया है। चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर ने बताया 22 अगस्त को मृतक के पिता नंदकिशोर द्वारा गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी वही गुमशुदा का शव गन्ने के खेत में मिला है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों की जानकारी होगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मैलानी थाना प्रभारी राजेश सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की, लोगों के बयान दर्ज किए।

# टायर फटने से ट्रक से टकराई रोडवेज बस, तीन घायल



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना खमरिया क्षेत्र मे यशवंत नगर के पास बहराइच रोड पर रोडवेज बस जो लखनऊ से खमरिया जा रही थी, तेज रफ्तार रोडवेज बस का टायर फटने से अनियंत्रित होकर बहराइच की तरफ से आ रहे ट्रक से टकरा गई जिसमे रोड़वेज ड्राइवर रविन्द्र कुमार उम्र करीब 45 वर्ष व एक सवारी विजय शर्मा कर्मचारी खमरिया चीनी मिल उम्र करीब 43 वर्ष को गम्भीर चोट लग गई। घटना की सूचना पर पहुंची थाना खमरिया पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए खून से लथपथ घायलों को अपने हाथों में उठाकर एम्बुलेंस की सहायता से ओयल अस्पताल भेजा वहीं पुलिस द्वारा दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया गया है। इस घटना में जिन लोगों को गंभीर चोटें आई है उन्हें उपचार के लिए भेजा गया है दोनों वाहन कब्जे में ले लिए गए हैं कार्यवाही की जा रही है।

### स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**बिजुआ खीरी।** बुखार का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है जिसको ध्यान में रखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया डॉ भरत सिंह के नेतृत्व में एनपीएनसीडी आयुष टीम की तरफ से एक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम ढाका में किया गया। शिविर में लगभग 80 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, लगभग 8 मरीजों की मलेरिया की जांच की गई। एनपीएससीडी प्रोग्राम के तहत 25 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें दो मरीज उच्च रक्तचाप के मिले जिन्हें दवाएं दे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया बुलाया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ नसीम खान ने बुखार की रोकथाम के लिए घरों में साफ सफाई,कूलर,गमले, टायर आदि में पानी न जमा करने की अपील की बुखार आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर दिखाने को कहा।


### तलाश गस्ती



**गुमशुदा का नाम**- रानी देवी
**पति का नाम**- श्री बिन्दादीन प्रजापति
**पता**- ग्राम ईंटकुटी
**थाना**- हरचन्दपुर जनपद, रायबरेली
**मु.अ.सं.**- सी 364/23
**धारा**- 366/504/506 भा.द.वि.
**गुमशुदा होने का दिनांक**- 15.06.23 समय अ.त.
**उम्र**- लगभग 40 वर्ष
**हुलिया**- रंग-गेहुंआ,चेहरा,-गोल, सामान्य शरीर, आँख, नाक, कान, औसत लम्बाई, लगभग 05 फुट 05 इंट
**पहनावा**- साड़ी पहनी है।
**विवरण**- श्री बिन्दादीन प्रजापति पुत्र श्री रामेश्वर प्रजापति निवासी ग्राम ईंटकुटी थाना हरचन्दपुर जिला रायबरेली मो.न. 7518637142

अतः अनुरोध है कि गुमशुदा के सम्बन्ध में कोई सूचना मिलने पर थाना स्थानीय को एवं निम्नलिखित नं. पर सूचित करने का कष्ट करें।

**सम्पर्क सूचना**-
1. श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय महराजगंज रायबरेली-9454401515
2. थानाध्यक्ष थाना हरचन्दपुर जनपद रायबरेली- 9454404132
3. जांचकर्ता उ.नि. श्री उपेन्द्र सिंह भदौरिया थाना हरचन्दपुर जनपद रायबरेली मो.नं. 9415503376


## पेड़ से लटका मिला नव विवाहिता का शव

**ईसानगर खीरी।** थाना ईसानगर क्षेत्र के एक गांव में एक दिन पूर्व घर से निकली नव विवाहिता का शव गांव के पश्चिम खेत में लगे नीम के पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। शव मिलने की सूचना परिजनों द्वारा ईसानगर पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची ईसानगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। थाना क्षेत्र के मंगलदीन पुरवा निवासी छोटू की 21 वर्षीय पत्नी मंजू देवी का शव शनिवार की सुबह मंगलदीन पुरवा निवासी लालजी के खेत मे लगे नीम के पेंड़ से लटका हुआ पाया गया। परिजनों के मुताबिक मंजू शुक्रवार की शाम अज्ञात कारणों के चलते घर से कही चली गयी थी। जिसकी खोजबीन करने पर कहीं पता नही चल सका।

# 19 वें दिन भी उप जिलाधिकारी न्यायालय का बहिष्कार करते हुए वकीलों की जारी रही हड़ताल



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील बार एसोसिएशन तहसील मितौली सम्बद्ध बार कार्उंसिल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अध्यक्ष सत्य प्रकाश मित्र एडवोकेट की अध्यक्षता में 19 वें दिन भी उप जिलाधिकारी न्यायालय का बहिष्कार करते हुए हड़ताल जारी रही।

तहसील बार एसोसिएशन मितौली के अध्यक्ष सत्य प्रकाश मिश्र एडवोकेट व महामंत्री दिवाकर नाथ श्रीवास्तव एडवोकेट के नेतृत्व में 2 अगस्त से उप जिलाधिकारी के विरुद्ध उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह की धारा 38 (1) की वर्ष 2022, 2023, 2024 की पत्रावलियों का निस्तारण न करने के कारण उप जिलाधिकारी न्यायलय का बहिष्कार 2- 8- 2024 से चल रहा है। इसी के मध्य 21- 8- 2024 को जिलाधिकारी खीरी से शिष्टमंडल मिला और आश्वासन दिया गया था कि शिकायतों का शीघ्र निस्तारण हो जाएगा। किंतु अभी तक एक भी शिकायतों का निस्तारण नहीं किया गया है, इसलिए तहसील के समस्त अधिवक्ताओं द्वारा एक आवश्यक बैठक कर निर्णय लिया गया एक सप्ताह के अंदर पत्रावलियों का निस्तारण नहीं किया जाता है तो आंदोलन और तेज कर तहसील के समस्त न्यायालय का कार्य बहिष्कार किया जाएगा। जिसका समस्त दायित्व उप जिलाधिकारी का होगा इस अवसर पर तहसील के समस्त अधिवक्ता मौजूद है।

# सीए ने टैक्स ऑडिट एमएसएमई सब्सिडी स्कीम के बारे में की चर्चा

- लखीमपुर मे बहुत जल्दी ही आईसीएआई के चैप्टर की भी स्थापना की जाएगी: सीए विजय गुप्ता



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शहर के डी सी रोड स्थित होटल कम्फर्ट इन में चार्टर्ड अकाउंटेंट के सीपीई स्टडी चैप्टर ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई का उद्घाटन लखीमपुर के सबसे के वरिष्ठ सदस्य सी ए मंगत राम तलवार ने किया।

रीजनल सीपीई कमेटी के अध्यक्ष सीए अतुल मेहरोत्रा (कानपुर) ने सीए विजय गुप्ता,सीए अमित गुप्ता,सीए नवनीत अजमानी के साथ दीप प्रज्वलित कर व माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में सीपीई सेमिनार आयोजित किया गया।

ये केंद्र लेखांकन क्षेत्र में अनुसंधान की सुविधा प्रदान करेंगे और इसका उपयोग सदस्यों और छात्रों के कौशल और पुनः कौशल के लिए भी किया जाएगा। कार्यक्रम मे सीए पुलकित मेहरोत्रा ने टैक्स ऑडिट इश्यूज व सीए रोशन अग्रवाल ने एमएसएमई सब्सिडी स्कीम के बारे मे विस्तृत चर्चा की गयी। जिसकी अध्यक्षता क्रमश सीए यू बी अवस्थी एव सीए अनुराग तिवारी ने की। कार्यक्रम में सीए विजय गुप्ता व सीए अमित गुप्ता ने बताया की सीपीई स्टडी चैप्टर ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई का लखीमपुर मे खुलने से लखीमपुर , सीतापुर व अन्य पड़ोसी जिलों के सीए को अब लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा जिस से उनका समय की बहुमूल्य बचत होगी।

इसके साथ ही सीए विजय गुप्ता ने बताया की लखीमपुर मे बहुत जल्दी ही आईसीएआई के चैप्टर की भी स्थापना की जाएगी जिससे भविष्य मे सीए के छात्रों को भी यही सारी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम का संचालन सीए ईशा अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे सीए सोमेश बरतरिया, सीए महेंद्र बाजपेई, सीए छैल बिहारी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।


### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जोन-3 जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

**पत्रांक-941/ई.ई.-3/जीएल-7/24-25** **दिनांक- 24.08.2024**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 31.08.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 31.08.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./ सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक,जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अयोध्यादास प्रथम वार्ड के अर्न्तगत 03 स्थानों पर समरसेबिल मरम्मत कार्य। | 2300.00 | 200 | 07 दिवस |
| | 1. अयोध्यादास प्रथम वार्ड सरवर मैदान म.न. 473/74 | | | |
| | 2. अयोध्यादास प्रथम वार्ड में शेखू भाई के घर के पास म.न. 538/95 | | | |
| | 3. अयोध्यादास प्रथम वार्ड कादिर चच्चा घोशी के घर के पास भ.स.473/3/58घ | | | |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त**- 1. निविदादाता का सेल टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग,**
**नगर निगम, लखनऊ**

# बैजनाथ रावत बने उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष

**कई और नेताओं का भी एससी एसटी आयोग में हुआ मनोनयन**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार ने उपचुनाव से पहले अनसूचित जाति और जनजाति के आयोग का गठन कर दिया है। 2017 में बाराबंकी से विधायक रहे बैजनाथ रावत उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के अध्यक्ष बनाए गए हैं।

वहीं गोरखपुर से पूर्व विधायक बेचन राम और सोनभद्र से जीत सिंह खरवार को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। आयोग में एक अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष के साथ 9 सदस्यों के नाम की घोषणा की गई है। जिन 9 सदस्यों को आयोग में जिम्मेदारी दी गई है उनमें हरेंद्र जाटव, महिपाल वाल्मिकी, संजय सिंह, दिनेश भारत, शिव नारायण सोनकर, नीरज गौतम, रमेश कुमार तूफानी, नरेंद्र सिंह खजूरी और तीजाराम शामिल हैं।आयोग के अध्यक्ष बनाए गए बैजनाथ रावत का राजनीति से पुराना नाता है।उन्होंने विधायक से लेकर सांसद तक की जिम्मेदारी संभाली है।बैजनाथ रावत बाराबंकी के हैदरगढ़ के पास भूलभुलिया गांव के रहने वाले हैं। वे 2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने हैदरगढ़ सीट से टिकट दिया था, जिसके बाद रावत ने चुनाव में भारी मतों के साथ जीत हासिल की थी और सपा के दो बार के विधायक राम मगन को करीब 33 हजार वोटों से मात दी थी।कल्याण सिंह सरकार में ऊर्जा राज्यमंत्री भी रहे हैं। बैजनाथ रावत तीन बार विधायक रह चुके हैं और एक बार 1998 में बाराबंकी से सांसद भी चुने गए थे। बैजनाथ रावत के सियासी सफर में मोड़ तक आया जब 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव में उनका टिकट कट गया था, जिससे रावत पार्टी से काफी नाराज हुए थे।

# उत्तर प्रदेश में वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का टोटा, कई पद खाली

**एसीएस-प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के एक-तिहाई पद खाली**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की कमी है। अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के करीब एक तिहाई पद खाली हैं।

उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक आईएएस अधिकारियों का राज्य का कोटा पूरा करने के लिए कई बार केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया लेकिन समाधान नहीं हुआ है। अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव स्तर के कई आईएएस अधिकारियों के पास एक से ज्यादा विभागों का चार्ज है। यूपी में अपर मुख्य सचिव स्तर के 16 पद हैं जिनके सापेक्ष 11 अधिकारी ही उपलब्ध हैं। इनमें भी अपर मुख्य सचिव डॉ. रजनीश दुबे इसी महीने अगस्त में और नितिन रमेश गोकर्ण सितंबर में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

तीसरे अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल के शीघ्र ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की संभावना है, क्योंकि उनके केंद्र में जाने के लिए यूपी सरकार ने एनओसी दे दी है। यूपी में प्रमुख सचिव स्तर के 36 पद स्वीकृत हैं। इनके सापेक्ष 29 अधिकारी उपलब्ध हैं।

सचिव स्तर के 96 पदों के सापेक्ष 58 अफसर हैं। अपर मुख्य सचिव, सचिव और सचिव स्तर के 148 पद स्वीकृत हैं। इनके मुकाबले 98 अधिकारी ही उपलब्ध हैं।कनिष्ठ स्तर के आईएएस अधिकारियों की संख्या भी शामिल कर लें तो यूपी कैडर के 652 आईएएस अधिकारी होने चाहिए, लेकिन वर्तमान में 560 अधिकारी ही हैं। इनमें 2022 बैच के 14 और 2023 बैच के 16 अधिकारी भी शामिल हैं।




**स्वीकृत संख्या के मुकाबले 92 अधिकारियों की कमी**

कुल स्वीकृत संख्या के मुकाबले 92 अधिकारियों की कमी है। अधिकारी बताते हैं कि 1990 से 2005 तक यूपी को बहुत ही कम आईएएस अफसर दिए गए। इसके चलते इस कैडर के वरिष्ठ अधिकारियों की कमी हो गई है। 1991 में पांच, 1992 में दो, 1993 में तीन, 1994 में चार, 1997 में पांच, 1998 में सात, 1999 में छह, 2001 में चार, 2002 में छह और वर्ष 2005 में पांच आईएएस अधिकारियों को ही यूपी कैडर अलाट किया गया। 2011 से इसमें सुधार हुआ और यूपी को औसत 16-20 अधिकारी मिलने लगे। अफसरों की कमी के चलते यूपी कैडर के अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कम हैं। नियमानुसार इनकी संख्या 141 होनी चाहिए, जो 25-30 है।

## खबरें एक नजर में

**जोनल अधिकारी से भिड़े लोग, अतिक्रमण हटाने पहुंची थी टीम**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में अवैध निर्माण हटाने गई नगर निगम टीम का विरोध हो गया। नगर निगम जोन दो की टीम शनिवार को चौक स्थित चरक चौराहे के पास पहुंची थी। यहां कुछ लोगों ने स्थायी निर्माण कर लिया था। अवैध तरीके से किए गए इस निर्माण के खिलाफटीम बुलडोजर लेकर पहुंची थी। जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में चले अभियान करीब 30 मिनट तक नगर निगम टीम का विरोध होते रहा। यहां तक की कुछ लोग नगर निगम का लाउड स्पीकर भी छीनने लगे। एक व्यक्ति नगर निगम के बुलडोजर के सामने आ गया। लोगों का कहना था कि निर्माण अवैध नहीं है। इस दौरान लोगों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। जोनल अधिकारी शिल्पा ने बताया कि काफी समय से शिकायत आ रही थी। ऐसे में स्थानीय पुलिस और नगर निगम प्रवर्तन दल की टीम के साथ मिलकर अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में यह अभियान चला था।

**मीडिया का देश की प्रगति और मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उद्यान भवन के सभागार में एक संगोष्ठी के दौरान मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस संगोष्ठी का आयोजन पत्रकार एसोसिएशन द्वारा किया गया था, जिसमें एक पत्रिका विमोचन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसका देश की प्रगति और मजबूती में अभूतपूर्व योगदान है। वर्तमान केंद्र और राज्य सरकारें अभिव्यक्ति के अवसरों को अत्यधिक महत्व देती हैं और यह मीडिया के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उद्यानमंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा देश और प्रदेश की सेवा के प्रति समर्पण को निष्पक्षता से जनता के सामने रखें। उन्होंने मीडिया से अपेक्षा की कि वे सरकारों द्वारा जनता के लिए चलाई जा रही योजनाओं को ईमानदारी और निष्ठा के साथ जन-जन तक पहुंचाएं।

**नशे में धुत ई रिक्शा मालिक ने ससुर-बहू को पीटा, केस**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी गांव निवासी कल्लू ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते शुक्रवार को गांव में रहने वाले शराब के नशे में धुत लालू कृष्ण त्रिवेदी ने उसके घर के सामने अपना ई रिक्शा खड़ा कर दिया जब उसने हटाने की बात कही तो आग बबूला हो गये ओर गाली-गालौज करते हुये डंडे से बुरी तरह पिटाई कर ईट से वार कर सिर फोड़ दिया। चीख-पुकार सुनकर घर के अंदर से बहू पूनम बचाने आयी तो उसकी भी पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला। घायल अवस्था में कल्लू व उसकी बहू पूनम को परिजन इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरूद्व मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी हैं।

**सीमेंट व्यापारियों ने जीएसटी, बिलिंग की समस्याएं बताई**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सीमेंट व्यापार संघ के प्रतिनिधियों ने सीमेंट कंपनियों के उच्चाधिकारियों से मिलकर जीएसटी में आ रही समस्याओं को दूर करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कंपनी के अफसरों को अवगत कराया कि पुराने समय से नेट बिलिंग की मांग की जा रही है। कंपनियों की डिस्काउंट स्ट्रक्चर बिलिंग के कारण बिलिंग रेट से बिक्री काफी कम रेट पर हो रही है। इस वजह से जीएसटी विभाग से डीलरों को लगातार नोटिस प्राप्त हो रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कंपनियों से डेविड नोट और क्रेडिट नोट डीलरों को पूरी तरह से नहीं मिल रहे हैं और न ही ये पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे हैं। इससे जीएसटी विभाग की ओर से डीलरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस मुद्दे को लेकर एसीसी और बिरला कार्पोरेशन जैसी बड़ी कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ साझा किया। इन मांगों को एमडी तक भेजने का आग्रह किया गया।

**स्कूल में मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी, राधा-कृष्ण के वेश में पहुंचे बच्चे**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जन्माष्टमी पर मोहनलालगंज के परिषदीय स्कूलों में विशेष उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा के रूप धारण किए। इस उत्सव का मुख्य आयोजन मोहनलालगंज के कुशभिटा प्राइमरी स्कूल में हुआ, जहाँ बच्चों को कृष्ण और राधा के रूप में सजाया गया। स्कूल के शिक्षकों ने इस कार्यक्रम की तैयारी में विशेष ध्यान दिया, जिससे बच्चे उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा ले सके। बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर न केवल कृष्ण और राधा के रूप में सुंदरता का प्रदर्शन किया, बल्कि उन्होंने विभिन्न भक्ति गीतों पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। बच्चों के इस अद्वितीय प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। अध्यापकों ने इस अवसर पर बच्चों के साथ मिलकर जन्माष्टमी के महत्व पर चर्चा की और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी कहानियों को साझा किया।

**सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन महकमा और राज्य गम्भीर**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य सरकार सड़क हादसों पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को लेकर काफी गम्भीर है। मुख्यमंत्री खुद कई बार इस मुद्दे पर दिशा निर्देश दे चुके हैं। परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह भी बराबर इस दिशा में अलर्ट करते रहते हैं। परिवहन मंत्री दया शंकर के मार्गदर्शन व निर्देशन में विभाग के समक्ष सड़क सुरक्षा की चुनौती को प्रभावी ढंग से पूर्ण करने हेतु 75 एआरटीओ एवं 351 एएमवीआई के पदों की माँग पर मुख्य मंत्री द्वारा मीटिंग में दी गयी स्वीकृति पर आज एसीएस वित्त दीपक कुमार के समक्ष अपर मुख्य सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह एवं अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्प सेन सत्यार्थी ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। वित्त विभाग द्वारा 351 एएमवीआई के पदों पर तथा एआरटीओ सड़क सुरक्षा के दो चरणों में प्रथम चरण में 50 पदों का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को रफ्तार दे रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

# सोलर पार्क से रोशन हो रहा है उत्तर प्रदेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बिजली की बढ़ती खपत और इसकी बढ़ी हुई कीमतों से उत्तर प्रदेश के नागरिकों को राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके विकल्प के रूप में सौर ऊर्जा को प्रमोट कर रहे हैं। सौर ऊर्जा को लेकर पूरे प्रदेश में कई बड़ी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इन्हीं परियोजनाओं में सोलर पार्क भी शामिल है। कुल 9 सोलर पार्कों को क्रियाशील किया जा रहा है, जिनकी कुल क्षमता 3710 मेगावाट है। इनमें से 435 मेगावाट के 3 सोलर पार्क कमीशंड भी हो चुके हैं, जबकि शेष 6 सोलर पार्कों को जल्द कमीशंड किए जाने के लिए बिड की प्रक्रिया जारी है। सभी 9 सोलर पार्कों के लिए जमीन आवंटन की कार्यवाही पूरी कर ली गई है।

सीएम योगी के मार्गदर्शन में बुंदेलखंड के 4 शहरों (झांसी, ललितपुर, चित्रकूट और जालौन) के अतिरिक्त कानपुर नगर, कानपुर देहात, मिर्जापुर और प्रयागराज जैसे शहरों में सोलर पार्क बनाए गए हैं। इनमें बुंदेलखंड और कानपुर नगर व कानपुर देहात में निर्माणाधीन सोलर पार्कों के लिए बिडिंग का कार्य जारी है। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के निदेशक अनुपम कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विशेष रूप से सोलर पार्कों की स्थापना के लिए बड़े पैमाने पर निवेश प्राप्त हुआ है। इसके तहत 9 सोलर पार्कों को विकसित किया जा रहा है। इसमें 365 मेगावाट क्षमता और 65 मेगावाट क्षमता वाले कुल 435 मेगावाट के सोलर पार्क कमीशन किए जा चुके हैं, जहां उत्पादन शुरू हो चुका है। इसके अतिरिक्त 600 मेगावाट क्षमता का झांसी, ललितपुर सोलर पार्क, 800 मेगावाट क्षमता का चित्रकूट सोलर पार्क, 1200 मेगावाट का जालौन सोलर पार्क, 75 मेगावाट क्षमता का कानपुर देहात सोलर पार्क और 35 मेगावाट का कानपुर नगर सोलर पार्क निर्माणाधीन है। इनमें टेंडर के माध्यम से अवार्ड की प्रक्रिया चालू है। दो दिन पूर्व ही झांसी का टेंडर निकाला गया है, जबकि ललितपुर का और चित्रकूट सोलर पार्क का टेंडर मंगलवार तक निकाल दिया जाएगा। जालौन सोलर पार्क का टेंडर भी अगले 15 दिन में निकाला जाएगा।

3710 मेगावाट इन सभी सोलर पार्कों के लिए जमीन आवंटित की जा चुकी है, जबकि कनेक्टिविटी की भी व्यवस्था की जा चुकी है। 3710 मेगावाट के निर्माणाधीन सोलरपार्क के अलावा 6900 मेगावाट के विभिन्न प्रोजेक्ट भी पूरे प्रदेश में चल रहे हैं। इनमें रूफ टॉप सोलर प्लांट और अन्य सभी सोलर प्रोजेक्ट्स को मिला लेंगे कुल मिलाकर 4130 मेगावाट के सोलर प्रोजेक्ट कमीशंड किए जा चुके हैं।

**सौर ऊर्जा से 22 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य**

सोलर पार्क के अतिरिक्त घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर लगाना, सोलर नगरों की स्थापना, कृषि फॉर्म को सौर ऊर्जा से बिजली देना, पंप स्टोरेज एवं जैव ऊर्जा के उत्पादन पर भी प्रदेश सरकार का फोकस है। बायोमास ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में भी यूपी देश में दूसरे स्थान पर है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में 25 लाख घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। प्रदेश में सौर ऊर्जा से 22 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य है। इसमें 6 हजार मेगावाट निजी व सरकारी भवनों में सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना करके की जाएगी तथा 14 हज़ार मेगावाट क्षमता की सौर उपयोगिता परियोजनाएं व सोलर पार्क स्थापित किए जाएंगे। इसी प्रकार पीएम कुसुम योजना के तहत 16.17 मेगावाट ग्रिड ट्यूबवेल को सौर ऊर्जा से संचालित किया जा रहा है।

**क्या है सोलर पार्क स्कीम**

सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के उद्देश्य से देश में कई स्थानों पर सोलर पार्क स्थापित करने में राज्यों को समर्थन देने के लिए दिसंबर 2014 को सोलर पार्क स्कीम शुरू की गई थी। सोलर पार्क जमीन का एक बड़ा हिस्सा होता है, जिसे सभी ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, पानी, कम्यनिकेशन नेटवर्क जैसी सामान्य इंफा फैसिलिटीज के साथ विकसित किया जाता है। भारत सरकार द्वारा सोलर पार्क और अल्ट्रा मेगा सोलर पावर प्रोजेक्ट के विकास के लिए लागू इस योजना के तहत 39,250 मेगावाट क्षमता को मंजूरी मिली है। अब तक 22 सोलर पार्कों में 11,591 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएं देश में स्थापित की जा चुकी है।

# मेयर ने शहर में गंदगी देखकर अधिकारियों को लगाई फटकार

**मेयर ने सुएज कंपनी के अफसरों को दी टेंडर वापस लेने की चेतावनी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल ने शहर में गंदगी देखकर अधिकारियों को फटकार लगाई। मेयर ने मौके पर मौजूद जोनल अधिकारी से कहा तुम्हें इसी गंदी नाली में डुबो दूंगी। काम नहीं कर पा रहे हो तो इस्तीफा दो और अपने घर चले जाओ। मेयर ने शनिवार सुबह अलीगंज इलाके का दौरा किया। इस दौरान गंदगी देख अधिकारियों को फ्टकार लगाते हुए कहा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जोनल अधिकारी अलंकार रस्तोगी गिड़गिड़ाते नजर आए। उन्होंने कमियां जल्द दूर करने का भरोसा दिया। एक दिन पहले भी मेयर ने शहर से डंपिंग जोन और अवैध ठेले हटाने को कहा था। मेयर ने कहा अगर किसी भी कर्मचारी या अधिकारी की वजह से सफाई व्यवस्था खराब होती है, तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। सड़क किनारे डंपिंग जोन देखकर पूछा कि, क्या ये जगह डंपिंग जोन के लिए है? मेयर के सवाल का अधिकारी जवाब नहीं दे पाए। अलीगंज क्षेत्र में सड़क किनारे नाली में गंदगी देखकर मेयर ने जोन-3 के जोनल अधिकारी अलंकार रस्तोगी से कहा इसी गंदी नाली में तुम्हें डुबो दूंगी। जनता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। काम नहीं करना है तो इस्तीफा दे दो। नालियों में गंदगी देख मेयर ने अधिकारियों से पूछा कि क्या यहां 5 दिन पहले सफाई कराई गई थी?यहां पर कितने सफाईकर्मी हैं? इस पर अधिकारियों ने कहा- मैडम 55 कर्मचारी काम करते हैं। उनके नाम क्या हैं और वो कहां हैं, इसके बारे में भी पूछा। इस पर अधिकारी अपनी डायरी देखते रहे। गंदगी पर अधिकारियों ने कहा सफाई करने वाली कंपनी सुएज सही से काम नहीं कर रही। मेयर ने पूछा जब कंपनी काम नहीं कर रही थी, तो आपने इनके खिलाफ क्या कार्रवाई की। मेयर ने सुएज कंपनी के अधिकारियों को फोन लगाकर टेंडर वापस लेने की चेतावनी दी। मेयर ने सुएज कंपनी के अधिकारियों को मौके पर न पहुंचने की वजह पूछी। उन सफाई कर्मचारियों के आधार कार्ड और पासपबुक की डिटेल्स मांगी, जिन 55 लोगों की तैनाती की गई है।

# मथुरा में तेजी से चल रहीं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां : जयवीर

**पर्यटकों की भारी संख्या को देखते हुए सुविधाओं का किया जा रहा विकास**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/मथुरा।** मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव समारोह जन्माष्टमी आस्था एवं भव्यता से मनाने की तैयारियां जोरों पर है। मथुरा में पर्यटकों की भारी संख्या को देखते हुए पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर फसाड लाइटिंग और साइनेज कार्य हेतु 20.99 करोड़ रुपए तथा यमुना नदी के घाटों के विकास एवं पुनरुद्धार कार्य के लिए 43.66 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर फसाड लाइटिंग और साइनेज कार्य हेतु मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है। योजना मद में स्वीकृत 20.99 करोड़ रुपए के सापेक्ष 10 करोड़ रुपए की प्रथम किस्त की स्वीकृति भी राज्यपाल द्वारा मिल चुकी है। वहीं, यमुना नदी के घाटों के विकास एवं पुनरुद्धार कार्य हेतु स्वीकृत 43.66 करोड़ रुपए के सापेक्ष 15 करोड़ रुपए की प्रथम किस्त नामित कार्यदायी संस्था, सिंचाई विभाग और अपर खंड आगरा कैनाल को जारी की जा चुकी है। गोवर्धन पर्वत का धार्मिक महत्व है। मान्यताओं के अनुसार 21 किलोमीटर की गोवर्धन परिक्रमा को दो भागों में माना गया है। छोटी परिक्रमा लगभग 9 किलोमीटर और बड़ी परिक्रमा लगभग 12 किलोमीटर लंबी है। गोवर्धन परिक्रमा मानसी-गंगा कुंड से शुरू होती है। इस पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु फसाड लाइटिंग और साइनेज कार्य कराए जाएंगे। यमुना नदी के घाटों के विकास एवं पुनरुद्धार कार्य के अंतर्गत बंगाली घाट से सती घाट तक मौजूदा घाट का विकास और जीर्णोद्धार किया जाएगा। जिसमें बंगाली घाट से विश्राम घाट तक मौजूदा घाट को फिर से मजबूत बनाना और घाटों की सीढ़ी और चौड़ाई को फिर से डिजाइन करना तथा बुनियादी सुविधाओं जैसे-बैठने के लिए बेंच, पीने का पानी आदि का प्रावधान किया जाएगा। मथुरा और ब्रज क्षेत्र में श्रद्धालु सालभर आते हैं।

## डिप्टी सीएम केशव मौर्य के निजी सचिव पर एफआईआर, जांच शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निजी सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उनके निजी सचिव पर फर्जी फेसबुक आईडी के जरिए भ्रामक प्रचार करने का आरोप सामने आया है, जिसके बाद शिकायत की गई थी। निजी सचिव के खिलाफलखनऊ के गौतमपल्ली थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। डिप्टी सीएम के निजी सचिव के खिलाफ 21 अगस्त की शाम पांच बजे एफआईआर दर्ज कराई गई थी। उनके खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। केशव प्रसाद मौर्य के निजी सचिव का नाम वीरेंद्र कुमार बताया गया है। शिकायतकर्ता का दावा है कि वीरेंद्र कुमार ने केशव प्रसाद मौर्य के नाम का दुरुपयोग करते हुए फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर गलत और भ्रामक पोस्ट की गई है। शिकायत के साथ पोस्ट किए गए कुछ तथ्यों का स्क्रीन शॉर्ट संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि मामले की जांच कर फर्जी फेसबुक आईडी को बंद कराते हुए दोषी व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। शिकायत आरती मौर्य और नवीन खन्ना द्वारा दर्ज कराई गई है।

# सपा व कांग्रेस की सोच आरक्षण विरोधी : मायावती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुसूचित जातियों-जनजातियों (एससी-एसटी) के आरक्षण में उप-वर्गीकरण के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि इन दलों की सोच आरक्षण विरोधी है। मायावती का यह बयान सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा उन पर भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक की ''आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफप्रतिक्रिया व्यक्त किए जाने के कुछ घंटों बाद ही सामने आया है।

बसपा प्रमुख ने 'एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा, ''सपा व कांग्रेस आदि ये (दल) एससी,एसटी आरक्षण के समर्थन में तो अपने स्वार्थ एवं मजबूरी के कारण बोलते हैं, किंतु एससी,एसटी आरक्षण के वर्गीकरण व 'क्रीमी लेयर को लेकर उच्चतम न्यायालय के एक अगस्त 2024 के निर्णय में अभी तक चुप्पी साधे हुए हैं जो इनकी आरक्षण विरोधी सोच को दर्शाता है। ऐसे में सजग रहना जरूरी है। मायावती ने कहा, ''सपा व कांग्रेस आदि की चाल, चरित्र व चेहरा हमेशा एससी, एसटी विरोधी रहा है। इस क्रम में 'भारत बंद को सक्रिय समर्थन नहीं देना भी यह साबित करता है। ऐसी भ्रम की स्थिति क्यों? सपा, कांग्रेस व अन्य दल आरक्षण के विरुद्ध समान सोच वाले प्रतीत होते हैं और ऐसे में केवल एससी-एसटी ही नहीं, बल्कि अन्य ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को भी ''आरक्षण व संविधान की रक्षा तथा जातीय जनगणना की लड़ाई अपने ही बल पर बड़ी समझदारी से लड़नी है। उच्चतम न्यायालय ने एक अगस्त को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है, ताकि उन जातियों को आरक्षण प्रदान किया जा सके जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी हैं।



**बीजेपी विधायक के विवादित बयान पर मायावती ने जताई नाराजगी**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बीजेपी विधायक द्वारा उनके खिलाफदिए गए विवादित बयान पर सख्त नाराजगी जताई है। मायावती ने बीजेपी से मांग की है की वो अपने विधायक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करे अन्यथा आगामी चुनाव और उपचुनाव में इसका जवाब देंगे। इसी बयान पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी सख्त ऐतराज जताया था और बीजेपी विधायक पर कार्रवाई की मांग और मायावती को ईमानदार कहा था। मायावती ने इसके लिए अखिलेश यादव का आभार भी जताया है। मथुरा जिला स्थित मांट क्षेत्र के बीजेपी विधायक राजेश चौधरी जो पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता हैं, उन्होंने एक न्यूज चैनल पर डिबेट में ये बयान दिया था की मायावती को मुख्यमंत्री बनाना बीजेपी की गलती थी और वो यूपी के इतिहास की सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री रही हैं। इस बयान पर अखिलेश यादव ने नाराजगी जताते हु कहा, ''उत्तर प्रदेश के एक भाजपा विधायक द्वारा राज्य की एक पूर्व महिला मुख्यमंत्री (मायावती) के प्रति कहे गए अभद्र शब्द दर्शाते हैं कि भाजपा नेताओं के मन में महिलाओं और खासतौर से वंचित-शोषित समाज से संबंध रखने वालों के प्रति कितनी कटुता भरी है।

# अध्यक्ष समेत सभी पदों पर 93 अधिवक्ता ने किया नामांकन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर 93 अधिवक्ताओ ने नामांकन किया। लखनऊ बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर 6, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सात अधिवक्ताओ ने, उपाध्यक्ष मध्य पर 12, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दो, महासचिव पद पर दो, संयुक्त सचिव पद पर 24 ने नामांकन किया।

कोषाध्यक्ष पद पर 6, कनिष्ठ कार्यकारिणी पद पर पांच तथा वरिष्ठ कार्यकारिणी पद पर 12, कनिष्ठ कार्यकारिणी पद पर 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया गया है। लखनऊ बार एसोसिएशन के चेयरमैन एल्डर कमेटी सरोज कुमार शुक्ला ने बताया कि नामांकन के उपरान्त अन्य चुनाव प्रकिया जारी रहेगी।अध्यक्ष पद के लिए अमरवीर प्रसाद श्रीवास्तव, जय प्रकाश सिंह (जेपी सिंह), केदार सिंह, राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला, राजेन्द्र कुमार शर्मा रमेश प्रसाद तिवारी है। सात अधिवक्ताओं ने उपाध्यक्ष (वरिष्ठ) के पद के लिए भूपेन्द्र मणि सिंह, कमल किशोर यादव, मिथिलेश अवस्थी, बीरेन्द्र मिश्रा सौरभ, शिव कुमार मिश्रा, यज्ञ मणि दीक्षित, यतीश्वर चन्द्र ईश्वर है। 12 वकील ने उपाध्यक्ष (मध्य) पद के अविनाश दीक्षित, आशीष गुलाटी, बृजेश कुमार सिंह, दुर्गेश कुमार राजपूत, धमेन्द्र कुमार मिश्रा कल्लन मिश्रा, धीरेन्द्र कुमार सिंह, राघवेंद्र नाथ मिश्रा, राजेश कुमार वर्मा, राम मिलन यादव, राम नाथ, सौरभ कुमार शुक्ला, सुरेंद्र सिंह यादव ने नामांकन दाखिल किया है।

## नगर पंचायत में पानी कनेक्शन के नाम पर कमर्चारी कर रहे वसूली

**लखनऊ ।** नगर पंचायत मोहनलालगंज में एक निजी संस्था द्वारा तैनात किए गए कर्मचारी द्वारा पानी सप्लाई कनेक्शन के नाम पर कनेक्शन में प्रयोग किए जाने वाले समान के अतिरिक्त अवैध रूप से प्रति कनेक्शन के नाम पर 2000 रुपए वसूले जा रहे है सजग युवक ने बीते सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर कनेक्शन करवाए जाने के साथ ही अवैध रूप से वसूली करने वाले वर्षो से जमे कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। मऊ निवासी रिहान ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार से लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि नगर पंचायत मोहनलालगंज में तैनात ईओ मनीष राय सहित कार्यालय का कार्यभार देख रहे जिम्मेदारों से बीते कई महीनो से पीने के पानी हेतु कनेक्शन के लिए चक्कर लगा चुके है।

**सफलता** | **कारागार मंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों और जेल वार्डरों को दी बधाई**

# पासिंग परेड में 142 प्रशिक्षु अधिकारियों ने ली पद की शपथ

**प्रशिक्षण से वर्दीधारी व्यक्तित्व में आता है निखार**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान सम्पूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड के प्रशिक्षु अधिकारियों और जेल वार्डरों की पासिंग आउट परेड का आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

कारागार मंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों और जेल वार्डरों को बधाई देते हुए कहा कि आपकी मेहनत और लगन से प्राप्त ये उपलब्धि आपके परिजनों के सहयोग के बिना संभव नहीं हो पाती। आप सभी ने बेहतरीन परेड का प्रदर्शन किया है, जो सभी के लिए गर्व और भावुकता का क्षण है ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करें, जिससे बेहतर परिणाम मिल सकें। समारोह में डीजीपी, आईजी कारागार पीवी रामा शास्त्री ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासित बलों में प्रशिक्षण का अत्यधिक महत्व होता है। इससे वर्दीधारी व्यक्तित्व में निखार आता है और वह नियम कानून की जानकारी से सुसज्जित हो जाता है।

प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक एवं डीआईजी आर एन पांडे ने नए जेल अधीक्षकों और जेल वार्डरों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। 142 प्रशिक्षुओं ने अपने प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उत्तर प्रदेश के सचिन वर्मा, अभिषेक सिंह, अमन कुमार सिंह, मंजीव विश्वकर्मा और आशीष झा ने जेल अधीक्षक संवर्ग का प्रशिक्षण पूरा किया। छत्तीसगढ़ के 12 सहायक जेल अधीक्षक, उत्तराखंड के 110 और उत्तर प्रदेश के 20 जेल वार्डरों ने भी इस परेड में हिस्सा लिया।

इस मौके पर डीजी सीबी सीआईडी एसएन साबत पूर्व डीजी स्पेशल इंक्वायरी चन्द्र प्रकाश एआईजी धर्मेन्द्र सिंह डीआईजीशैलेन्द्र कुमार मैत्रय, डीआईजी रामधनी, पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक एससी शाक्य, छत्तीसगढ़ के डीआईजी जेल एस एस तिग्गा, उत्तराखंड के डीआईजी दधिराम मौर्य समेत कई अन्य अधिकारी और प्रशिक्षुओं के परिजन उपस्थित रहे।

**सेवा ही संगठन का मूल उद्देश्य : एके शर्मा**

**लखनऊ ।** कार्यकर्ता पार्टी की श्रीढ़ की हड्डी हैं, जिनकी शक्ति और पुरुषार्थ से भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी और सर्वाधिक सदस्यों वाली पार्टी है। कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने भाजपा द्वारा मऊ के मद्धेशिया भवन में आयोजित जिला कार्यशाला के दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सितंबर में शुरू होने वाले सदस्यता अभियान की तैयारियों पर चर्चा करना है। उन्होंने अभियान को सफल बनाकर के अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने की अपील भी की। कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक सितंबर से होने वाले सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास करें। कार्यकर्ता एकजुट होकर सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने में जुट जाएं। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं और प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने के निर्देश दिए गए। जिला प्रभारी रमेश सिंह ने कहा कि मऊ जिले को सदस्यता अभियान में प्रथम स्थान पर लाने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें। चुनाव जीतने के लिए हमें मूलभूत बातों को ध्यान रखकर हर काम करना चाहिए। प्रत्याशी कोई भी किसी भी जाति का हो मगर जब तक जमीनी हकीकत को जानते हुए काम नहीं करेंगे, तब तक सफलता हासिल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मऊ नगर पालिका में पौने तीन लाख वोट हैं जिनमें 75 से 80 हजार फर्जी हैं।

## मेडिकल स्टोर की आड़ में फार्मासिस्ट चला रहा नर्सिंग होम

# फोड़ा समझ कर कैंसर का कर दिया ऑपरेशन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**





स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से जिले में बड़ी संख्या में झोलाछाप पनप रहे हैं।वजीरगंज बाजार में मछली मंडी के सामने फार्मासिस्ट की डिग्री पर बीके मेडिकल सेंटर के नाम से मेडिकल स्टोर संचालित हो रहा है वही मेडिकल स्टोर की आड़ में क्लीनिक खोलकर गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। सूत्र बता रहे है कि फार्मासिस्ट के मौजूद न रहने पर कई ऐसे लोग मरीजों का इलाज कर रहे हैं जिनके पास मेडिकल की डिग्री तक नहीं है।वहां पर मौजूद लोगों के पास तो अधिकांश तो इंटर मीडिएट या स्नातक पास होते हैं। और मेडिकल सेंटर के बाहर बड़े-बड़े नामचीन एमबीबीएस डॉक्टर का बोर्ड लगा रखा है।और मरीज बोर्ड पर नामचीन डॉक्टरों का नाम को देखकर बीके मेडिकल सेंटर पर पहुंच रहे हैं।फिर वहां पर मौजूद फार्मासिस्ट गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज करते हैं।और वही जब मरीजों की हालत बिगड़ने पर शहर के किसी निजी अस्पताल में रेफर कर देते हैं।

इसका इनको मोटा कमीशन भी मिल जाता है।इन अवैध कारोबारियों पर स्वास्थ्य महकमे के आला अधिकारियों की अनदेखी से इनके गोरखधंधे पर कोई जांच के नाम पर कोई आँच नहीं आती है।वही सूत्र बता रहे हैं कि बीके मेडिकल स्टोर पर डिजिटल एक्सरे से लेकर पैथोलॉजी समेत सारी जांच बीके मेडिकल स्टोर पर ही हो जाती हैं। बड़े-बड़े ऑपरेशन भी किए जाते हैं। थाना क्षेत्र वजीरगंज में फार्मासिस्ट वीके मौर्या ने कुछ दिन पहले मात्र ग्यारह सौ रुपए में कैंसर का आपरेशन करने का मामला सामने आया है। फार्मासिस्ट अपना अस्पताल खोल कर हर मर्ज, हर रोग का इलाज कर रहा है।यदि आपरेशन की स्थिति आती है तो फार्मासिस्ट बेझिझक आपरेशन भी कर देता है।वीके मौर्या ने बुजुर्ग युवक के सीने पर हुए कैंसर को फोड़ा समझ कर आपरेशन कर दिया था।आपरेशन के बाद बुजुर्ग की हालात बिगड़ती गई थी।जब परिजनों ने दूसरे चिकित्सक के निर्देश पर जांच कराया तो जांच में चेस्ट कैंसर निकला था।उस समय रिपोर्ट देख कर परिजनों के होश उड़ गए थे।वही बाद में जब युवक की हालत नाजुक होने फार्मासिस्ट बीके मौर्य ने इलाज करने के लिए हाथ खड़ा कर दिया था।वही पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर फार्मासिस्ट बीके मौर्य के खिलाफ शिकायत की थीं। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए कहा था कि कथित सर्जन बीके मौर्या मरीजों को ब्लेकमेल करके इलाज कर रहा है।लेकिन स्वास्थ्य महकमा अनजान बना हुआ था।क्योंकि डॉक्टर बीके मौर्य की ऊंची पहुंच होने के कारण के कारण जांच पर आंच नहीं आने दिया गया और मामले को रफा दफा करके फाइल को दबा दी गई थी। अभी कुछ दिन पहले ही मेडिकल की एक टीम ने फार्मासिस्ट बीके मौर्य के यहां छापामारी की थी छापामारी के दौरान बीके मेडिकल स्टोर पर अनियमिताएं मिली थी लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी बीके मेडिकल स्टोर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सूत्र बता रहे है कि फार्मासिस्ट बीके मौर्य के यहां छोटी जांच से लेकर बड़ी जांच और बड़े से बड़े गंभीर बीमारियों का इलाज और ऑपरेशन किया जा रहा है।और जिले के जिम्मेदार अधिकारी हाथ पैर हाथ धरे बैठे हुए हैं और बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं।

### जिले में 16 सामुदायिक व 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित फिर भी मरीज परेशान

वही जिला अस्पताल, महिला अस्पताल समेत जिले में 16 सामुदायिक तथा 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं इसके बावजूद कई फार्मासिस्ट मेडिकल स्टोर के नाम पर झोलाछाप क्लीनिक के नाम पर मरीजों को लूटा जा रहा है।इन क्लीनिकों पर बैठने वाले इंटर या स्नातक पास डॉक्टर बुखार,पेट दर्द आदि आम बीमारियों की दवा अपने पास से देते हैं मरीज की हालत बिगड़ने पर मरीज को निजी अस्पताल में भेजकर वहां से कमीशन प्राप्त करते हैं इस कमीशन का भार भी मरीज पर पड़ता है। एक स्वास्थ्य कर्मी की माने तो इन झोलाछाप का धंधा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मेहरबानी से चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिर्फ खानापूर्ति के लिए अभियान चलाया जाता है।

### छापामार अभियान चलाकर होगी कार्रवाई

बिना पंजीकरण चल रहे क्लीनिकों के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाया जा रहा है।अप्रशिक्षित डॉक्टरों को क्लीनिक बंद करने संबंधी नोटिस दिए जाते हैं।जल्द ही टीम गठित कर छापामार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. रश्मि वर्मा, सीएमओ

## जिला सूचना विभाग के दुर्व्यवहार से परेशान होकर जिलाध्यक्ष ने मांगी जन सूचना

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जिला सूचना विभाग के अधिकारी के कार्यशैली से परेशान होकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने जिला सूचना विभाग से पांच बिंदुओं पर एक जनसूचना मांगी है। पत्रकारों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार से परेशान होकर अपर जिला सूचना अधिकारी अनिल सिंह से एक जन सूचना मांगी गई है।

1..यह कि अपर जिला सूचनाधिकारी द्वारा दिनांक- 22. 08.2024 को जिलाधिकारी गोण्डा को भेजे गये पत्र में पत्रकारों को प्रेस पास जारी करने हेतु मानक को दर्शाया गया है। पत्रकारों के स्पष्ट मानक की प्रमाणित सूचना उपलब्ध कराया जाय।

2- यह कि आप द्वारा तैयार की गई समिति / सूची में अंकित किये गये चारों सदस्यों का नाम व आपके विभाग में उनके द्वारा जमा किये गये संस्था के अधिकार पत्र की प्रमाणित छायाप्रति वर्ष- 2024-25 की उपलब्ध करायें।

3- यह कि स्थाई समिति की बैठक कितने माह बाद कराये जाने का प्राविधान है? वर्ष 2021 से अब तक कितनी बार बैठक आयोजित हुई?

4- यह कि सूचना विभाग के चालक के पद पर तैनात चालक लीलाधर उपाध्याय उर्फ मन्नू उपाध्याय की नियुक्ति किस विज्ञप्ति के आधार पर हुई है?

5- यह कि चालक लीलाधर उपाध्याय द्वारा एक माह में सरकारी वाहन कितने कि0मी0 चलाया गया है तथा कितने लीटर डीजल की खपत हुई है? प्रमाणिक साक्ष्य सहित सूचना उपलब्ध करायें।



### बच्चों ने हर्षोल्लास से मनाई जन्माष्टमी

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को गोन्डा सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में विद्यालय परिसर में नर्सरी से अपर के जी के छोटे छोटे बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। जिसमें छोटे छोटे बच्चों ने राधा और कृष्ण के वेष में में विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बहुत ही मनमोहक झांकियां प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सह प्रबंधक माया शंकर जोशी, प्रधानाचार्य ए. के. मिश्र, शिक्षिका मनीषा जोशी, नाहिद कुरेशी, तसनीम, दृष्टि श्रीवास्तव सहित समस्त अध्यापक और बच्चे उपस्थित रहे।

## पी.जी. कॉलेज में टैबलेट वितरण कार्यक्रम संपन्न

**परसपुर/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत परसपुर स्थित महाकवि तुलसीदास पी.जी. कॉलेज में शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें वर्ष 2023 में परास्नातक विज्ञान और कला के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट्स वितरित किए गए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. बीना सिंह ने की, जबकि भाजपा के जिला मंत्री श्री संदीप प्रताप सिंह %मोनू% ने मुख्य अतिथि के रूप में टैबलेट्स का वितरण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की मुख्य नियंता डॉ. सीमा तिवारी, नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश मिश्रा, डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. विक्रांत शुक्ला, डॉ. राकेश कुशवाहा, डॉ. दयाशंकर मिश्रा, अरुण प्रताप सिंह, राजीव शुक्ला, डॉ. सतीश सिंह, रघुनाथ जी और श्री रेवतीरमन भी उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉक्टर बीना सिंह ने अपने संबोधन में छात्रों को शुभकामनाएं दीं और इस योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए शिक्षा में प्रौद्योगिकी के सही उपयोग की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान एमए हिन्दी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र और गृहविज्ञान के 200 छात्र-छात्राओं तथा एम एस सी जन्तु विज्ञान और रसायन विज्ञान के 36 छात्र-छात्राओं को मिलाकर कुल 236 टैबलेट्स का वितरण किया गया।

## अवैध कब्जे की शिकायत पर आयुक्त ने लिया संज्ञान

- डीएम गोण्डा को लिखवा पत्र
- अवैध कब्जे की शिकायत पर अपर उप जिलाधिकारी प्रथम करेंगे जांच

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

### शिकायतकर्ता की शिकायत को गंभीरता से सुनें अधिकारी

आयुक्त ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस में आने वाले शिकायतकर्ताओं के द्वारा दिए जाने वाले शिकायती पत्रों पर प्रभावी कार्यवाही होनी चाहिए इसमें कोई भी अधिकारी बिल्कुल लापरवाही ना बरतें। शिकायतकर्ता को पूरी तरह से संतुष्ट किया जाए। पारदर्शी व ईमानदारी से जांच कर कार्यवाही की जाए। तहसील में आने वाले सभी शिकायती प्रकरणों को अधिकारी गंभीरता से सुने और उस पर प्रभावी कार्यवाही की जाए। जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुए तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

तहसील मनकापुर के ग्राम धुसवाखास के निवासी राघवराम पुत्र कर्ताराम द्वारा दिए गए शिकायती पत्र का कड़ा संज्ञान लेते हुए आयुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील ने जिलाधिकारी गोण्डा को पत्र लिखकर तथ्यों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने अपर उप जिलाधिकारी प्रथम से जांच कराकर 10 दिन के अन्दर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

शिकायतकर्ता ने आयुक्त को दिये अपने शिकायत पत्र में बताया कि नवीन परती खाते की भूमि गाटा संख्या 733 व 758 स्थित ग्राम धुसवाखास पर विपक्षी द्वारा नव निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। साथ ही यह भी शिकायत की गई कि संपूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस में प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई।

शिकायतकर्ता ने आयुक्त को दिए गए प्रार्थना पत्र में राजस्व कर्मचारियों का अवैध कब्जेदारों से मिले होने का भी आरोप लगाया है। आयुक्त ने जिलाधिकारी गोण्डा नेहा शर्मा को तथ्यों की जांच कर कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिये है।

## खबरें एक नजर में

### अव्यवस्थाओं के बीच रात गुजार रहे सिपाही भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर के दूर-दूर से परीक्षा देने गोंडा आ रहे परीक्षार्थियों के रुकने और उनके बैठने और पढ़ने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है।जिससे परेशान होकर के हजारों परीक्षार्थी शहर में स्थित गांधी पार्क के मैदान में जमीनों पर बैठकर पढ़ने और जमीनों पर सोने को मजबूर हैं।एक ऐसी ही तस्वीर निकलकर गांधी पार्क के सामने आई है।जहां पर बस्ती, संतकबीर नगर,बहराइच, बलरामपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या सहित कई जिलों के हजारों परीक्षार्थी अपने माता-पिता और अभिभावकों के साथ जमीनों पर बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। जमीनों पर ही सो करके अपने परीक्षा का इंतजार कर रहे हैं। यह तस्वीर सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों के लिए किए गए व्यवस्थाओं के इंतजाम पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे है। गांधी पार्क के कई स्थानों पर हल्का-फुल्का पानी भी भरा हुआ है और उसके बगल भी सोने और पढ़ने को परीक्षार्थी मजबूर है।कई परीक्षार्थी तो बिना किसी कपड़े,चटाई या पन्नी के सीधे जमीन पर ही लेटे हुए हैं जिससे उनके कपड़े भी खराब हो रहे हैं गांधी पार्क में लगातार परीक्षा देने के चलते आकर सो रहे और पढ़ रहे परीक्षार्थियों के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है ना ही अच्छे तरीके से साफ-सफाई की गई है। वही जब परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम यहां पर रोडवेज बस और ट्रेनों में किसी तरीके से बैठ करके आए हैं।लेकिन यहां पर हमारे रुकने और बैठने सोने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। परीक्षार्थियों का कहना है कि सरकार की ओर से की गई व्यवस्था की वजह से उन्हें बस और ट्रेन की सुविधा तो बहुत अच्छे से मिली है,लेकिन काफी परीक्षार्थियों को रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं मिला पाया इस वजह से अभ्यर्थी स्टेशन या बस अड्डे व पार्क में ही रात गुजार रहे हैं।

### शॉर्ट सर्किट से दुकानों में लगी आग, हजारों का नुकसान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित किराने की दुकान में शनिवार सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इसके बाद आग की लपटों ने पड़ोस के अन्य दुकानों को भी चपेट मे ले लिया। तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया गया। शहर के दरगाह थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन स्थित है। रेलवे स्टेशन परिसर में कोने पर विभिन्न दुकानें संचालित है। शनिवार सुबह चार बजे के करीब शॉर्ट सर्किट से भुट्टू के किराना की दुकान में आग लग गई। आग ने विकराल रूप ले लिया। इसके बाद आग ने पड़ोसी अन्य की दुकानों को भी चपेट मे ले लिया। सुबह पांच बजे आसपास के लोगों ने अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दी। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक तीन दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग की लपट देख अन्य दुकनादार भी दहशत में रहे। दमकल कर्मियों ने दो से तीन घंटे में आग पर काबू पाया। अग्निकांड में किराना, पान और परचून की दुकान जलकर राख हो गया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गेंदालाल ने बताया कि सूचना मिलते ही आग बुझाया गया। आग शार्ट सर्किट से लगने की संभावना है।

## भेड़िए के आतंक से प्रभावित इलाके में पहुंचे भाजपा विधायक

- बच्ची की मौत को लेकर जताया संदेह, पुलिस की कार्यशैली पर भी उठाए सवाल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले की महसी तहसील के हरदी इलाके में पिछले डेढ़ महीने से आदमखोर भेड़ियों का खौफ है। अब तक पांच मासूमों की जान जा चुकी है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। शुक्रवार की देर रात महसी से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने खुले में न सोने और सतर्क रहने की सलाह दी।

**मासूम की मौत पर संदेह :-** विधायक सुरेश्वर सिंह ने बुधवार को भटौली में एक 8 साल की मासूम खुशबू की मौत पर संदेह जताया। खुशबू के शरीर पर मिले निशानों को लेकर विधायक ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के मुताबिक बच्ची के हाथ पैर कटे हुए थे लेकिन कहीं भी खून का निशान नहीं था। इसके अलावा उसके शरीर पर कपड़े भी नहीं थे जिससे इस घटना के पीछे कुछ और कारणों की संभावना है।

**पुलिस की कार्यशैली पर सवालः-** विधायक ने इस मामले में पुलिस की लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस मौके पर नहीं पहुंची और ग्रामीणों को खुद बच्ची का विक्षत शव बोर में भरकर लाना पड़ा। उन्होंने बताया कि वन संरक्षक ने भी इस मौत पर संदेश जताया था। विधायक ने अपर पुलिस अधीक्षक से इस मामले की जानकारी मांगी, लेकिन हरदी थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने चौकी इंचार्ज के मौके पर जाने की बात कही। लेकिन जब इंचार्ज से पूछा गया तो उन्होंने माना कि वे मौके पर गए थे। लेकिन जहां शव मिला था वहां नहीं पहुंचे। विधायक सुरेश्वर सिंह ने मामले को बेहद गंभीर बताते हुए हर स्तर पर जांच की मांग की है। उन्होंने बच्चों को खुले में न सुलाने की सलाह दी है। घटना को लेकर क्षेत्र में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। लोग प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

## नानपारा के युवक की कैसरगंज में मिली लाश

- नदी में मिले शव की हुई पहचान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



नानपारा नगर के स्टेशन रोड निवासी एक युवक का शव कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्यारह सौ रेती गांव के निकट घाघरा नदी में मिली। परिवार के लोगों ने शव की पहचान की पोस्टमार्टम के बाद लाश परिवारीजनों को सौंप दिया गया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत मोहल्ला जुबली गंज स्टेशन रोड निवासी चंदन जायसवाल उर्फ रिंकू (35) पुत्र राम प्रताप जायसवाल कुछ दिन पहले घर आया था। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार शाम को उसका शव कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्यारह सौ रेती गांव के निकट घाघरा नदी में मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही युवक की शिनाख्त के लिए फोटो भेजी। मृतक की पहचान उसके भाई शेखर जायसवाल ने की। उन्होंने बताया कि चंदन पांच भाइयों में दूसरे स्थान पर था, उसकी शादी नहीं हुई थी। परिवार के लोगों ने डूब कर मौत की बात कही। वही मां मिथिलेश जायसवाल ने बताया कि 3 दिन पहले बेटा घर आया था, वह घर से बेदखल है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने देर शाम को अंतिम संस्कार कर दिया।

## स्वास्थ्य परीक्षण में 25 बच्चों को उपलब्ध कराया चश्मा

- स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है : समय प्रसाद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



पयागपुर कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय के बच्चियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा चश्मा वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व जिला पंचायत सदस्य समय प्रसाद मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि विकास क्षेत्र के एआरपी तथा कार्यक्रम के संचालक राजेश कुमार मिश्र के द्वारा निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि समय प्रसाद मिश्र ने कहा की सभी बच्चे स्वस्थ रहें,निरोगी रहें जिसके लिए सरकार हर समय तत्पर है। निर्धारित समय पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती है और आवश्यकता पड़ने पर उपचार करती है,क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है जब बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो उनका पढ़ाई में मन लगेगा। कार्यक्रम को विकास क्षेत्र के एआरपी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हम सभी का परमदायित्व है और इसके लिए स्वस्थ रहना जरूरी है। कार्यक्रम को स्वास्थ्य विभाग के मुख्य आयोजक नेत्र परीक्षण प्रभारी सुभाष तिवारी ने कहा सभी बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया था,इसके बाद 25 बच्चों को चश्मे की आवश्यकता हुई जो आज प्रदान किया जा रहा है। चश्मा वितरण कार्यक्रम को बीपीएम अनुपम कुमार शुक्ला ने स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। निशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम को बक्शीपूरा,नई बस्ती वैष्णो माता मंदिर के महंत व पुजारी हरि नारायण शुक्ल, एआरपी राजेश कुमार मिश्र कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन सुमन कुमारी श्याम जी पाठक, पवन कुमार आदि लोगों ने भी संबोधित किया।

## पिटाई से क्षुब्ध युवक ने फंदा लगाकर दी जान

- पहले शराब पिलाया, फिर जमकर पीटा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद दर्ज होगा केस

इस समय वह सिपाही भर्ती परीक्षा में ड्यूटी पर जिला मुख्यालय पर हैं। मारपीट के बाद आत्महत्या की जानकारी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

अनिल कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष

जिले के बाबापुरवा पुरैनी गांव निवासी एक श्रमिक की साइकिल दूसरा व्यक्ति लेकर चला गया। इसका उसने उलाहना दिया तो नाराज व्यक्ति ने अपने एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर उसे शराब पिलाकर पिटाई की। इससे क्षुब्ध युवक ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी।

हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरैनी के मजरा बाबापुरवा गांव निवासी भगौती (35) ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक के छोटे भाई विनोद कुमार ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि भाई का गांव निवासी विसंभर दो हजार रुपये बकाया है। जिसे मांगने पर वह नाराज हो गया। शुक्रवार शाम को साजिश के तहत कल्याणपुर गांव निवासी रामतेज ने मृतक की साइकिल बिना बताए लेकर चले गए। इसकी जानकारी होने पर उसने रामतेज ने विरोध किया। जिस पर दोनों ने नटबीर बाबा स्थान पर शाम को शराब पिलाया। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई की। इससे क्षुब्ध भाई ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## नवागत मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रहण किया पदभार

### डीएम से की शिष्टाचार भेंट



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नवागत मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने पूर्वान्ह में मुख्यालय पहुँचकर पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व श्री चन्द्र उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड लखनऊ में संयुक्त प्रबन्ध निदेशक के पद पर कार्यरत थे। वर्ष 2018 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी श्री चन्द्र ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी से शिष्टाचार भेंट। इसके उपरान्त विकास भवन स्थित अपने कक्ष में विकास से सम्बन्धित अधिकारियों से भेंट कर जिले में संचालित विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## दो दिन बाद मिला नदी में डूबे युवक का शव

- घास काटकर वापस आते समय डूबा युवक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के मुजेहना गांव निवासी एक युवक गुरुवार को घास काटकर वापस आते समय नदी में डूब गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका शव नहीं मिला। शनिवार को घटनास्थल से 500 मीटर दूर नदी में शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के मुजेहना गांव निवासी शिवलोचन (20) पुत्र ज्ञान प्रकाश बृहस्पतिवार को नदी के किनारे घास काटने गया था। वापस आते समय वह नदी में डूब गया था। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों एवं गोताखोरों की मदद से शव की तलाश की, लेकिन शव बरामद नहीं हुआ था। शुक्रवार सुबह एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई और पुनः खोजबीन शुरू की। शनिवार सुबह पांच बजे शव नदी में उतराते हुए दिखा। जिस पर शव को बाहर निकाला गया। चौकी इंचार्ज राजीव मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सीएचसी में डिजिटल एक्सरे व हेल्थ एटीएम का करें संचालन

- स्वास्थ्य निदेशक और सीएमओ ने किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य मुकेश मातनहेलिया व सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खजुरी का निरीक्षण कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

सीएचसी पयागपुर में शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखने पहुंचे निरीक्षण संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य मुकेश मातनहेलिया और सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने ओपीडी में मरीजों की संख्या और प्रयोगशाला में मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में अधीक्षक डॉ. थानेदार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधीक्षक से डेंगू के लिए स्पेशल वॉर्ड बनाए जाने और बीमारियों की रोकथाम के लिए अस्पताल परिसर को साफ सुथरा रखने के निर्देश दिये। संयुक्त निदेशक ने सीएमओ डॉ. संजय कुमार को सीएचसी पर डिजिटल एक्सरे और हेल्थ एटीएम मशीन को चालू करवाने के निर्देश दिये। सीएमओ संजय शर्मा ने अधीक्षक डॉ. थानेदार को फाइलेरिया की दवा का वितरण कारगर ढंग से करवाए जाने एवं टीकाकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते जाने का निर्देश दिया। दोनों अधिकारियों ने स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदान की जाने वाली सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाओं का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद लोगों द्वारा स्वास्थ्य निदेशक से सीएचसी पर बाल रोग विशेषज्ञ और सर्जन की तैनाती की मांग की जिस पर उन्होंने शीघ्र ही व्यवस्था किये जाने की बात कही। मरीजों को बाहर से दवायें और जांच लिखे जाने जैसे वायरल वीडियो के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर सीएमओ ने प्रकरण संज्ञान में आने पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान हड़कंप जैसे हालात नजर आये।

## प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय कार्यशाला सकुशल सम्पन्न

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को ब्लाक संसाधन केंद्र तेजवापुर में प्रधानाध्यापको प्रभारी प्रधानाध्यापको की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सन्दर्भदाता नंद कुमार शुक्ल व अनूप कुमार मिश्र,डॉ सगीर अहमद की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें सन्दर्भदाता श्री शुक्ल ने शासन के मंशानुसार प्राथमिकता वाले सम्पूर्ण सरकारी कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर आनंद कुमार पाठक, विजय कुमार उपाध्याय, मो सिराजुद्दीन न्यूटन, भुवनेश्वर पाठक, नफीस अहमद, अनिल सिंह, मृत्युंजय कुमार शुक्ल, शैलेन्द्र कुमार तिवारी, ज्ञानेंद्र पाल आजाद, सुरेश कुमार यादव, ब्रह्मेन्द्र शुक्ल, ज्योति शंकर मिश्र, दिलीप कुमार त्रिपाठी, कौशल किशोर शुक्ल, पूरन लाल चौधरी, कार्यालय सहायक शिवम मिश्र, रत्ना मिश्रा सहित दर्जनों प्रधान शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महानायक अवध केसरी राणा बेनी माधव बक्श सिंह को किया नमन

▸ सभागार निर्माण के द्वितीय चरण का किया शिलान्यास

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

केसरी राणा बेनी माधव बक्श सिंह की 220वीं जयंती पर शनिवार को रायबरेली में अनेक कार्यक्रम हुए। इंदिरा गांधी सभागार, फिरोज गांधी कॉलेज सभागार में आयोजित भाव समर्पण समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। वहीं महावीर चक्र विजेता नायक दिगेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे। राणा बेनी माधव सिंह स्मारक समिति रायबरेली द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में आए हुए मेहमानों का स्वागत किया गया, साथ ही कई लोगों को उत्कर्ष कार्य करने के लिये सम्मानित भी किया गया।







### उपचुनाव में भाजपा की सभी सीटों पर होगी विजय

इस दौरान मंत्री ने परियोजना से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर हालत में फरवरी-मार्च 2025 से पहले पहले फेस का काम कंप्लीट हो जाए। उन्होंने कहा कि फेस टू के लिए शनिवार को शिलान्यास का कार्यक्रम था। उत्तर प्रदेश के जितने भी स्वतंत्रता सेनानी है, उनके सम्मान में उत्तर प्रदेश सरकार हमेशा तत्पर है। रायबरेली को भी इस कड़ी में 25 परियोजनाओं को देने का काम हमने किया है। इस दौरान यूपी की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव के लिए तैयार रहती है। आने वाले उपचुनाव में हम 10 के 10 सीटों पर पूरी ताकत से लड़ेंगे और बेहतर परिणाम हमको मिलेगा।

### पुलिस आरीक्षी भर्ती में जो सही पात्र होंगे वह भर्ती होंगे

नसीराबाद में दलित युवक की हत्या के मामले में राहुल गांधी पहुंचने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम जात, धर्म, पंत से ऊपर उठकर कार्य कर रहे हैं। महिला उत्पीड़न को लेकर सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस की नीति काम कर रही है। पूरा देश जानता है कि हमारी सरकार ने जहां भी महिलाओं पर अत्याचार हुआ है वहां कठोरतम कार्रवाई की है। इसलिए हमारी सरकार को बुलडोजर बाबा की सरकार कहा जाता है। वहीं उत्तर प्रदेश आरक्षी पुलिस परीक्षा को लेकर जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले घटनाओं से सबक लेकर परीक्षा को रद्द किया और अब नकल माफियाओं के आजीवन कारावास का नया कानून बनाया है। उससे नकल करने व कराने वाले भयभीत हैं। अब किसी माई के लाल में हैसियत नहीं कि वह नकल करवा सके। जो सही पात्र होंगे वह भर्ती होंगे।

कार्यक्रम में मंत्री जयवीर सिंह राणा बेनी माधव सिंह चौक पर गए और उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें नमन किया। फिरोज गांधी सभागार के कार्यक्रम के बाद वे राणा बेनी माधव बक्श सिंह की स्मृति में रायबरेली में बन रहे सभागार के द्वितीय चरण के लिए आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचकर शिलान्यास किया। मंत्री जयवीर सिंह ने इस मौके पर कहा कि आज मैं महान स्वतंत्रता सेनानी राणा बेनी माधव बक्श सिंह की जयंती कार्यक्रम में रायबरेली पहुंचा। पिछले वर्ष इसी सीजन में मैं यहां आया था। यह परियोजना इस समय अर्ध निर्मित स्थिति में है। उन्होंने कहा कि अभी यूपीपीसीएल के एमडी भी यहां पर उपस्थित हैं।

## राइजिंग चाइल्ड स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव की धूम




मटकी फोड़ कार्यक्रम रहा मुख्य आकर्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शहर के प्रभुटाउन स्थित राइज़िंग चाइल्ड स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण की वेशभूषा में यथार्थ ने जैसे ही माखन भरी मटकी फोड़ी वैसे ही सभी बच्चों ने जय श्री कृष्णा के उदघोष के साथ खूब तालियां बजाईं। जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चे श्रीकृष्ण, राधा, सुदामा, बलराम आदि की वेशभूषा में विद्यालय पहुँचे। विद्यालय की ओर से बच्चों के लिए ही मटकी फोड़ने की व्यवस्था की गई, जिसका सभी बच्चों ने खूब आनंद उठाया। मटकी फोड़ कार्यक्रम के उपरांत आज राधा को श्याम नज़र आ गया, बोल राधा बोल, मेरा कान्हा है तू आदि जन्माष्टमी पर आधारित गीतों पर समूह नृत्य करके बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। तिश्या, आराध्या, अयंतिका, आर्यन, युवान, ऐश्वर्या, ईशानवी, युविन, रिया, सर्वज्ञ, प्रबल आदि बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। राइज़िंग चाइल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने सभी बच्चों को जन्माष्टमी मनाए जाने के कारण एवं महत्व को विस्तार से बताया। विद्यालय के प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव, एडवोकेट ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवीन्द्र नाथ हरि सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### आशाओं का आठ दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण संपन्न



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में नवीन चयनित आशाओं का आठ दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण संपन्न होने के उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉक्टर मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्रशिक्षण प्राप्त आशाओं से कहा कि वे अपने काम को लगन और ईमानदारी से करके अपने समुदाय के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समाप्त करने के लिए कार्य करें। सीएमओ ने कहा की आशाएं को अपने क्षेत्र की स्वास्थ्य की प्रहरी की भांति कार्य करना चाहिए । किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या की जानकारी होने पर तत्काल अपने ब्लॉक से संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को सूचित कर उनके द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करना चाहिए । उन्होंने बताया की आशाओं के द्वारा बच्चों के टीकाकरण , गर्भवती महिलाओं की एवं बच्चो के देखभाल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। जिसे उन्हें पूरी लगन और मेहनत के साथ निभाना चाहिए ताकि जनपद बलरामपुर से शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर को न्यूनतम किया जा सके। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ रविनंदन त्रिपाठी , जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार पांडे एवं प्रशिक्षक राजेंद्र तिवारी डॉ अवधेश चौधरी कविता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### उतरौला विकास मंच अध्यक्ष आदिल हुसैन ने उप जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उतरौला विकास मंच अध्यक्ष आदिल हुसैन ने सोमवार को निकलने वाले चेहल्लुम के जुलूस की सभी तैयारियां पूरी करने की मांग को लेकर शनिवार को उप जिला अधिकारी अवधेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि सोमवार को दिन में उतरौला एवं अमया देवरिया के शिया व सुन्नी समुदाय द्वारा चेहल्लुम का जुलूस निकाला जाएगा जो कर्बला पर समाप्त होगा। मोहर्रम में जब दसवीं तारीख को ग्राम अमाया देवरिया से आशूरा का जुलूस निकाला गया था। जब जुलूस डाक बंगला के पास पहुंचा था तो छुट्टा सांड जुलूस में घुस गया और एक व्यक्ति को मार कर घायल कर दिया था। छुट्टा सांड के जुलूस में आ जाने से भगदड़ मच गई थी। और भगदड़ में गिरकर दर्जन भर लोग चोटिल हो गए थे। जुलूस को सकुशल संपन्न करने के लिए छुट्टा जानवरों बाजार व आसपास क्षेत्र से अन्य स्थान पर पहुंचाने और जुलूस के मार्ग की साफ सफाई कराए जाने का निर्देश नगर पालिका को दिए जाने की मांग की है।

### नवयुवकों ने बचाई घायल घोड़े की जान

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** इंसान तो अपना दर्द किसी से भी कह सकता हैं लेकिन बेज़ुबान का दर्द कोई नहीं समझता बेजुबानों के साथ हो रहे अत्याचार एवं उनकी पीड़ा को जब कोई नहीं समझता तब ईश्वर उनकी मदद को कोई दूत भेज देता है। कुछ ऐसा ही हुआ डलमऊ में जहां दो नव युवकों की समझदारी से एक बेज़ुबान की जान बच गयी। डलमऊ के सलोन रोड पर बीती रात ट्रक ने एक घोड़े को टक्कर मार दी और फ़रार हो गया। टक्कर से घोड़े का पैर बुरी तरह ज़ख़्मी हो गया। वैसे तो उस मार्ग से सैकड़ो लोग गुजरे लेकिन किसी की नजर उस घायल बेजुबान घोड़े पर नहीं पड़ी लेकिन उधर से गुजर रहे पृथ्वी संरक्षण के सदस्य आयुष्मान और शिव की नज़र दर्द से तड़पते घोड़े पर पड़ी, पहले तो उन्होंने घोड़े के ज़ख़्मों को साफ़ किया फिर पशु चिकित्सक को बुला उसका सम्पूर्ण उपचार करवाया और उपचार का संपूर्ण खर्चा दोनों नवयुवकों ने वहन किया इसके पहले भी आयुष्मान ने कई बेज़ुबानो की जान बचाई है।आयुष्मान और शिव की के इस सराहनीय कार्य की हर कोई तारीफ़ कर रहा है।

### जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में गणित किट प्रशिक्षण सम्पन्न



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली के तत्वाधान में दिनांक 8/8/2024 से जिले के बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित कक्षा 3 से 5 के विद्यालयों के गणित शिक्षकों हेतु आयोजित गणित की नवाचारी शिक्षण विधियों एवं गणित किट का प्रयोग आधारित 3 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्राचार्य जय प्रताप सिंह द्वारा प्रशिक्षण समन्वयक किरन कुशवाहा एवं संदर्भदाताओं अशोक कुमार मिश्रा, गौरवदीप तथा प्रीति वर्मा को प्रशस्ति पत्र तथा सभी सम्मानित शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए सभी शिक्षकों के प्रशिक्षण में बताई गई नवाचारी शिक्षण विधियों एवं गणित किट का विद्यालय में नियमित रूप से प्रयोग करने को कहा गया। प्रशिक्षण के सफल संचालन में प्रशिक्षण की समन्वयक किरन कुशवाहा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल वर्मा एवं खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय धर्मेश कुमार उपस्थित रहे।

## प्रधान जमोलिया द्वारा मनाया जाएगा भव्य कृष्ण जन्मोत्सव



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अंजनी कुमार गुप्ता प्रधान जमोलिया द्वारा भव्य श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। ग्राम प्रधान जमोलिया अंजनी कुमार गुप्ता ने बताया कि 26 अगस्त2024 दिन सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 26 अगस्त को सायं 7:00 बजे से श्रद्धा म्यूजिकल ग्रुप रायबरेली एवं साहिल सम्राट कानपुर द्वारा झांकी एवं आर्केस्ट्रा रात्रि 12:00 बजे प्रसाद वितरण व प्रीतिभोज का आयोजन किया गया है 27 अगस्त 2024 दिन मंगलवार दिन में 1:00 बजे से जवाबी आल्हा गायिका अल्का वाजपेई उन्नाव जयशंकर त्रिवेदी लालगंज के द्वारा आल्हा गायन का कार्यक्रम रखा गया है ।ग्राम प्रधान अंजनी कुमार गुप्ता ने समस्त क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि 26 अगस्त 2024 दिन सोमवार को पधार कर झांकी की शोभा बढ़ाएं वह प्रीतिभोज में शामिल होकर पुण्य का लाभ कमाए ।ग्राम प्रधान ने कहा कि समस्त कार्यक्रम मऊ बाजार रायबरेली में संपन्न होंगे।

## न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज रायबरेली मे आजाद हाउस के सौजन्य से श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में श्री कृष्ण की बाल लीलाओं से संबंधित झाकियां सजाई गई जो की संपूर्ण मथुरा के स्थानों से परिचित कराता है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के सुअवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने मनभावन आराध्य प्रभु श्री कृष्ण और राधा रानी का पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन किया। श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की मनमोहक झाकियों में से कंश कारागार, माखन चोरी, ओखली बंधन, कालिया मर्दन, कृष्ण सुदामा मिलन और मां यशोदा द्वारा कृष्ण को पालने में झुलाना और गोवर्धन पर्वत आदि की रहीं। प्री-प्राइमरी विंग के संपूर्ण बच्चे आज राधा कृष्ण के रूप में सजे हुए थे उन्हें देख कर ऐसा लग रहा था जैसे मानो कि संपूर्ण विद्यालय ब्रज मंडल मय हो गया हो और जिधर देखो राधा कृष्ण की छवि दिखाई दे रही थी। नन्हे-मुन्हे बच्चें विद्यालय प्रागण में क्रीड़ा कर रहे थे। मानो स्वयं श्री कृष्ण राधा जी के साथ ब्रज में विहार कर रहे हों। आज के कार्यक्रम में अश्मित, आर्या, श्रुति, वैष्णवी , नव्या,अंशिका,आनवी एवम आयुषी आदि छात्राओं द्वारा समूह नृत्य नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की व अनिष्का, रिचा, अनिका, सिमरन, अनन्या,रिया, सुरभी पूर्वा, आकर्षी आदि ने श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। जो मनमोहक रहा। संपूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में एक्टिविटी विभाग व सभी हाउस का योगदान सराहनीय रहा।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में संस्थान के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने अपने उद्बोधन में श्री कृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### डॉ. एहसान खान रोटरी क्लब में सदस्य नियुक्त



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** विश्व स्तरीय सामाजिक संस्था रोटरी क्लब बलरामपुर के जिला अध्यक्ष डॉ सौरभ सिंह ने साजिदा हास्पिटल ग्रुप व एसएसबी इन्टर कालेज के प्रबंधक डॉ एहसान खान को रोटरी क्लब में सदस्य नियुक्त किया है । रोटरी क्लब का सदस्य बनाएं जाने पर डॉ एहसान खान ने कहा कि राजनैतिक और सामाजिक जीवन में अपने सामर्थ्य के अनुसार हम से जो हो सका, अंतिम छोर के लोगों के हितों को साधकर जो कुछ भी किया है, उसी की देन है। आज जनपद की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब बलरामपुर ने रोटेरियन (क्लब सदस्य) बनाकर बहुत बड़ा सम्मान देने का काम किया है। मैं हृदय की गहराइयों से इस संस्था के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं। डॉ एहसान खान को रोटरी क्लब का सदस्य बनाएं जाने पर डॉ देवेश श्रीवास्तव डॉ अब्दुल कयूम, डॉ ज़ुबैर, आरिस बिन अफ़ज़ल, परमजीत सिंह, डॉ अतिफ, भूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नूर मोहम्मद, उतरौला विकास समिति अध्यक्ष विनय कुमार, डॉ अताउल्लाह खान,मोहम्मद इजहार खां पप्पू, मोनू ख़ान, अयूब खान आदि ने बधाई देते हुए खुशी का इजहार किया है।

## इमामिया ट्रस्ट अध्यक्ष ऐमन रिजवी ने नायब तहसीलदार उतरौला सौंपा ज्ञापन



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

मुस्लिम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के संदर्भ में राम गिरि महराज के द्वारा आपत्ति जनक टिप्पणी के विरोध में इमामिया ट्रस्ट अध्यक्ष ऐमन रिजवी ने गांधी पार्क में महामहिम को राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार उतरौला सौंपा।

दिए गए पत्र में कहा है कि मुस्लिम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के संदर्भ में राम गिरि महराज के द्वारा आपत्ति जनक भाषा का प्रयोग किया गया है जिससे करोड़ो मुस्लिम संप्रदाय के लोगों की आस्था आहत हुई है ऐसी आपत्ति जनक बयान की हम घोर निंदा करते हैं।और मांग करते हैं कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये।उन्होंने कहा है कि मुस्लिम समुदाय हमेशा शांति प्रिय तथा अमन शांति चाहता है।परन्तु मुस्लिम समाज अपने धर्म व पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का अपमान बर्दास्त नही करेगा।राम गिरि महाराज के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है।जिससे देश का माहौल बिगाड़ने वाले लोगों का हौसला पस्त हो सके।

## सामूहिक समरसता भोज आयोजित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



श्री शिव महापुराण एवं श्रवण मास की समाप्ति के अवसर पर श्री दुःख हरण नाथ मंदिर परिसर उतरौला में भव्य सामूहिक समरसता भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मंदिर समिति के सदस्यों, गणमान्य व्यक्तियों, एवं स्थानीय पत्रकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और समाज के सभी वर्गों के बीच एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करना था।

मंदिर समिति के व्यवस्थापक एवं सदस्यों ने इस कार्यक्रम की तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने समरसता भोज के आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ कीं और सभी आगंतुकों के स्वागत में तत्पर रहे। उनके इस समर्पण को देखते हुए, समिति के सदस्यों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### गणमान्य व्यक्तियों और पत्रकारों का सम्मान

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों,आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता और विभिन्न समाचार पत्रों के पत्रकारों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था और उनके समाज में योगदान को मान्यता देते हुए, उन्हें भी सम्मानित किया गया। पत्रकारों की भूमिका को खास तौर पर सराहा गया, क्योंकि वे समाज के विभिन्न मुद्दों को उजागर कर समाज में जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर दु:ख हरण नाथ मंदिर के महंत मयंक गिरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और सद्भावना का संदेश फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया।आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने कहा कि इस आयोजन ने न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया, बल्कि समाज में समरसता और एकता की भावना को भी मजबूत किया। दु:ख हरण नाथ मंदिर समिति के इस प्रयास को सभी वर्गों के लोगो ने सराहा और इसे सफल बनाने के लिए सभी ने अपना सहयोग दिया।

## 469 गर्भवती महिलाओं का किया गया नि:शुल्क अल्ट्रा साउंड

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को जनपद बलरामपुर के दो जिला स्तरीय चिकित्सालय जिला संयुक्त चिकित्सालय जिला महिला चिकित्सालय बलरामपुर , नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित कुल ग्यारह स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मनाया गया। जनपद में आज आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में कुल 1032 गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया, 118 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क प्रिग्नेंसी के रूप में चिन्हित किया गया, कुल 305 महिलाओं का नि:शुल्क अल्ट्रा साउंड करवाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंद नगर खजुरिया में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी अनुपस्थित पाया गया। सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मी का अनुपस्थित अवधि का वेतन रोकने हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बलरामपुर डॉ जावेद अख्तर को निर्देशित किया।निरीक्षण किए जाने के समय तक कुल 12 गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया था। सीएमओ ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नंद नगर खजुरिया डॉ ओम नाथ को निर्देशित किया कि सभी गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व समस्त जांचें अवश्य कर लिया जाय । सीएमओ बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि इस दिन गर्भवती महिलाओं, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान की जाती है और उनका इलाज किया जाता है और उनके लिए उचित जन्म योजना तैयार की जाती है, क्योंकि उन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल प्रदान करके मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। इस दौरान प्रसव से पहले, प्रसव के दौरान और बाद में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। निरीक्षण के समय जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डीएमओ राजेश पाण्डेय एवम् सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंद नगर खजुरिया के समस्त स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## डार्क वेब से विदेशों में डाटा बेचने वाले युवक को एटीएस ने दबोचा

**सादुल्लानगर (बलरामपुर ), समृद्धि न्यूज।**



पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को संवेदनशील सूचनाओं साझा करने के आरोप में सादुल्लानगर इलाके के नूर आलम की गिरफ्तारी की खबर से हर कोई हद प्रभ है ।नूर आलम दिल्ली में रहकर प्लास्टर ऑफ पेरिस का काम करता था। कुछ माह पहले ही गांव लौटा है। ऐसे में उसकी गिरफ्तारी ने स्थानीय खुफिया इकाइयों की सक्रियता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सादुल्लानगर के भेलया मदनपुर गांव निवासी नूर आलम को आतंकवाद निरोधक दस्ते ने बृहस्पतिवार को संवेदनशील सूचनाओं टेलीग्राम के माध्यम से आईएसआई को साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। नूर आलम भेलयामदनपुर गांव के माली डीह मजरे में रहता है

प्रधान प्रतिनिधि मसीहुद्दीन सिद्दीकी ने बताया नूर आलम दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम करता था। वह लोगों के घरों में पेरिस ऑफ प्लास्टर का काम करता था। करीब दो-तीन माह पहले ही गांव आया था।

बताया कि वह दो भाई है। पिता सफात अली के पास साढे चार बीघा जमीन है जिसपर परिवार के लोग फूलों की खेती करते हैं।,परिवार के पास एक कमरा एक बरामदा का पुराना जर्जर घर है जिसमें परिजन जीवन यापन करते हैं, परिवार में आरोपी नूर आलम 21वर्ष, जिसने हाई स्कूल का पढ़ाई कर पी ओ पी के काम करने के लिए बम्बई, दिल्ली, लखनऊ गया था, 5 माह से घर पर था गांव में आनलाइन पबजी ,और गेम खेलता था , आरोपी दो भाई दो बहन है, गुलशन व नूर आलम जोड़वा थे, सहजादी, छोटा भाई असगर अली एजी हाशमी इण्टर कालेज सादुल्लहनगर में पढ़ाई कर रहा है, प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि नूर आलम का कद काफी छोटा है। उसके परिवार की स्थिति ठीक नहीं है। मगर किसी को जरा भी अंदाजा न था। कि वह ऐसी कोई करतूत कर सकता है। नूर आलम की गिरफ्तारी से गांव के लोग आश्चर्यचकित है ।वहीं नूर आलम की गिरफ्तारी से स्थानीय खुफिया इकाई की सक्रियता भी सवालों के घेरे में है।

मामले में पुलिस के बड़े अधिकारी भी कुछ कहने से बचते नजर आ रहे हैं। थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह का कहना है। कि इस बारे में अभी ज्यादा जानकारी तो नहीं है ।लेकिन नूर आलम का कोई अपराधिक इतिहास नहीं है। एएसपी नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि हमें ऐसी कोई कार्रवाई की जानकारी नहीं है।

## टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रतियोगिताएं आयोजित

▸ बच्चों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उतरौला में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 में सर्वश्रेष्ठ नंबर लाने वाले 10 विद्यार्थियों को भी हिंदुस्तान प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत कई प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें शैक्षिक और सांस्कृतिक दोनों तरह की गतिविधियाँ शामिल थीं। छात्रों ने वाद-विवाद, चित्रकला, निबंध लेखन, गायन, नृत्य, विज्ञान प्रदर्शनी,कुकिंग तथा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी जैसी अनेक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक, रचनात्मक और सांस्कृतिक विकास को प्रोत्साहित करना था। स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रत्येक प्रतियोगिता में छात्रों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। निर्णायक मंडल ने बच्चों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिताओं के समापन के बाद एक विशेष पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने सभी बच्चों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने इस अवसर पर कहा कि 卐इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य न केवल बच्चों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और रचनात्मकता को भी विकसित करना है। मुझे गर्व है कि हमारे विद्यालय के बच्चों ने इस मंच का पूरी तरह से लाभ उठाया और अपनी प्रतिभा को निखारा।卐 उन्होंने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने बच्चों की प्रतिभा को उभरने का अवसर प्रदान किया। इस आयोजन ने न केवल छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया, बल्कि उनके आत्मविश्वास और कौशल को भी विकसित किया। विद्यालय के। डायरेक्टर सैफ अली ने इस तरह के आयोजनों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया, ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास में निरंतर योगदान दिया जा सके।इस अवसर पर अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता,राशिद रिजवी,फजल जाफरी,दिनेश गुप्ता,शिव शंकर गुप्ता,महेश कुमार,कामेश्वर दत्त तिवारी,समेत अन्य अध्यापक गण मौजूद रहे।

### गणनायक बने बछरावां सीएचसी के नायक



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में अधीक्षक रहे डॉक्टर अनिल कुमार जैसल को जिला मुख्यालय से संबद्ध किया गया है और बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक का कामकाज ईमानदार एवं होनहार चिकित्सक गणनायक पांडे की मजबूत कंधों को सौपा गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि डॉक्टर अनिल कुमार जैसल लेबर 4 के चिकित्सक हैं शासन की मंसा पर उन्हें मुख्यालय से संबद्ध करके एसीएमओ का काम लिया जाएगाद्य इसके अलावा महाराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर भावेश यादव को बेला भेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल अधिकारी के रूप में भेजा गया है।

## कमला की दावेदारी

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिये डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के विधिवत पार्टी प्रत्याशी घोषित होने के बाद आगामी पांच नवंबर को होने वाले चुनावी मुकाबले की स्थिति स्पष्ट हो गई है। अब चुनावी मैदान में कमला हैरिस की दमदार उपस्थिति से समीकरण बदल गए हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप, जो पिछले महीनों में अजेय बढ़त लेते दिख रहे थे, अब पहले जैसी स्थिति में नहीं हैं। खासकर एक जनसभा में उनकी कथित हत्या के प्रयास में बाल-बाल बचने के बाद उन्होंने जिस तरह निडरता से अपनी मुट्ठी तानकर अपनी सशक्त अभिव्यक्ति दी थी, उससे वे सहानुभूति के चलते बढ़त लेते नजर आ रहे थे। तब राष्ट्रपति जो बाइडेन का चुनाव अभियान लगातार पिछड़ता नजर आ रहा था, जिससे ट्रंप खासे उत्साहित थे। लेकिन अब चुनाव अभियान से जुड़ी स्थितियां पिछले कुछ हफ्तों में तेजी से बदलती नजर आ रही हैं। दरअसल, सेहत के मुद्दे तथा शिथिल प्रदर्शन के चलते डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफसे बाइडेन पर राष्ट्रपति चुनाव के लिये दावेदारी वापस लेने का लगातार दबाव बढ़ता गया। कालांतर भारी दबाव के बाद बाइडेन ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिये अपनी दावेदारी को वापस ले लिया। जिसके बाद भारतीय और जमैका के अप्रवासियों की बेटी कमला हैरिस के चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

धीरे-धीरे चुनावी मुहिम में तेजी आई और डेमोक्रेट सही मायनों में पटरी पर लौटते नजर आए हैं। जिससे पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप के लिये असहज स्थितियां बनने लगी। निस्संदेह, कुशल वक्ता के रूप में दमदार उपस्थिति से कमला हैरिस ने अमेरिकी जनमानस का ध्यान खींचा। इतना ही नहीं, उन्हें डेमोक्रेट पार्टी के दिग्गज नेताओं का भी खुला समर्थन मिला। जिसमें पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन के दमदार भाषणों ने कमला हैरिस की दावेदारी को और सशक्त बनाया। कुल मिलाकर पार्टी के कमला को विधिवत प्रत्याशी घोषित करने वाले सम्मेलन के बाद चुनावी अभियान में उन्हें बढ़त मिलती दिख रही है। निस्संदेह, आने वाले दिनों में चुनावी मुकाबला कड़ा होता जाएगा। एक मुखर व बेबाक वक्ता के रूप में कमला हैरिस अमेरिकी जनमानस को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने जनमानस की आकांक्षाओं के अनुरूप संदेश देने का प्रयास किया है कि व्हाइट हाउस में एक 'अगंभीर आदमी' की वापसी के 'गंभीर परिणाम' अमेरिकी जनता को भुगतने पड़ सकते हैं। दरअसल, अभी तक वर्तमान राष्ट्रपति बाइडेन को केंद्र में रखकर आक्रामक नीति बनाने वाले ट्रंप को अब मैदान में कमला हैरिस के उतरने के बाद नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ रही है।

# फैसला वापस लेने को मजबूर मोदी

**प्रो. रविकांत**



**नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि लैटरल एंट्री में भी सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो। इस तरह यह फैसला भी वापस हो गया। इस फैसले ने तय कर दिया है कि अब भारत की राजनीति का पहिया पूरी तरीके से घूम चुका है। पिछले एक दशक से चल रही कॉर्पोरेट हितैषी हिंदुत्व की राजनीति का समय अब समाप्त हो गया है। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव ने ही यह तय कर दिया था कि अब राजनीति दलितों-वंचितों के साथ सामाजिक न्याय के रथ पर सवार होकर आगे बढ़ रही है। नरेंद्र मोदी की हिंदुत्व की राजनीति के लिए अब कोई मौका नहीं है। ऐसे में उन्हें लगातार इस तरह के फैसले वापस लेने पड़ रहे हैं। अब जबकि हिंदुत्व की राजनीति का चक्र पूरा हो चुका है और राजनीति सामाजिक न्याय की धुरी पर आकर केंद्रित हो गई है, ऐसे में वे तमाम मुद्दे अब सामने आएंगे जिनसे नरेंद्र मोदी अब तक बचते रहे हैं। राहुल गांधी ने 20 अगस्त की शाम को ट्वीट करके लैटरल एंट्री की वापसी को संविधान की जीत बताया और जाति जनगणना तथा 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को खत्म करने की मांग दोहराई।**

नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल के दो महीने के भीतर तीन बड़े फैसले वापस लेने के लिए मजबूर हुए हैं। पहले, वक्फबोर्ड संपत्ति मामले में बिल लाकर भारतीय जनता पार्टी ने मुस्लिम समाज को एक बार फिर से खलनायक बनाने की कोशिश की, लेकिन एनडीए के सहयोगी दलों खासकर चंद्रबाबू नायडू के विरोध और नीतीश कुमार की खामोशी के कारण नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे जेपीसी को सौंप दिया। जाहिर तौर पर अब इस बिल का ना तो वह स्वरूप होगा और ना ही इसके जरिए भारतीय जनता पार्टी हिंदू मुसलमान राजनीति करने में कामयाब हो सकेगी।

इसके बाद नए ब्रॉडकास्ट बिल को लेकर नरेंद्र मोदी ने बहुत मजबूती के साथ कदम बढ़ाया लेकिन विपक्ष के दबाव और लगातार बढ़ती असहमतियों की आवाजों के कारण सरकार यह बिल संसद में पेश करने से पहले ही पीछे हट गई। इसके बाद 20 अगस्त को एक बहुत महत्वपूर्ण फैसला नरेंद्र मोदी ने वापस किया लिया। दरअसल, 17 अगस्त को यूपीएससी की तरफ से जारी विज्ञापन में 24 विभागों की 45 उप सचिव, संयुक्त सचिव और निदेशक जैसे पदों के लिए लैटरल एंट्री का विज्ञापन जारी गया था। इसमें आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं था। लिहाजा, राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव, मायावती, मल्लिकार्जुन खड़गे और तेजस्वी यादव समेत समूचे इंडिया गठबंधन के दलों ने लैटरल एंट्री के विरोध में मोर्चा खोल दिया। इसके साथ-साथ एनडीए के घटक दल के सहयोगी चिराग पासवान ने खुलकर लैटरल एंट्री का विरोध किया और सरकार के समक्ष इस मुद्दे को उठाने का ऐलान किया। इसके बाद जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने लैटरल एंट्री का सधे शब्दों में विरोध किया और सरकार से इसे वापस लेने का अनुरोध करते हुए कहा कि इससे इंडिया गठबंधन को हमला करने का मौका मिलेगा। इसका परिणाम यह हुआ कि 20 अगस्त की दोपहर होते-होते केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की तरफ से लैटरल एंट्री का निरस्त्रीकरण संबंधी पत्र जारी किया गया। इस पत्र के हवाले से जितेंद्र सिंह ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि सिंगल पदों पर कोई आरक्षण का प्रावधान क्यों नहीं है। नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि लैटरल एंट्री में भी सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो। इस तरह यह फैसला भी वापस हो गया। इस फैसले ने तय कर दिया है कि अब भारत की राजनीति का पहिया पूरी तरीके से घूम चुका है। पिछले एक दशक से चल रही कॉर्पोरेट हितैषी हिंदुत्व की राजनीति का समय अब समाप्त हो गया है। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव ने ही यह तय कर दिया था कि अब राजनीति दलितों-वंचितों के साथ सामाजिक न्याय के रथ पर सवार होकर आगे बढ़ रही है। नरेंद्र मोदी की हिंदुत्व की राजनीति के लिए अब कोई मौका नहीं है। ऐसे में उन्हें लगातार इस तरह के फैसले वापस लेने पड़ रहे हैं। अब जबकि हिंदुत्व की राजनीति का चक्र पूरा हो चुका है और राजनीति सामाजिक न्याय की धुरी पर आकर केंद्रित हो गई है, ऐसे में वे तमाम मुद्दे अब सामने आएंगे जिनसे नरेंद्र मोदी अब तक बचते रहे हैं।

राहुल गांधी ने 20 अगस्त की शाम को ट्वीट करके लैटरल एंट्री की वापसी को संविधान की जीत बताया और जाति जनगणना तथा 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को खत्म करने की मांग दोहराई। जाहिर है कि राहुल गांधी का अगला कदम जाति जनगणना और आरक्षण की सीमा 50 फीसदी को हटाए जाने की मुहिम होगी। नरेंद्र मोदी पिछले 4 साल से जाति जनगणना के मुद्दे से मुंह छुपा रहे हैं। 2020-21 में उन्हें एक मौका कोरोना की आपदा ने दिया था। कोरोना प्रोटोकॉल के नाम पर उन्होंने जनगणना को ही टाल कर दिया था। हालांकि इस दरमियान विधानसभा से लेकर पंचायत तक के चुनाव संपन्न हुए और खुद नरेंद्र मोदी ने सैकड़ों सभाएं कीं। राहुल गांधी ने पहले भारत जोड़ो यात्रा और उसके बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी जाति जनगणना का मुद्दा बड़ी मजबूती से उठाया था। इसका परिणाम यह हुआ कि नरेंद्र मोदी जनगणना से ही भागते रहे। प्रति दस साल बाद होने वाली जनगणना आजादी के बाद पहली बार अवरुद्ध हुई है। दरअसल, जाति जनगणना नरेंद्र मोदी के लिए आगे कुआं और पीछे खाई जैसी स्थिति है। नरेंद्र मोदी अगर जाति जनगणना नहीं कराते हैं तो ओबीसी उनके हाथ से निकल जायेगा और अगर कराते हैं तो श्रेय राहुल गांधी को जाएगा। सवर्ण जातियां जाति जनगणना कतई नहीं चाहतीं। यही बीजेपी का आधार वोटबैंक हैं। लेकिन इसकी तादात 12-15 फीसदी से अधिक नहीं है। केवल सवर्णों के सहारे बीजेपी कभी चुनाव नहीं जीत सकती। जाति जनगणना का मुद्दा पहले बिहार में मुखर हुआ था। विपक्ष में रहे तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मिलकर नरेंद्र मोदी से जाति जनगणना कराने का आग्रह किया। लेकिन जब बिहार में एनडीए की सरकार टूट गई और महागठबंधन की सरकार बनी, तो नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की सरकार ने बिहार में जाति जनगणना और आर्थिक सर्वेक्षण कराया।

बिहार में जो डेमोग्राफी सामने आई, उससे भारतीय जनता पार्टी के पैरों तले से जमीन खिसक गई। सवर्ण अगड़ी जातियों की संख्या को अभी तक जितना बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया था, उसकी कलई खुल गई। दूसरी तरफ भाजपा कुछ पिछड़ी और दलित जातियों पर आरोप लगाती रही है कि राजनीतिक प्रभुत्व के जरिए यादवों ने सरकारी नौकरियां ज्यादा हासिल की हैं। पिछड़ों के आरक्षण की मलाई अकेले यादव ही हड़प गए। लेकिन बिहार की जाति जनगणना ने स्पष्ट कर दिया कि सरकारी नौकरियों से लेकर संपत्ति और संसाधनों पर अगड़ी सवर्ण जातियों का कब्जा है। इससे भारतीय जनता पार्टी की यादव विरोधी मुहिम कमजोर पड़ती है और दूसरे अगड़ी जातियों की संपन्नता और सरकारी नौकरियों तथा संसाधनों पर वर्चस्व से अगड़ा और पिछला विभाजन ज्यादा मजबूत होता है। यह स्थिति भारतीय जनता पार्टी की राजनीति के लिए खतरनाक है। नरेंद्र मोदी के पास जाति जनगणना की क्या कोई काट मौजूद है? जाति जनगणना के बरक्स उनके पास केवल एक ट्रंप कार्ड है। रोहिणी कमीशन की रिपोर्ट लागू करके नरेंद्र मोदी अति पिछड़ों को ओबीसी के भीतर अलग आरक्षण का प्रावधान कर सकते हैं। कर्पूरी ठाकुर के फार्मूले के अनुसार भी अति पिछड़ों को अलग आरक्षण दिया जाना चाहिए। यह सामाजिक न्याय के लिए जरूरी भी है।

## विचार

# पाकिस्तान के हालात बांग्लादेश से ज्यादा खराब

**डॉ. अनिल कुमार निगम**



**कोलंबो में राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के भवन को घेर लिया। गोटबाया को देश छोड़ कर भागना पड़ा था। दूसरी घटना है 5 अगस्त 2024 की है जब बांग्लादेश में दो महीने से जारी आरक्षण विरोधी आंदोलन बेकाबू हो गया। भारी आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ करते प्रदर्शनकारी पीएम हाउस में घुस गए। पीएम शेख हसीना ने इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में पहले भी सरकार के तख्तापलट का इतिहास रहा है। वर्ष 1958 में पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति मेजर जनरल इसकंदर मिर्जा ने पाकिस्तानी सांसद और प्रधानमंत्री फिरोज खान नून की सरकार को भंग कर दिया था।**

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट होने के बाद सवाल उठ रहा है कि क्या दक्षिण एशिया के इस क्षेत्र में तीसरी बार भी ऐसी घटना होगी क्या अगला नंबर पाकिस्तान का है? यह सवाल सोलह आना खरा इसलिए है क्योंकि इस समय पाकिस्तान के हालात काफी खराब हैं और वहां पर सरकार के खिलाफ कई आंदोलन चल रहे हैं। पाकिस्तान अनेक भीषण चुनौतियों और संकटों से जूझ रहा है। पाकिस्तान के अंदर जिस तरह के विरोध प्रदर्शन और आंदोलन चल रहे हैं, उससे आभास होता है कि वहां भी सरकार के खिलाफ विद्रोह भड़कने की कगार पर है। यह बात इसलिए दावे के साथ कही जा सकती है क्योंकि बांग्लादेश की तरह पाकिस्तान में भी तख्तापलट का इतिहास रहा है। रावलपिंडी में जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व में हजारों लोग बेरोजगारी व महंगाई के विरोध में सड़कों पर उतर कर शहबाज शरीफ को धमका रहे हैं कि उनका हश्र हसीना से बुरा होगा। दरअसल, पाकिस्तान स्टूडेंट फेडरेशन (पीएसएफ) ने 30 अगस्त तक पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहा करने की मांग की है। स्टूडेंट फेडरेशन ने पाकिस्तान की सरकार को अल्टीमेटम जारी किया। छात्रों की मांग है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बेगुनाह हैं और जल्द उनको कैद से बाहर निकाला जाए।

यहां पर भारत के दो पड़ोसी देशों में हुई दो घटनाओं की चर्चा उचित होगी। पहली घटना 8 जुलाई 2022 की है। श्रीलंका सरकार ने इसी तारीख को ऐलान किया था कि देश दिवालिया हो गया। जिसके बाद हजारों की संख्या में श्रीलंकाई सड़कों पर उतर आए। कोलंबो में राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के भवन को घेर लिया। गोटबाया को देश छोड़ कर भागना पड़ा था। दूसरी घटना है 5 अगस्त 2024 की है जब बांग्लादेश में दो महीने से जारी आरक्षण विरोधी आंदोलन बेकाबू हो गया। भारी आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ करते प्रदर्शनकारी पीएम हाउस में घुस गए। पीएम शेख हसीना ने इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि पाकिस्?तान में पहले भी सरकार के तख्तापलट का इतिहास रहा है। वर्ष 1958 में पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति मेजर जनरल इसकंदर मिर्जा ने पाकिस्तानी सांसद और प्रधानमंत्री फिरोज खान नून की सरकार को भंग कर दिया था। इसके साथ ही उन्होंने देश में मार्शल लॉ लागू कर आर्मी कमांडर इन चीफ जनरल अयूब खान को देश की बागडोर सौंप दी थी। महज 13 दिन बाद ही अयूब खान ने तख्तापलट करते हुए देश के राष्ट्रपति को पद से हटा दिया था। पाकिस्तान का दूसरा तख्तापलट आर्मी चीफ जनरल जिया उल हक द्वारा किया गया था। जिया उल हक ने 4 जून 1977 को देश के प्रधानमंत्री जुल्फीकार अली भुट्टो को पद से हटा दिया था। इस तख्तापलट को ऑपरेशन फेयर प्ले के नाम से भी जाना जाता है। इसी तरह से पाकिस्तान में तीसरी बार सरकार का तख्तापलट 1999 में आर्मी चीफ परवेज मुशर्रफ ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार का तख्तापलट किया था। पिछले कुछ समय से पाकिस्तान में उथल-पुथल चल रही है लेकिन बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद पाकिस्तान में लोगों का असंतोष चरम पर पहुंच गया है। रावलपिंडी शहर के मुख्य केंद्र मुर्री रोड पर सड़क को बंद करके जमात-ए इस्लामी का धरना चल रहा है, जहां हजारों लोग बैठे हैं और मांग कर रहे हैं कि शहबाज शरीफ सरकार बेरोजगारी, मुद्रास्फीति का तत्काल समाधान करे और विशेष रूप से नागरिकों के बिजली बिलों में वृद्धि को कम करे। इस बीच बलूचिस्तान के एकमात्र बंदरगाह शहर ग्वादर सहित कई अन्य शहरों में पिछले दो हफ्ते से धरना-प्रदर्शन जारी है। रावलपिंडी के विरोध प्रदर्शन के विपरीत बलूचिस्तान में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें भी देखी गई हैं, जहां गोलीबारी में कई लोग मारे गए, दर्जनों घायल हुए और कई लोगों को सरकारी एजेंसियों द्वारा उठा लिया गया। इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व एक युवा बलोच महिला डॉ. महरंग बलोच कर रही हैं, जो मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं। इसके अलावा बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी बलूचिस्तान को अलग देश बनाने की मांग करती रही है। उत्तरी इलाकों में भी लोग पिछले कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने काराकोरम हाईवे को जाम कर दिया है, जो खुंजराब दर्रे के माध्यम से पाकिस्तान को चीन से जोड़ रहा है।

वे संघीय राजस्व बोर्ड और पाकिस्तान सीमा शुल्क के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में व्यापारियों पर कर लगाया है। पाकिस्तान से चीन जाने के इच्छुक कई विदेशी भी यहां फंस गए हैं और उन्हें प्रदर्शनकारियों के साथ बैठे देखा जा सकता है। वास्तविकता यह है पाकिस्तान के हर हिस्से में विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। यही नहीं, सिंध प्रांत और पाक अधिकृत कश्मीर में पहले से पाकिस्तानी शासकों द्वारा भेदभाव करने के चलते असंतोष चरम पर है। दूसरी ओर पाकिस्तान फिलहाल भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है और नकदी की कमी के कारण उसे भुगतान संकट का सामना करना पड़ रहा है।

# मार्केटिंग फोन कॉल्स, जीवन में करें बवाल

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

ये बात सही है कि लोगों की जिंदगी में स्मार्टफोन क्या आया जैसे उनका संसार ही बदल गया। बहुत से लोग ऐसे हैं जिनके लिए ये सिर्फ फोन नहीं, उससे बढ़कर है। स्मार्टफोन से आप ना सिर्फ किसी से बात कर सकते हैं बल्कि इंटरनेट के संसार को उंगलियों में नचा सकते हैं। लेकिन तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है और वो ये है कि फोन में आने वाली अनचाही या अनजानी कॉल्स। जो वक्त बेवक्त कभी भी आकर आपको परेशान कर सकती हैं और आप चाहकर भी कुछ नहीं कर पाते। आप फोन उठाने से पहले इतना भी नहीं जान पाते कि आपको ये फोन कॉल कौन कर रहा है।

वक्त-बेवक्त मोबाइल फोन पर आने वाले अनचाहे कॉल्स सभी के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। टेलीमार्केटिंग यानी कॉल्स के जरिये सामान, बैंक लोन, क्रेडिट कार्ड समेत अन्य उत्पाद खरीदने के लिए लोगों को दिन में कई बार किए जाने वाले कॉल्स से मध्य प्रदेश के बाशिंदे भी जूझ रहे हैं। अधिकतर मोबाइल फोन उपभोक्ता तो इन नंबरों को ब्लॉक कर देते हैं, पर टेलीमार्केटिंग कंपनियां अन्य नंबरों से फोन करती हैं। मोबाइल फोन पर अनचाही कॉल से परेशान लोगों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जिन उपभोक्ताओं ने डू नॉट कॉल में अपने फोन का नंबर रजिस्टर कराया है। अगर उनके फोन पर कोई कॉल आती है तो उस कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तमाम कंपनियां अपने प्रोडक्ट के लिए जब चाहे कॉल करके लोगों को परेशान करती रहती हैं। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर सरकार को कड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जिन उपभोक्ताओं ने अपने मोबाइल फोन नंबर को डू नॉट काल में रजिस्टर कराया है। उनके फोन पर कोई भी अनचाही कॉल नहीं आनी चाहिए। इसके साथ ही उन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने को भी कहा है जो टेलीसर्विस करती हैं। लेकिन उन्होंने संचार मंत्रालय में इसके लिए अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। अनचाही कॉल्स और मैसेज से परेशान लोग इन पर रोक लगने की उम्मीद को एक बार फिर अपने भीतर जिंदा कर सकते हैं। दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने इसे लेकर नए नियम बनाए हैं, जिनके मुताबिक किसी भी व्यावसायिक, टेलिमार्केटिंग या उनके लिए काम करने वाली कंपनी को कॉल या संदेश भेजने से पहले उपभोक्ता की मंजूरी लेना अनिवार्य होगा।

टेलीफोन रेगुलेटरी ऑफ इंडिया (ट्राई) की सख्ती के बाद भी लोगों के मोबाइल पर अनचाहे कॉल और एसएमएस धड़ल्ले से आ रहे हैं। ट्राई ने डू नॉट डिस्टर्ब (डीएनडी) सुविधा की शुरुआत 27 सितंबर 2011 से की थी। इसका उद्देश्य लोगों को अनचाहे कॉल और मैसेज से राहत दिलाना था। इसके बाद भी उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल रही है। इस सेवा के तहत लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसके बाद भी कॉल कर उपभोक्ताओं को डिस्टर्ब करने का सिलसिला जारी है। टेलीकॉम अधिकारियों के अनुसार, सेवा शुरू होने से लोगों को थोड़ी राहत अवश्य मिली है। रजिस्ट्रेशन के बाद भी अनचाहे कॉल आ रहे हैं, तो इसकी शिकायत ट्राई से की जा सकती है। इसके बाद ट्राई मोबाइल कंपनियों से जुर्माना वसूल कर उसे ब्लैक लिस्ट कर सकती है। उपभोक्ताओं को अनचाहे कॉल या मैसेज आने की शिकायत हो, तो वे इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

आप अपने सेल फोन पर आने वाली अनचाही कॉल्स से परेशान हैं तो यह खबर आपको थोड़ा सुकून देगी। अंत्येष्टि कार्यक्रम के दौरान एक शख्स के पास लोन का कॉल पहुंचा, उपभोक्ता अदालत ने कंपनी और कॉलर को पीड़ितों को मुआवजा देने का फैसला सुनाया। वडोदरा के उपभोक्ता फोरम ने टेलीकॉलर कंपनी आई-क्यूब और कॉलर कन्हैयालाल ठक्कर को अनचाही कॉल कर ग्राहक को परेशान करने की एवज में 20,000 रुपये मुआवजा अदा करने का फैसला सुनाया है। कॉलर सिटी बैंक का क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन बेच रहा था।



# राशिफल

**मेष:-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**बृषभ:-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुन:-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्क:-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंह:-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या:-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुला:-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनु:-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकर:-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ:-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीन:-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# भारतीय संस्कृति में जन्माष्टमी का महत्व

**योगेश कुमार गोयल**




**कंस की बहन थी देवकी, जिसका विवाह कंस ने ही यदुवंशी वसुदेव के साथ बहुत धूमधाम से सम्पन्न कराया। कंस जब देवकी को उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई कि हे कंस! जिस देवकी को तू इतने प्रेम से उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा है, उसी का आठवां बालक तेरा संहारक होगा। आकाशवाणी सुन कंस घबरा गया और देवकी की ससुराल पहुंच कर उसने अपने जीजा वसुदेव की हत्या करने के लिए तलवार खींच ली। तब देवकी ने अपने भाई कंस से निवेदन करते हुए वादा किया कि उसके गर्भ से जो भी संतान होगी, उसे वह कंस को सौंप दिया करेगी। कंस ने देवकी की विनती स्वीकार कर ली और वसुदेव-देवकी को कारागार में डाल दिया। कारागार में देवकी ने पहली संतान को जन्म दिया, जिसे कंस ने मार डाला। इसी प्रकार एक-एक कर उसने देवकी के सात बालकों की हत्या कर दी। जब कंस को देवकी के 8वें गर्भ की सूचना मिली तो उसने वसुदेव-देवकी पर पहरा और कड़ा कर दिया। आखिरकार वह घड़ी भी आ गई, जब देवकी ने कृष्ण को जन्म लिया। उस समय घोर अंधकार छाया हुआ था तथा मूसलाधार वर्षा हो रही थी।**

जन्माष्टमी का त्योहार भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में प्रतिवर्ष भाद्रपक्ष कृष्णाष्टमी को मनाया जाता है, जो इस वर्ष 26 अगस्त को मनाया जा रहा है। मान्यता है कि मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी ने कृष्ण को इसी दिन जन्म दिया था। भारतीय संस्कृति में जन्माष्टमी पर्व का इतना महत्व क्यों है, यह जानने के लिए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन और उनकी अलौकिक लीलाओं को समझना अनिवार्य है। बाल्याकाल से लेकर बड़े होने तक श्रीकृष्ण की अनेक लीलाएं विख्यात हैं। उन्होंने अपने बड़े भाई बलराम का घमंड तोड़ने के लिए हनुमान जी का आह्वान किया था, जिसके बाद हनुमान जी ने बलराम की वाटिका में जाकर बलराम से युद्ध किया और उनका घमंड चूर-चूर कर दिया था।

श्रीकृष्ण ने नररकासुर नामक असुर के बंदीगृह से 16100 बंदी महिलाओं को मुक्त कराया था, जिन्हें समाज द्वारा बहिष्कृत कर दिए जाने पर उन महिलाओं ने श्रीकृष्ण से अपनी रक्षा की गुहार लगाई और तब श्रीकृष्ण ने उन सभी महिलाओं को अपनी रानी होने का दर्जा देकर उन्हें सम्मान दिया था।पौराणिक कथाओं के अनुसार, द्वापर युग के अंत में मथुरा में अग्रसेन नामक राजा का शासन था। उनका पुत्र था कंस, जो अत्यंत क्रूर एवं अत्याचारी था। कंस ने बलपूर्वक अपने पिता से सिंहासन छीन लिया और स्वयं मथुरा का राजा बन गया। कंस की बहन थी देवकी, जिसका विवाह कंस ने ही यदुवंशी वसुदेव के साथ बहुत धूमधाम से सम्पन्न कराया। कंस जब देवकी को उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई कि हे कंस! जिस देवकी को तू इतने प्रेम से उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा है, उसी का आठवां बालक तेरा संहारक होगा। आकाशवाणी सुन कंस घबरा गया और देवकी की ससुराल पहुंच कर उसने अपने जीजा वसुदेव की हत्या करने के लिए तलवार खींच ली। तब देवकी ने अपने भाई कंस से निवेदन करते हुए वादा किया कि उसके गर्भ से जो भी संतान होगी, उसे वह कंस को सौंप दिया करेगी। कंस ने देवकी की विनती स्वीकार कर ली और वसुदेव-देवकी को कारागार में डाल दिया। कारागार में देवकी ने पहली संतान को जन्म दिया, जिसे कंस ने मार डाला। इसी प्रकार एक-एक कर उसने देवकी के सात बालकों की हत्या कर दी। जब कंस को देवकी के 8वें गर्भ की सूचना मिली तो उसने वसुदेव-देवकी पर पहरा और कड़ा कर दिया। आखिरकार वह घड़ी भी आ गई, जब देवकी ने कृष्ण को जन्म लिया। उस समय घोर अंधकार छाया हुआ था तथा मूसलाधार वर्षा हो रही थी। तभी वसुदेव जी की कोठरी में अलौकिक प्रकाश हुआ। उन्होंने देखा कि शंख, चक्र, गदा और पद्मधारी चतुर्भुज भगवान उनके सामने खड़े हैं। भगवान के इस दिव्य रूप के दर्शन पाकर वसुदेव और देवकी उनके चरणों में गिर पड़े। भगवान ने वसुदेव से कहा, ''अब मैं बालक का रूप धारण करता हूं। तुम मुझे तत्काल गोकुल में नंद के घर पहुंचा दो, जहां अभी एक कन्या ने जन्म लिया है। मेरे स्थान पर उस कन्या को कंस को सौंप दो। मेरी ही माया से कंस की जेल के सारे पहरेदार सो रहे हैं और कारागार के सारे ताले भी अपने आप खुल गए हैं। यमुना भी तुम्हें जाने का मार्ग अपने आप देगी। वसुदेव ने भगवान की आज्ञा पाकर शिशु को छाज में रख कर अपने सिर पर उठा लिया। यमुना में प्रवेश करने पर यमुना का जल भगवान श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श करने के लिए हिलोरें लेने लगा और जलचर भी श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श के लिए उमड़ पड़े।

गोकुल पहुंच कर वसुदेव सीधे नंद बाबा के घर पहुंचे। घर के सभी लोग उस समय गहरी नींद में सोये हुए थे पर सभी दरवाजे खुले पड़े थे। वसुदेव ने नंद की पत्नी यशोदा की बगल में सोई कन्या को उठा लिया और उसकी जगह श्रीकृष्ण को लिटा दिया। उसके बाद वसुदेव मथुरा पहुंच कर अपनी कोठरी में पहुंच गए। कोठरी में पहुंचते ही कारागार के द्वार अपने आप बंद हो गए और पहरेदारों की नींद खुल गई। कंस को जैसे ही कन्या के जन्म का समाचार मिला, वह तुरन्त कारागार पहुंचा और कन्या को बालों से पकड़ कर शिला पर पटक कर मारने के लिए ऊपर उठाया लेकिन कन्या अचानक कंस के हाथ से छूट कर आकाश में पहुंच गई। आकाश में पहुंच कर उसने कहा, ''मुझे मारने से तुझे कुछ लाभ नहीं होगा। तेरा संहारक गोकुल में सुरक्षित है।'' यह सुनकर कंस के होश उड़ गए। उसके बाद कंस ने उन्हें मारने के लिए अनेक प्रयास किए। कंस ने श्रीकृष्ण का वध करने के लिए अनेक भयानक राक्षस भेजे परन्तु श्रीकृष्ण ने एक-एक कर उन सभी का संहार कर दिया।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# खस्ताहाल बसों पर सफर करने को विवश यात्री

- रामनगर इलाके में यात्रियों समेत विधायक चरखारी के सुरक्षाकर्मियों ने बस को धक्का देकर ढलान से ऊपर चढ़ाया




**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

ज़िले में खस्ताहाल बसों के सहारे चल महोबा का बस डिपो चल रहा है। बसों की हालत की बात करें तो मामूली ढलान पर ही महोबा डिपो की बस ने दम तोड़ दिया। वहीं मौके पर यात्रियों व विधायक के सुरक्षाकर्मियों ने बस में धक्का लगाकर ढलान के ऊपर चढ़ाए जाने में मदद की। इस दौरान चरखारी विधायक ने एआरएम महोबा को फोन करके खस्ताहाल बसों को हटवाए जाने के लिए कहा है।

बताते चलें कि शहर कोतवाली के राम नगर इलाके से होकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के महोबा रोडवेज की बस ने ढलान के विपरीत दिशा में चढ़ने के दौरान दम तोड़ दिया। इस बीच वहां से गुजर रहे चरखारी विधान सभा 231 के विधायक डॉ. बृजभूषण राजपूत ने अपनी गाड़ी रोककर, बस यात्रियों के साथ साथ अपने सुरक्षाकर्मियों के द्वारा बस को धक्का लगवाकर चढ़ाई चढ़वाने में सहयोग किया। इतना ही नहीं ए आर एम महोबा से फोन पर बातचीत कर ऐसी खस्ताहाल बसों को हटवाए जाने की बात भी कही।

गौरतलब है कि अभी बीते माह बस के अंदर बारिश के पानी से भीग रहे यात्रियों का छाता लगाकर यात्रा करने का वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद यात्रियों की सुरक्षा व बसों के रखरखाव की पोल खुलती देखी गई थी। इसके बाद अब धक्काप्लेट बसों में यात्रियों अथवा राहगीरों द्वारा धक्का लगाना परिवहन निगम की फिर से पोल खोलता नज़र आ रहा है।

## नगरीय आशा के चयन के लिए चयन प्रक्रिया का होगा आयोजन : सीएमओ



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिले की नगरीय आशा चयन प्रक्रिया को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी आशाराम ने जानकारी दी कि जनपद महोबा में नगरीय आशा चयन के साक्षात्कार हेतु दिनांक 29 अगस्त 2024 दिन गुरुवार को प्रातः 10 बजे नवीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय महोबा पुलिस लाइन रोड महोबा में लिए जाएंगे।

इस हेतु समस्त अभ्यर्थी जिन्होने आशा हेतु आवेदन किया है अपने अपने मूल प्रमाण-पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग लेना सुनिश्चित करें। जिसके संबंध में बीते 24 अगस्त को कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पत्रांक संख्या मु. चि. अ./आशा चयन/सूचना/ 2024- 25/1790 जारी कर साक्षात्कार प्रक्रिया के आयोजन की जानकारी दी गई है।

# जल-वन व पर्यटन गोष्ठी आयोजित

- कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएफओ नरेंद्र सिंह ने की
- वक्ताओं ने रखे अपने विचार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



डीएफओ नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कजली महोत्सव में जल वन तथा पर्यटन गोष्ठी का आयोजन किया गया। पर्यटन गोष्ठी के संयोजक चित्रगुप्त श्रीवास्तव द्वारा अध्यक्ष का स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात प्राथमिक विद्यालय नगाराडांग जैतपुर के छात्रो द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। शव त्रिपाठी द्वारा संस्कृत में स्तुति वाचन किया गया।

लोक नृत्य पूर्व माध्यमिक विद्यालय पसवारा व बाल कवि सम्मेलन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सतारी के बच्चों ने प्रस्तुत किया। पर्यटन गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में कमलेश सिंह प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लघु सिंचाई विभाग से शशिकांत वर्मा, अरुण सक्सेना, शिवकुमार गोस्वामी, जगप्रसाद तिवारी, संगीताचार्य सुमित, राजू श्रीवास क्षेत्रीय वन अधिकारी, बेसिक शिक्षा से अनिल शुक्ला, जागेश्वर गौतम, शीतल प्रसाद कुलदीप द्विवेदी, अशोक शुक्ला जयशंकर त्रिवेदी उपस्थित रहे। पर्यटन गोष्ठी के पश्चात जिला पर्यटन अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि तथा आए हुए अतिथियों को पर्यटन साहित्य भेंट किया गया।

कार्यक्रम का संचालन जय नारायण तिवारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में मंच संयोजक ओमप्रकाश तिवारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मेला प्रभारी सीएल साहू, अरुण अवस्थी, नितेश तिवारी उपस्थित रहे।

## युवक ने चिकित्सकों के साथ की अभद्रता

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के सरकारी अस्पताल एक युवक ने चिकित्सकों के साथ अभद्रता कर धक्का मुक्की किया जिससे वहां हड़कंप मच गया और अच्छी खासी भीड़ इकट्ठा हो गई वहीं अस्पताल प्रशासन ने कोतवाली पुलिस मे सूचना भेज आरोपी युवक के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के लिए आग्रह किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर नगर के मराठी पूरा निवासी रूपेंद्र पुत्र श्री राम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर नशे की हालत में इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक शानिब शाहिद से अभद्रता एवं धक्का मुखी करने लगा वहां तैनात कर्मचारी एवं तीमारदारों कीअच्छी खासी भीड इकट्ठा हो गई घटना से आहत होकर अस्पताल प्रशासन ने कोतवाली पुलिस को सूचना देकर घटना से अवगत कराया वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि अस्पताल की सूचना के आधार पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### हार-जीत की बाजी लगते चार गिरफ्तार




**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों एवं कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बीते रोज 24 अगस्त 2024 को अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित अवैध जुआ एवं सट्टा के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना गोपालचन्द्र कनौजिया द्वारा गठित की गई उ.नि. राजेन्द्र प्रसाद यादव, उ.नि. नरोत्तम सिंह, उ.नि. नन्द कुमार मिश्रा व कांस्टेबल सोनू खान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास कि सूचना पर सार्वजनिक स्थान ग्राम बरभौली में पास ताश पत्तों से रुपये पैसों की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे चार अभियुक्तगण क्रमशः शम्भू श्रीवास पुत्र स्व गुलुवा उम्र करीब 55 वर्ष, देवेन्द्र सिंह कुशवाहा पुत्र रामकिशुन उम्र 30 वर्ष, राजेश श्रीवास पुत्र राजबहादुर उम्र 27 वर्ष, राकेश पुत्र लोटन श्रीवास उम्र करीब 35 वर्ष निवासीगण ग्राम बरभौली थाना खन्ना जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से 52 ताश पत्ता , 530 रु., तलाशी 350 रुपये बरामद हुए । बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना खन्ना में मु.अ.सं. 118/2024 धारा 13 जुआ अधि. पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई ।

### विधायक ने जताया आभार

**राठ, समृद्धि न्यूज।** विधायक मनीषा अनुरागी ने रेल मंत्री से मुलाकात राठ कस्बे से निकलने वाली रेलवे लाइन की सर्वे प्रक्रिया प्रारंभ कराये जाने के लिए आदेश जारी करने पर आभार व्यक्त किया है। इस दौरान उन्होंने रेल मंत्री से रेलवे लाइन के कार्य को जल्द शुभारंभ कराए जाने की मांग की। कस्बे में वर्षों से स्थानीय लोग नगर से होकर रेलवे लाइन निकालने की मांग करते आ रहे हैं। इस दौरान कई नेताओं द्वारा स्थानीय जनता को ढांढस बंधाने के लिए चुनावी जनसभा में रेलवे लाइन को निकालने का आश्वासन भी दिया गया। लेकिन अपने घोषणा पत्र में खरे न उतरने पर स्थानीय जनता ने उन नेताओं की प्रत्याशियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके साथ ही पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के दिग्गज नेताओं ने रेलवे लाइन का सपना दिखाते हुए उसे पूरा करने का आश्वासन दिया। लेकिन इसमें कोई बड़ी पहल नहीं की गई। जिस पर इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने कई बार रेल मंत्री से मुलाकात कर इस मुद्दे को सख्ती के साथ रखा। जिस पर अब लोगों को लम्बे समय से प्रतिक्षित रेलवे लाइन निकलने के सपने पूरे होते नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित रेल भवन में क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने भारत सरकार के रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव मुलाकात कर महोबा, राठ, उरई, फरुखाबाद होते हुये भिण्ड तक नवीन रेलवे लाइन की स्थापना के लिए सर्वे की स्वीकृति देने के प्रति उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही सर्वे के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कराने व जल्द से जल्द नवीन रेलवे लाइन का कार्य प्रारम्भ कराने की मांग की। जिसके परिपेक्ष्य में रेल मंत्री ने अतिशीघ्र नवीन रेलवे लाइन की स्थापना का पूर्ण आश्वासन दिया।

### चिकित्सकों ने दिया इस्तीफा

**राठ, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई भी चिकित्सक रुकने का नाम नहीं ले रहा है। चिकित्सक न तबादला करा रहे हैं और न ही रुकने का नाम ले रहे। वह तो सीधा इस्तीफा देकर जा रहे हैं। बुधवार को संविदा में कार्यरत चिकित्सक पति पत्नी ने इस्तीफा दिया है। इसके पहले भी एक सर्जन और एक संविदा चिकित्सक ने इस्तीफा दिया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश सिंह, संविदा डॉ नरेन्द्र सिंह, डॉ प्रतिमा सिंह, डॉ चंद्रशेखर सिंह और आयुष चिकित्सक दयाशंकर वर्मा की नियुक्ति है। डॉ बंदना अग्रवाल ने छह पहले इस्तीफा दे दिया था। गुरुवार को डॉ नरेन्द्र और उनकी पत्नी डॉ प्रतिमा ने इस्तीफा दे दिया है। जिससे सीएचसी में चिकित्सकों की ओर कमी हो गई है। इस संबंध में जब डॉ नरेन्द्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनका यहां काम करने में मन नहीं लग रहा था। जिससे उन्होंने अपनी स्वेच्छा से इस्तीफा दिया है। इसके पहले सर्जन डॉ सत्येन्द्र कुमार और डॉ मोहित इस्तीफा देकर चले गए हैं। सीएचसी में छह माह गायब डॉ बंदना अग्रवाल शनिवार को सीएचसी पहुंच मरीज देखती हुई पाईं गईं। जिस पर छह माह से गायब चिकित्सक के बारे में सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश सिंह से पूछा गया था तो उन्होंने बताया कि वह इस्तीफा देकर चली गई है। जब शनिवार को सीएचसी में मरीज देखने पर अधीक्षक डॉ अखिलेश सिंह से इस संबंध में पूछा तो उन्होंने बताया कि वह अपना आवेदन लेकर आईं थीं। सीएमओ को पत्र लिखकर भेज रहे हैं।




### भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जनपद हमीरपुर में जिला भाजपा कार्यालय पर बीते दिवस जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा सदस्यता अभियान की जनपदीय कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला प्रभारी माननीय संजीव श्रृंग ऋषि ने सदस्यता अभियान जिला कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा 1 सितंबर को सदस्यता अभियान शुरू होगा इसमें जिलेभर में तीन लाख सदस्य बनाए जाएंगे। इस कार्यशाला के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डा. सन्तोष चोरसिया, कोपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, चरखारी विधायक डॉ. ब्रजभूषण राजपूत , पूर्व जिलामहामंत्री व सदस्यता अभियान के जिला संयोजक महेंद्र गुरुदेव जिले के पदाधिकारी व मोर्चा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता सभी उपस्थित रहे संचालन जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे ने किया।

# एसडीओ व अवर अभियन्ता ने चलाया चेकिंग अभियान

- विजिलेंस टीम के छापों से उपभोक्ताओं में दिखाई दी सतर्कता

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



विद्युत वितरण उपखण्ड चरखारी के एसडीओ अवर अभियन्ता तथा विभागीय विजिलेंस टीम ने चरखारी कस्बे के मुहल्ला तुर्कियाना में घर घर बिजली चोरी रोके जाने' बकाया वसूली तथा लोड चेकिंग अभियान चलाते हुए एक दर्जन बकायेदारों के कनेक्शन काटते हुए बकाया की वसूली की गयी। हालांकि विगत करीब डेढ़ माह से विजिलेंस टीम के चल रहे छापों उपभोक्ताओं में सतर्कता दिखाई दी तथा कोई भी कटिया चोरी नहीं पायी गयी।

बताते चलें कि कस्बा में विगत करीब डेढ़ माह से लाइन लॉस को कम किए जाने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है जिसमें महोबा की विजिलेंस टीम सहित स्थानीय अधिकारी व कर्मचारी अभियान मे शामिल होकर कार्यवाही में जुटे हुए हैं। शनिवार को एक बार फिर विजिलेंस टीम प्रभारी जेई विजय बहादुर सिंह' एसडीओ इंजीनियर भोलानाथ' अवर अभियन्ता अल्ताफ हुसैन टीजी-2 धीरज' सतीश सेन' जिबरान आदि ने मुहल्ला तुर्कियाना व कजियाना में डोर टू डोर चैकिंग अभियान चलाया। बताते चलें कि विगत करीब डेढ़ माह से लगातार चल रही चैकिंग के चलते कटिया चोरी में लगाम लगी दिखी जहां दोनों मुहल्ले में कहीं भी कटिया चोरी नहीं पायी गया हालांकि इस दौरान कई घरों में निर्धारित लोड से अधिक बिजली का उपयोग पाए जाने पर विभाग द्वारा अधिभार बढ़ाया गया। कई बकायदारों से मौके पर रूपया भी जमाया कराया गया साथ ही रूपया जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन अधिकारियों द्वारा काटे गए हैं। एसडीओ इंजी भोलानाथ ने बताया कि कस्बा में अधिक बकाया होने के कारण जनरल चैकिंग अभियान चलाया गया है जिसमें एक दर्जन से अधिक घरों में निर्धारित लोड से ज्यादा भार होने पर उनका भार बढ़ाया गया तथा बकाय राजस्व की वसूली की गयी है। उन्होंने कहा कि बिल में गड़बड़ी के कारण जो भी बकायादार बिजली का बिल जमा नहीं कर रहे हैं वह बिलों को संशोधित कराते हुए बिल की अदायगी कर दें अन्यथा की स्थिति में चैकिंग के दौरान कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

# अभद्र टिप्पणी करने वाले संत के खिलाफ युवाओं ने की कार्रवाई की मांग

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



बीते दिनों नासिक में हजरत मुहम्मद पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले को लेकर शनिवार को कस्बे के युवाओं ने राज्यपाल को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा और कार्यवाही की मांग की।

कस्बे के लगभग एक दर्जन युवाओं ने फिरोज पठान एवं आसिफ कुरेशी की अगुवाई में राज्यपाल को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र को सौंपा। ज्ञापन में बताया की बीते दिनों नासिक में इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर हजरत मुहम्मद पर संत रामगिरि द्वारा अभद्र टिप्पणी की गई है उसी से आहत होकर युवाओं ने ज्ञापन में सन्त रामगिरि पर कानूनी कार्यवाही के साथ गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि सरकार को ऐसे लोगों पर कठोर कार्यवाही करना चाहिए ताकि किसी भी धर्म के लोगों की भावनाओं को ठेस न पहुंचे सके। इस दौरान संदीप बाल्मीकि, हाफिज दानिश, हाफिज सुहेल, अनिकेत सूर्या वंशी, सैफ, जुनैद खान, फैज नसीम, शाहरुख खान, सहित एक दर्जन से अधिक युवा मौजूद रहे।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान




**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत एक सैकड़ो लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करने का वचन दिया।

नगर के तहसील रोड में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने कैंप लगाकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की के लिए सदस्यता अभियान चलाया जिसके अंतर्गत पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर नगर के एक सैकड़ा लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ सक्रिय कार्यकर्ता है रफीक उद्दीन उर्फ पिंटू ने बताया कि पार्टी दलित व समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है और उनके नेता राजभर दबे कुचले व दलितों के उत्थान के लिए लड़ रहे हैं जिससे समाज में उनकी पार्टी के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है और लोग पार्टी से जुड़कर उनकी नीतियों का समर्थन कर रहे हैं।इस दौरान भूपेंद्र सिंह, रमेश कुमार, राज कुमार, मनोज कुमार, जीतेन्द्र कुमार खंगार, अनिल कुमार, मुहम्मद अकिल खान, मुहम्मद जावेद, कलीम उद्दीन, रिज़वान अली, हारून खान, मुहम्मद परवेज, जावेद महतो, समीर अहमद, नूर उद्दीन, रईसउद्दीन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## तहसीलदार व कोतवाली प्रभारी ने की थाना दिवस की अध्यक्षता

**एक भी शिकायत का नहीं कर पाए निस्तारण**



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार और कोतवाली प्रभारी द्वारा की गई थाना दिवस में कुल सात शिकायती पत्र आये सभी शिकायतें राजस्व विभाग की रही किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव ने कहा कि संबंधित शिकायतों को जल्द जल्द निपटाया जाएगा ।इस मौके पर कोतवाली प्रभारी ने कहा कि सभी लोग शिकायतों को गंभीरतापूर्वक ले और उनका जल्द से जल्द निस्तारण करें जिससे फरियादियों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने सदर विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए नमामि गंगे योजना से डाली जा रही पाइपलाइन को निरर्थक बताते हुए व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने की जोरदार मांग की।

बताते चलें विकास खंड के बड़ी आबादी वाले गांव सायर में नमामि गंगे योजना से द्वारा डाली गई 2 इंच पाइपलाइन से ग्रामीणों को पानी मिल नहीं मिल पा रहा है जिससे आहत होकर ग्रामीणों ने सदर विधायक मनोज प्रजापति को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि बस्ती के अंदर का पानी सदियों से खारा है जिससे ग्रामीणों को 3 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है।

नमामि गंगे के अंतर्गत काम कर रही जिंदल कंपनी ने गांव के अंदर दो इंची पाइपलाइन बिछाई है जिससे ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई जिससे आहत होकर सदर विधायक से मुख्य पाइपलाइन 6 इंच व कुम्हारन डेरा, सत्तिपुरवा, मोहनपुरवा, बस स्टैंड आदि जगहों पर 4 इंची पाइपलाइन डालकर ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजना से पेयजल के संकट को दूर किया जा सके। यही नहीं नमामि गंगे कि कर्मचारियों ने पंचायत के सचिव और ग्राम प्रधान के नाम से फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर जमा कर दिया गया है जिस पंचायत की छवि खराब हो रही है और पंचायत द्वारा ऐसी कोई अभिलेख नहीं भेजे गए।इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रदीप विश्वकर्मा, कामता सिंह रामदास, राकेश कुशवाहा वरदानी, नानाभाई पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## तीन थानों में दर्ज की गई सात शिकायतें, पांच निस्तारित



**मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।** महीने के आखिरी शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर तीन थानों में कुल सात शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से पांच शिकायतें निस्तारित कर दी गई जबकि सबसे अधिक मामले राजस्व से जुड़े दर्ज किए गए। कस्बे की कोतवाली में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल तीन शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से दो का निस्तारण कर दिया गया और एक के निस्तारण के लिए टीम भेजी गई है वहीं बिंवार थाने में नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में चार शिकायतें दर्ज की गई जिनमे से तीन शिकायतें निस्तारित कर दी गई और एक शिकायत की जांच के लिए पुलिस पार्टी को भेजा गया है वहीं सिसोलर थाने से चौकाने वाला मामला सामने आया जहां पर एक भी शिकायत दर्ज नहीं की गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**राठ, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के अकौना गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक महिला की हालत बिगड़ने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। अकौना गांव की निवासी 26 वर्षीय पिंकी पत्नी धर्मेंद्र कि गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे अचानक हालत बिगड़ गई। महिला का जेठ मनोज अहिरवार इलाज के लिए सीएचसी ले गया। जहां महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के पति ने बताया कि वह दिल्ली में मजदूरी करता है। उसके साथ उसका बड़ा पुत्र सात वर्षीय विनीत रहता है। बताया कि डेढ़ माह पहले उसकी पत्नी अपने मायके ग्राम कनेरा थाना चरखारी जनपद महोबा में रह रही थी। गुरुवार को वह पांच वर्षीय पुत्र राघवेन्द्र के साथ ससुराल अकौना आईं थीं। ससुराल में आते ही उसकी अचानक हालत बिगड़ गई और उसे उल्टी दस्त व बुखार की समस्या होने लगी। जिससे उसके बड़े भाई ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। महिला की मौत पर स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कबरई में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प एचईडब्ल्यू के अंतर्गत 21 जून से 4 अक्टूबर 2024 तक विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी के दिशा निर्देशानुसार हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के विशेष जागरूकता अभियान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कबरई में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बेटी जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। बेटी है तो कल है कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक एवं सखी वन स्टाप सेन्टर से केन्द्र प्रबंधक क्षमा द्वारा नवजात बच्चियों को बेबी किट एवं माताओ को बधाई पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें केन्द्र प्रबंधक क्षमा द्वारा सखी वन स्टाप सेन्टर की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। कन्या सुमंगला योजना , टोल फ्री 181, 112, 1090, 1098 की जानकारी दी गई। चाइल्ड लाइन से केस वर्कर रामदास द्वारा महिला कल्याण विभाग से संचालित बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप, चाइल्ड लाइन एवं बाल विवाह के बारे में जानकारी दी गई।

# आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का रेलवे बोर्ड के उच्च अधिकारियों ने किया दौरा

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (रेलवे स्टोर) पीबी निनावे एवं अपर सदस्य (राजस्व) डा0 एन के श्रीवास्तव ने दौरा किया। दोनों अपर सदस्यों ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ महाप्रबंधक सभागार में बैठक की।

अपर सदस्य (रेलवे स्टोर) ने कारखाना परिसर में शैल डिपों, फर्निशिंग डिपों, स्क्रैप यार्ड, नवनिर्मित टर्नकी शैड एवं विभिन्न शॉपों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। अपर सदस्य को भण्डार विभाग द्वारा सामग्री वितरण एवं रखरखाव प्रक्रिया के संबंध में पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल ने जानकारी दी।

भण्डार विभाग के डिपों में सामग्री के उचित रखरखाव तथा ऑटोमेटेड स्टोरेज रिट्राइवल सिस्टम द्वारा फीफो व्यवस्था की तारीफ करते हुए अपर सदस्य ने कहा कि यह भारतीय रेलवे का सबसे अच्छा डिपो है साथ ही उन्होने यह सुझाव भी दिया कि जब तक कोई सामग्री भण्डार विभाग में रहे तब तक उसकी गुणवत्ता में कोई कमी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए एवं ऑटोमेटेड स्टोरेज रिट्राइवल सिस्टम में पैलेट की जो कमी है उसको पूरा करने का निर्देश दिया। अपर सदस्य (राजस्व) डा0 एन के श्रीवास्तव ने बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराए गये वित्त व्यय की समीक्षा की एवं सुझाव दिया कि धन बेहतर उपयोग सुनिश्चित करते हुए कोच निर्माण का कार्य किया जाए। जिससे भारत सरकार की न्यूनतम संसाधनों का अधिकतम उपयोग वाली आर्थिक नीतियों का पालन हो सके।

## दो बाइकों की टक्कर, दो युवकों की मौत, एक की हालत गंभीर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार रात कुंदनगंज गांव के पास बछरावां की ओर आ रहे बाइक सवार हेमराज मीना पुत्र भरतलाल निवासी लोहरा की डागरी थाना सपोटरा राजस्थान की बाइक सामने से आ रही राहुल कुमार पुत्र सोहनलाल व करण पुत्र रामहर्ष निवासीगण खैरहनी की बाइक से टकरा गई । हादसे में करण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एम्बुलेंस ने घायल हेमराज मीना व राहुल को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां हेमराज की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं राहुल की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है । दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा । तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**श्री बैजनाथ शिवकला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंगलपुर, बाराबंकी**

(डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद से सम्बद्ध)

पत्रांक : बी0एस0एम0/विज्ञापन/यू जी 60/2024- दिनांक 20-08-2024

**आवश्यकता हैं**

कला संकाय यू0जी0सी0 द्वारा न्यूनतम् अर्हताधारी, 08 प्रवक्ता - हिन्दी-01, अंग्रेजी-01 भूगोल-01, शिक्षा शास्त्र-02, समाज शास्त्र-01 राजनीतिशास्त्र-01, गृहविज्ञान-01 तथा विज्ञान संकाय 04. प्रववत्ता भौतिक विज्ञान-01 प्राणि विज्ञान-01 वनस्पति विज्ञान-01 एवं गणित-01 - प्रत्येक विषयों में एक-एक प्रवक्त्ता तथा शिक्षाशास्त्र में 02 प्रवक्ता- निश्चित वेतनमान रु0 15000/-से रु0 18000/-में आवश्यकता है।

एवं एम0एस0सी0 (परास्नातक) 01 प्रवक्ता यू0जी0सी0 द्वारा न्यूनतम् अर्हताधारी प्रवक्ता गणित विषय में वेतनमान रू0 18000/- से रू0 22000/- आवश्यकता है।

**नोट-** आवेदन पत्र सभी प्रमाण पत्रो, पैन कार्ड व आधार कार्ड के साथ प्रमाणित प्रतियों सहित दो फोटो के साथ महाविद्यालय कार्यालय में 15 दिवस में पहुँच जाना चाहिए।

**रमेश कुमार वर्मा**
प्रबंधक
मो0न0-9621554399

# झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ की जाए कड़ी कार्यवाही : डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बंध में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) की बैठक जिलाधिकारी बाराबंकी, सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में लोकसभागार में आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सम्बंधित अधिकारियों से बिंदुवार विस्तृत जानकारी लेते हुए गहन समीक्षा की। डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि जिले में झोलाछाप डॉक्टरों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें। इसके अलावा आशाओं के पास जरूरी उपकरण थर्मामीटर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही 0 से 5 वर्ष के बच्चों की डेथ सम्बंधी जानकारी क्षेत्र की आशा और एएनएम के माध्यम से प्राप्त करके उनके कारणों का पता लगाया जाए।

मंत्रा पोर्टल पर सभी डिलीवरी रिपोर्ट नियमित अपडेट की जाए। बीसीजी, मिजेल्स और रूबेला सहित सभी प्रकार के टीके लगाने के साथ ही उनकी सूचना पोर्टल पर अपडेट कराना सुनिश्चित किया जाय सभी सीएचसी पर फर्नीचर व अन्य संसाधनों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। सक्षम पोर्टल पर सभी सीएचओ और एएनएम रजिस्ट्रेशन कार्य समय पर पूर्ण करते रहे। सीएचसी, पीएचसी, आयुष्मान अयोग्य मंदिर सेंटरों पर सभी जरूरी दवाओं की उपलब्धता बनी रहे जिससे मरीजों को कोई समस्या न होने पाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, सभी सीएचसी अधीक्षक, बीपीएमयू इकाई, जिला आयुष्मान नोडल अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सीडीओ ने राजकीय पुस्तकालय में कोचिंग केन्द्र का किया शुभारम्भ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत यूपीएससी/ यूपीपीएससी की तैयारी हेतु राजकीय पुस्तकालय, बाराबंकी में कोचिंग केन्द्र का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ट्रेनी आईएएस काव्या, उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास अभिलाषा त्रिपाठी, प्राचार्य राजकीय बालिका इण्टर कालेज बाराबंकी पूनम सिंह तथा शिक्षक / शिक्षिकाओं सहित अभ्युदय कोचिंग में अध्ययनरत



छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए परीक्षा में सफलता के टिप्स दिये गये। कार्यक्रम के अन्त में जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती सुषमा वर्मा द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों तथा शिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए मुख्य विकास अधिकारी की अनुमति से कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अवसानेश्वर मन्दिर के प्रबन्धक को मिली जान से मारने की धमकी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** तहसील मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर गोमती नदी के तट पर स्थित पौराणिक अवसानेश्वर महादेव मंदिर की प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष संजय गिरि को जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। समिति के सदस्यों ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से तहरीर भेजकर धमकी देने वाले युवक एवं उनके सहयोगियो के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही करने के गुहार लगाई हैं। संजय गिरी ने बताया कि घाट पर स्थित उनके निज निवास पर गत 16 जुलाई को अपने तीन चार साथियों के साथ पहुंचे अवसानेश्वर घाट रौनी गांव निवासी विपिन गिरी ने मंदिर कार्यालय की चाबी देने को कहा पूछने पर बताया कि मैं तुम्हें ना तो अध्यक्ष मानता हूं ना ही तुम्हारी किसी कार्यवाही को मानता हूँ।

# सीएसआर के तहत बलरामपुर चीनी मिल ने यूपीएस को दिए स्मार्ट टीवी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

बलरामपुर फाउण्डेशन के सौजन्य से अपने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत चीनी मिल हैदरगढ़ द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय, संसारा में दो स्मार्ट टी.वी. उपलब्ध कराते हुए स्मार्ट क्लासेज की शुरूआत उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ शम्स तबरेज खॉ द्वारा किया गया। इस समारोह में बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, इकाई-हैदरगढ़ के मुख्य महाप्रबन्धक बीके यादव तथा मुख्य प्रबन्धक उपदेश शर्मा, उप प्रबन्धक अजय कुमार सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार शर्मा प्रियंका सिंह सहित अध्यापक टीम, राम निहोरी यादव,




ग्राम प्रधान राम प्रताप सिंह प्रधान प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता चीनी मिल के मुख्य महाप्रबन्धक श्री बीके यादव ने किया। उन्होंने उपस्थित सभी आगन्तुकों के साथ-साथ उप जिलाधिकारी, हैदरगढ़ का हृदय से आभार प्रकट किया और आगे भी बलरामपुर फाउण्डेशन द्वारा जनहित के कार्यों के क्रम को जारी रखने हेतु अपनी प्रतिबद्धता ज्ञापित की।




# स्टाम्प शुल्क के बकायेदारों की भूमि हुई कुर्क

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** स्टाम्प शुल्क की अदायगी न करने वाले दो लोगों की अचल संपत्ति शनिवार को राजस्व प्रशासन द्वारा कुर्क कर अपना बोर्ड दिया गया। नायब तहसीलदार राम द्विवेदी की अगुवाई में राजस्व व पुलिस की टीम सबसे पहले कस्बा हैदरगढ़ के घोसियाना वार्ड निवासी जावेद खान पुत्र नसीब अली की नहर के किनारे ब्रह्मनान वार्ड में स्थित प्लाटिंग की भूमि पर पहुंची। जावेद खान पर 13 लाख रुपए से अधिक का स्टांप ड्यूटी बकाया है। प्रशासन ने इस भूमि को कुर्क कर अपना बोर्ड लगा दिया। इसके बाद यह टीम 7 लाख रुपए से अधिक के बकाएदार कस्बा हैदरगढ़ के ही निवासी गोपाल कृष्ण अग्रवाल की कुरेशी वार्ड स्थित भूमि पर पहुंचकर उसे भी कुर्क कर अपना बोर्ड लगा दिया। प्रशासन की इस कार्यवाही से हड़कंप मचा हुआ है।

# गैस सिलेंडर का पाइप फटने से दो लड़कियां झुलसी

## कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लोनी कटरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ककरी गांव में गैस सिलेंडर पर खाना बना रही दो लड़कियां गैस सिलेंडर की पाइप फटने से गंभीर रूप से झुलस गई है वहीं घर में आग लग गई स्थानीय लोगों द्वारा आनन-फानन में झुलसी लड़की को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों लड़कियों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी सहज राम पुत्र राजाराम के घर में शनिवार सुबह गैस सिलेंडर का पाइप फट गया जिससे पूरे घर में भयंकर आग लग गई घर से भगाने के दौरान सहज राम की पुत्री रूपाली 18 वर्ष व ललिता 15 वर्ष आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई।

आग लगने की सूचना से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया सफलता नहीं मिलने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई घंटों कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सहज राम की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई।



सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे राजस्व विभाग के हल्का लेखपाल मुकामी पुलिस ने हुए नुकसान का जायजा लिया और घायल दोनों पुत्रियों को प्राथमिक उपचार करवाए जाने का निर्देश दिया लेकिन गंभीर घायल दोनों लड़कियों को जिला अस्पताल भेजा जा चुका था जिसमें रूपाली की हालत गंभीर बताई गई है।

# सहायक उपकरणों के लिए 195 दिव्यांगजनो ने कराया पंजीकरण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड हैदरगढ़ में आयोजित किए गए दिव्यांग पंजीकरण शिविर में 195 लोगों ने अपना परीक्षण कराने के बाद मुफ्त सहायक उपकरण पाने के लिए अपना पंजीकरण कराया ।

ब्लॉक सभागर में जिला दिव्यंगजन सशक्तिकरण विभाग , भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर, चरैवेति फाउंडेशन लखनऊ व जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र श्रावस्ती के सहयोग से बृहद शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में विकासखंड हैदरगढ़ के अलग-अलग गांव से दिव्यांगजन मुक्त सहायक उपकरण के लिए अपना पंजीकरण कराने पहुंचे। शिविर में सबसे पहले दिव्यांगों के दस्तावेजों और उनकी शारीरिक स्थिति का विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा परीक्षण किया गया। इस दौरान जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एजाज उल हक खान ने विभाग की ओर से संचालित अन्य लाभकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। बताया कि दिव्यांगों के लिए छात्रवृत्ति,विवाह अनुदान जैसी प्रमुख योजनाएं चलाई जा रही है। यही नहीं दिव्यांगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए रोजगार शुरू करने पर भी अनुदान दिया जा रहा है। इस अवसर पर व्हील चेयर, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, कान की मशीन, ब्लाइंड स्टिक, ब्रेन किट, ट्राई साइकिल, बैशाखी, छड़ी आदि के लिए चयनित किया गया। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार गुप्ता के निर्देश पर ग्राम पंचायत सचिवो द्वारा गांव-गांव इस शिविर की जानकारी पहुंचाई गई।

# बाइक पर बैठाकर किया अश्लील हरकत, सोशल मीडिया पर डाला मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी।** हरख से घर आते समय अपनी गाड़ी पर बैठाकर लाये एक युवक ने लड़की का अश्लील विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की थाना जैदपुर में शिकायत की गयी।जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां के निवासी ने थाना जैदपुर मे शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरी 19 वर्षीय पुत्री हरख से घर आ रही थी।जिसे मीनापुर थाना जैदपुर निवासी सोनू ने अपनी मोटर साइकिल पर बैठाकर बलछत के पास अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिससे समाज में बदनामी हुई है। उक्त मामले मे जैदपुर पुलिस ने थाना जैदपुर मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने सजाई मटकी व बांसुरी

**इटावा।** आचार्य आदिसागर अंकलीकर इंटर कॉलेज में मटकी तथा बांसुरी सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बहुत ही सुंदर और आकर्षक मटकी तथा बांसुरी सजांई। विद्यालय की प्रधानाचार्या सोहिनी यादव ने बच्चों को त्योहारों का महत्व समझाते हुए कहा पर्व त्यौहार इसीलिए विशिष्ट हैं, क्योंकि वे हम सबके जीवन में नए प्राण, नई ऊर्जा फूँकते हैं। और उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को जन्माष्टमी की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर श्रीमती अचला वर्मा,राजकिशोर वर्मा,शिखा अग्रवाल,कंचन वर्मा,विपिन कुमार,सुनील कुशवाहा, दिनेश राठौर, सुमित सिंह,पूजा यादव,अंशिका सक्सेना,शीला शर्मा, श्रोति यादव,अनुष्का सक्सेना,श्रीमती शुभ्रा,प्रीति राही आदि उपस्थित रहे।


### विद्यालय में हुई चोरी, कीमती सामान गायब

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के रघुनाथगंज मजरे पोखरा गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चोर धावा बोलकर इन्वर्टर,यूपीएस,टीवी व स्मार्ट बोर्ड आदि हजारों रुपए कीमत के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य सामान चुरा ले गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि चोर छत के नीचे लगे रोशन दान को तोड़कर अंदर घुसे।सुबह विद्यालय खुलने पर घटना की जानकारी हुई। हेडमास्टर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

### स्वच्छता संबंधी जागरूकता अभियान शिविर आयोजित

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त एक्शन प्लान/कार्ययोजना वित्तीय वर्ष-2024-2025 के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश पर अपर जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा के निर्देश पर शनिवार को लैंगिक समानता हेतु प्रावधानों का प्रचार-प्रसार तथा महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण तथा महिला स्वच्छता संबंधी जागरूकता अभियान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन पी.एल.वी. प्रियंका त्रिपाठी द्वारा रामनगर कस्बे में कराया गया।इस अवसर पर माला खत्री,कोमल लखमानी,कनक चैनानी,नीलम माध्यान आदि महिलाएं उपस्थित रही।

### एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष बनने पर बैजनाथ रावत का हुआ स्वागत



**जैदपुर, बाराबंकी।** पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को अनुसूचित जाति एवं जनजाति अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। जानकारी के अनुसार सेमरावा के भूलभूलैया में नेता राजन बकसोर,दीपक निगम, सुभाष चंद्र ,प्रशान्त मिश्रा, नान भैया, पंकज गुप्ता, राजेन्द्र वर्मा,परवीन सिंह द्वारा पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को अनुसूचित जाति एवं जनजाति अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। और एक दूसरे का मुंह मीठा कर बधाई देते नजर आये।

# खाद्य विभाग के ई सत्यापन से राशन में दर्ज सदस्यों की संख्या में आयेगी कमी

**कालपी,जालौन।** राशन कार्ड धारकों ने सदस्यों का ई सत्यापन नही कराया तो वह ज्यादा दिनों तक खाद्यान्न नही ले सकेंगे। विभाग ने इसके लिए 30 अगस्त की सीमा निर्धारित की है। विभाग के अनुसार ई सत्यापन से राशन में दर्ज सदस्यों की संख्या में कमी आ जाएगी। विदित हो कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का मानना है कि विभाग के आंकड़ों में दर्ज विभाग के उपभोक्ता का ई सत्यापन हुआ तो सदस्य संख्या काफी कम हो सकती है जिसके चलते विभाग ने सभी राशन कार्ड में दर्ज सदस्यों का ई सत्यापन कराने का फरमान काफी पहले जारी किया था लेकिन यह रफ्तार काफी कम है पर विभाग अब सख्त हो गया है और इसके लिए समय सीमा 31 अगस्त निर्धारित कर दी है।

# खाद्य टीम ने होटल से सरसों के तेल, गरम मसाला का भरा नमूना

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दमदमा स्थित होटल में छापेमारी की। इस दौरान वहां से सरसों तेल के साथ गरम मसाला का नमूना लिया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल यादव के अनुसार कुछ लोगों ने पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि दमदमा स्थित होटल गरीब नवाज में खाने में मिलावटी खाद्य सामग्री का उपयोग होता है जिससे लोगों की सेहत खराब हो रही है। इसी शिकायत को संज्ञान में लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शनिवार को उक्त होटल में आवश्यक छापेमारी की। इस दौरान उन्होने उक्त होटल से सरसों के तेल



के अलावा गरम मसाला का भी नमूना लिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार नमूना परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है अगर नमूना फेल हुआ तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। वही विभाग की इस कार्यवाही से नगर में खाद्य पदार्थ विक्रेताओं में खलबली मची है।

# जल संस्थान ने हुल्की माता मंदिर के पास पाइप लाइन लीकेज नहीं किया दुरुस्त

**जालौन (उरई)।** हुल्की माता मंदिर के पास कई महीनों से पानी की लाइन टूटी पड़ी है। जिसके चलते पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है। कई बार शिकायत के बाद भी सुनवाई न होने से मोहल्ले के लोगों से डीएम से पानी की सप्लाई शुरू कराने की मांग की है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला दलालनपुरा में हुल्की माता मंदिर से सोलर पैनल के जरिए नल की सप्लाई दी गई है। बीती कई महीनों से यह पाइप लाइन टूटी पड़ी है। मोहल्ले के पूरन सिंह, शोवन बाबा, विनोद, कृपाराम आदि ने बताया कि मंदिर में भक्तों का आना जाना होता है। इसके अलावा पास में ही मोक्षधाम भी है। लोग इसी नल से पानी लेते हैं। मंदिर पहुंचने से पूर्व भी लोग इसी पानी की उपयोग करते हैं। पानी की सप्लाई सोलर पंप से की जाती है। इसका सोलर पंप तो सही है। लेकिन पाइप लाइन टूटी पड़ी होने से पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है।

# ब्लाक स्तर पर चलाया गया निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश पर खण्ड विकास अधिकारी तारून द्वारा 55 निराश्रित गोवंशों को गौशाला परसावां महोला में संरक्षित करते हुये गौशाले का निरीक्षण किया गया तथा गौशाला की नियमित साफ सफाई हेतु केयर टेकर को निर्देशित किया गया एवं अपने सामने भूसे में चूनी चोकर भी डलवाया गया।

खण्ड विकास अधिकारी पूराबाजार के द्वारा समस्त सचिवों एवं तकनीकी सहायकों की मनरेगा योजना,आवास, कायाकल्प,गौवंश संरक्षण आदि योजनाओं पर बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। विकासखण्ड अमानीगंज के ग्राम पंचायत रौतावां में



डेंगू प्रभावित गांव में साफ सफाई इत्यादि कार्य कराये गये। जिलाधिकारी के निर्देशों पर मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रत्येक विकासखण्ड में ग्राम स्तर पर निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान चलाकर आवारा पशुओं को संरक्षित किया जाय तथा जिन ग्राम पंचायतों में डेंगू का प्रभाव बढ़ रहा है।

यह सम्भावना हो वहां पर एन्टीलार्वा का छिड़काव कराते हुये साफ सफाई सुनिश्चित की जाए।

## उपज की मांग पर जिलाधिकारी के निर्देश पर आज बनेंगे पत्रकारो के आयुष्मान कार्ड

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर 25 अगस्त रविवार को कलेक्ट्रेट के लोक सभागार मे जिला सूचना कार्यालय के सहयोग से मान्यता प्राप्त पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। उक्त जानकारी उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के जिला संयोजक दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया की 12 अगस्त को पत्रकारों की समस्याओं को लेकर उपज का एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से मिलकर सात सूत्रीय ज्ञापन दिया था जिसमें प्रमुख मांग पत्रकारो के आयुष्मान कार्ड बनाना, पत्रकारो की सुरक्षा तथा पत्रकारो हेतु वाचनालय की मांग प्रमुख थी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल अतिरिक्त सूचना अधिकारी आरती वर्मा को निर्देशित किया था कि तत्काल स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनाई जाए। अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी आरती वर्मा के अथक प्रयासों से आयुष्मान कार्ड प्रक्रिया में तेजी आई और अब पत्रकार भी अपना व अपने परिवार का समुचित इलाज करा पाएंगे।

# जेल से रिहा होकर आए हिस्ट्रीशीटर की हत्या

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

थाना ऊसराहार क्षेत्र एकघरा गांव में भाई भाभी की हत्या के आरोप में जेल बंद व्यक्ति की जेल से छूट कर आने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। थाना ऊसराहार क्षेत्र एकघरा गांव निवासी मृतक सन 2013 मे जेल गया था और 2019 तक रहा। जेल से छूट कर आने के बाद मैनपुरी रहने लगा था शानिवार की सुबह ऊसराहार थाना क्षेत्र के सड़क किनारे मृतक जयराम का शव पड़ा देख स्कूली बच्चों ने देखा तब जाकर परिजनों ने जाना। मृतक की पुत्रवधु ने बताया की शाम को बात हुई थी कहा सुबह ही आयेगे यह नहीं बताया कि हम कहां जा रहे हैं। सड़क के किनारे झाड़ी अधिक होने के साथ सुनसान इलाका में घटना को अंजाम दिया गया कुछ दिन पूर्व ही अपने गांव में आकर रह रहा था शरीर पर गोली कैसे लगी निशान भी लग रहे हैं एसएसपी ने कहा घटना का जल्द ही पर्दाफास होंगा। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि मृतक जयराम यादव ऊसराहार थाने का हिस्ट्रीशीटर था और जमीनी विवाद में अपने भाई और भाभी की हत्या के आरोप में जेल में बंद था, कुछ महीने पहले हत्या के मामले में बरी होने के बाद जेल से छूट कर आया था।सुबह उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बेटे ने मां-बाप को निकाला, पुलिस ने वापस घर पहुंचाया

- कार्यालय पर सम्मान पूर्वक बैठाकर खिलाया गया खाना

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

मां बाप अपने बच्चों के लिए अपना पूरा जीवन लगा देते है लेकिन बुढ़ापे में वही औलाद अपने मां बाप को घर से निकाल देते है। ऐसा ही मामला वैदपुरा थाना क्षेत्र सामने आया जहां बुजुर्ग दंपति के बेटे ने अपने बुजुर्ग मां बाप को घर से बाहर निकाल दिया।एसएसपी इटावा संजय कुमार के निर्देशन में थाना वैदपुरा पुलिस ने बुजुर्ग दम्पत्ति को उनका घर वापस दिलाया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि ग्राम कुंजपुरा थाना वैदपुरा



निवासी बुजुर्ग दम्पत्ति 80 वर्षीय बारेलाल और उनकी 75 वर्षीय पत्नी कमला देवी ने वैदपुरा थाने पर आकर थानाध्यक्ष विपिन मालिक को बताया कि बेटे ने उन्हें घर से निकाल दिया है और वह लगभग 6 किलोमीटर दूर है वहाँ से पैदल आये हैं। विपिन मलिक ने बुजुर्ग दम्पत्ति को कार्यालय पर सम्मान पूर्वक बैठाकर खाना खिलाया गया और उसके बाद सरकारी वाहन से उनके घर पर ले जाया गया है और उन्हें पुनः उनके घर में प्रवेश दिलाया। इससे प्रसन्न होकर बुजुर्ग दम्पत्ति ने इटावा पुलिस एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा एवं थानाध्यक्ष वैदपुरा की प्रशंसा कर आभार जताया।

# आवारा गौवंश को बचाने में पलटा ट्रक, चालक घायल

**इटावा।** आगरा-कानपुर हाईवे पर गाय को बचाने में एक ट्रक पलट गया। ट्रक से करीब 86 लाख रुपए की शराब बरामद की गई है। बरामद शराब कानपुर से आगरा ले जाई जा रही थी। यह शराब कानपुर डिस्टलरी से निकालकर आगरा के शराब गोदाम में भेजी जा रही थी। थाना इकदिल क्षेत्र के आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर देर रात एक ट्रक आवारा गौवंश को बचाने में अनियंत्रित हो गया। कानपुर देहात से शराब आगरा गोदाम में रखने के लिए ले जाई जा रही थी। हादसे में ट्रक हाईवे के डिवाइडर को तोड़ते हुए पलट गया। इस हादसे में चालक को चोटें आई हैं। घटना की जानकारी पर थाना इकदिल पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को इलाज के लिए भेजा।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जोन-3 जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-939/ई.ई.-3/जीएल-7/24-25 दिनांक- 24.08.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 31.08.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 31.08.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./ सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक,जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अयोध्यादास प्रथम वार्ड के अर्न्तगत 04 स्थानों पर समरसेबिल मरम्मत कार्य। | 2900.00 | 200 | 07 दिवस |
| | 1. अयोध्यादास प्रथम वार्ड सरवर मस्जिद के पीछे शाहजहां आपा के घर के पास भ.सं.473/72 | | | |
| | 2. अयोध्यादास प्रथम वार्ड में राम बगिया में भोले भाई के घर के पास म.न. 538ख/21 के पास। | | | |
| | 3. अयोध्यादास प्रथम वार्ड में राम वगिया में रिजवान भाई के घर के पास भ.सं.536/1/0533 | | | |
| | 4. अयोध्यादास प्रथम वार्ड में बड़ी पकरिया अलीनगर में चांद के घर के सामने भ.सं.536/218 | | | |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त–** 1. निविदादाता का सेल टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ**

# बंद पड़ा सोलर प्लांट चालू, गांव वालों को मिलेगी सुविधा

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गांधी सभागार में मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में हुई बैठक



कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम फकीरेपुरा चदुंआहार, ग्राम पंचायत बहोसी को सोलर विलेज के रुप में तैयार किया गया है। कहा कि बंद पड़े सोलर प्लांट को पुनः चालू कराया गया है। अब इस गांव के ग्रामवासी बिजली की सभी सुविधायें सोलर के माध्यम से उठा सकेंगे। सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन 07 जुलाई 2015 को पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने किया था। सोलर पावर प्लांट की क्षमता 250 किग्रा वाट है। घरो में एक एलईडी बल्ब एवं एक पंखा के कनेक्शन दिये गये है। उन्होने पीडी डीआरडीए को निर्देश दिये कि सोलर पावर प्लांट की क्षमता और बढ़ाने के साथ पुरानी बैट्रियो को बदला जाये, जिससे नये कनेक्शन, आटा चक्की, नलकूप कनेक्शन के संचालन में किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने निर्देश दिये कि मनरेगा के माध्यम से 264 प्रकार के कार्य मुख्यता 4 श्रेणी विभाजित किए गए है। श्रेणियों के अन्तर्गत तालाब निर्माण/जीर्णोधार, सूक्ष्म एवं लघु सिचाई, चेक डेम, आवास, भूमि विकास, पशु आश्रय निर्माण, आजीविका क्रियाकलापों के लिये सामान्य अवस्थापना तथा सड़क, आंगनवाड़ी, शौचालय, खेल के मैदान आदि कार्य सभी प्रोग्राम अफसर और बीडीओ अपने विवेक का इस्तेमाल करके कार्य को समय से पूर्ण कराएं। उन्होने अधिकारियो से कहा कि एक दिशा के रुप में कनवर्जन के माध्यम से गांव के विकास के लिये कार्य करें। ज्यादा से ज्यादा लोगो को ट्रेनिक देकर तकनीकि खेती के लिये उत्साहित किया जाये। सभी ब्लाको के दस-दस गांवो में प्ले ग्राउण्ड बनाया जाये। खेल मैदान का चिन्हांकन सही जगह किया जाये।उन्होने निर्देश दिये कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 36 राजस्व ग्रामो में कार्य करके शीध्र ओडीएफ मॉडल घोषित किया जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सभी शिक्षक अभिभावकों को बच्चें का रिपोर्ट कार्ड दिखाएंः डीएम

कन्नौज। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गाँधी सभागार में निपुण भारत अभियान के संबंध में बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि सभी शिक्षक बच्चों के अभिभावकों को बच्चे का रिपोर्ट कार्ड दिखायें और उन्हें उनके बच्चों के बारे में बताए। कि आपका बच्चा किस विषय में कमजोर है उस पर फोकस करें। माह अक्टूबर 2024 में बच्चों का टेस्ट होगा। उसमें विद्यालय के साथ ही ब्लाक को भी निपुण बनाये। कहा कि शिक्षकों की उपस्थित दर्पण पोर्टल पर शत-प्रतिशत होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के आवास विहीन परिवारों को इस योजना से आच्छादित किया जाता है। उन्होनें समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में ग्रामवासियों को नये चयन के बारे में बेहतर ढंग से जानकारी दी जाये। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर पीएमएवाई जी सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्ठी आयोजित की जाये। इसके संबंध में बेहतर प्रचार-प्रसार भी किया जाये।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए बंदियों को खिलाई खुराक

- कारागार में फाइलेरिया रोग से बचाव हेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**अनौगी स्थित** जिला कारागार कन्नौज में निरूद्ध बंदियों एवं कारागार कमियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य एवं उनकी चिकित्सा पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत फाइलेरिया रोग से बचाव हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ द्वारा फाइलेरिया रोग से बचाव की पहली खुराक खाकर स्वास्थ्य शिविर प्रारम्भ किया गया। कारागार में निरूद्ध सभी बंदियों एवं कारागार पर तैनात अधिकारियों एवं उनके परिजनों को भी फाइलेरिया रोग से बचाव की खुराक खिलाई गयी। शिविर में चिकित्साधिकारी डॉ इफराक हुसैन, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल राम बहाल दुबे, फार्मासिस्ट रामबिहारी व फार्मासिस्ट मान सिंह, बीसीपीएम हुकुम सिंह, जिला कोऑडिनेटर सुनील गुप्ता, आशा, सुमन यादव, वालिन्टियर उमेश यादव एवं प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार उपस्थित रहे।



बंदियो को दवा वितरण करते स्वास्थ्य टीम समृद्धि न्यूज

## खबरें चलते-चलते

### पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के सेमपुर गांव में शुक्रवार की रात गांव के बाहर एक 20 बर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह मामले की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जाकर शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया ' सेमपुर गांव निवासी श्यामू (20) पुत्र वीरभान शुक्रवार की शाम को खाना खाने के बाद घर से निकल गया था। जब देर रात तक वह वापस नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। शनिवार की सुबह उसका शव गांव के बाहर खड़े एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलता मिला। युवक का शव मिलने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक आत्महत्या किए जाने के बजह की उनको जानकारी नहीं है। मामले में कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### व्यापारी के घर में घुसकर तीन लाख की नगदी चोरी

**तिर्वा।** कस्बे के अशोक नगर मोहल्ले में बरधईया रोड पर स्थित एक जनरल स्टोर व्यवसायी के घर में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरो ने घुसकर तीन लाख रूपए की नगदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। सुबह मामले की जानकारी होने पर गृहस्वामी ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है। कस्बे के बरधईया रोड निवासी अमर सिंह जनरल स्टोर के व्यवसायी है। शुक्रवार की रात वह अपने परिवार के साथ घर की छत पर लेटा था। मध्य रात्रि के बाद अचानक कुछ अज्ञात चोरो ने दीवार फांदी और उसके घर में घुस आए। घर में रखी तीन लाख की नगदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्ग दर्शन में क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में प्र0नि0 सचिन कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना छिबरामऊ पर बीएनएस में नामजद/वांछित 01 नफर अभियुक्त अभिषेक सिंह पुत्र अवनेन्द्र सिंह कुशवाहा निवासी ग्राम हाथिन को गिरफ्तार किया गया।

### विजिलेंस टीम ने जेई को रिश्वत लेते पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विद्युत संयोजन के नाम पर ग्रामीणों से रिश्वत मांगना अवर अभियंता को उस समय महंगा पड गया जब दोनों ग्रामीणों ने विजिलेंस कानपुर सतर्कता विभाग को सूचना देकर रंगेहांथ पकडवा दिया। शनिवार की दोपहर विद्युत फीडर अनौगी के अवर अभियंता भूपेन्द्र कौशल को विजिलेंस टीम नें ग्राम जसोदा स्थित प्राथमिक विद्यालय के निकट पचपुखरा निवासी जगदेव सिंह व अशोक कुमार की शिकायत पर विजिलेंस टीम सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने नोटों पर कैमिकल लगानें उपरान्त अवर अभियंता द्वारा बताये गये स्थान प्राइमरी स्कूल जसोदा के निकट भेजा जहां अवर अभियंता दोनों लोगों से पॉच-पॉच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ हिरासत में लेकर कोतवाली लाया गया जहां आवश्यक कार्यवाही के बाद अपने साथ ले गये।

### चार के विरुद्ध दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम जयरामपुर निवासी राखी देवी पत्नी सूरजभान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी शादी विगत वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल जन पति सूरजभान, ससुर शिवकुमार, ननंद सोनी व नंदोई कुलदीप द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग की गई।

# यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ करें कठोर कार्यवाईः डीएम

- हिट-एंड-रन केस में घायलों को पचास हजार एंव मृतको के परिजनो को दो लाख रुपए की दी जायेगी सहायता धनराशि



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

**तिर्वा एंव** बेला मार्ग पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। दुघर्टनाओं की संख्या पर विराम लगता हुआ दिखना चाहिए। दुर्घटनाओं को रोकने के लिये बेहतर रणनीति तैयार की जाये। विगत वर्ष की अपेक्षा सड़क दुघर्टनाओं की संख्या बढ़ी है, मरने वालों की संख्या बढ़ी है। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की आयोजित बैठक के दौरान कही। उन्होनें कहा कि यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन करवाया जाएं। यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि कन्नौज से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर जाने हेतु सही साइन बोर्ड लगाया जाये। कहा कि श्व छ्रक्र का प्रशिक्षण कराया जाए। सड़क दुघर्टनाओ रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाये जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अबैध कट बंद कराये, जिससे दुर्घटनाओ पर रोक लगाई जाए। कहा कि हिट एंड रन केस जिसमे अज्ञात वाहन द्वारा दुर्घटना करने पर बीमा कम्पनी ओरियंटल बीमा कम्पनी द्वारा मुआवजे की धनराशि दी जायेगी। इसके लिए सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय मे फार्म जमा किए जाएंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी इज्या तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बस टैंकर से जा भिड़ी, 13 घायल

**तिर्वा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर फगुहा भट्टा कट के निकट शनिवार की भोर एक डबल डेकर बस आगे जा रहे टैंकर से टकरा गई। हादसे में बस में सवार 13 यात्री घायल हो गए। हादसा होते ही यूपीडा कर्मी व तिर्वा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रिलीव कर दिया गया। गोरखपुर से यात्रियों को बैठाकर एक टूरिस्ट बस दिल्ली जा रही थी। शनिवार की भोर जब बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के फगुहा भट्टा के निकट पहुंची। तभी अचानक बस अनियन्त्रित होकर आगे जा रहे एक टैंकर से टकरा गई। हादसा की जानकारी होते ही यूपीडा कर्मी व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने यूपीडा कर्मियों की मदद से बस में सवार सभी यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में भिन्ड के ओरसा रोड निवासी सुनील सिंह पुत्र कप्तान सिंह, पवार्ड आदश निवासी अनूप, भिन्ड के इन्द्रानगर सिटी निवासी कमल चैरसिया, अयोध्या के चितौरा निवासी शैलेन्द्र, महाराजगंज के नोतवा निवासी सतीश मिश्रा, सिद्धार्थनगर निवासी सचिन शुक्ला, बस्ती निवासी निखिल श्रीवास्तव, गोरखपुर निवासी हर्ष कुमार, गाजियाबाद निवासी अरून शर्मा, गोरखपुर के घण्टा घर निवासी अयान सहित 13 यात्री मामूली रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद रिलीव कर दिया गया।

# नगर पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक संपन्न



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नगर** पालिका परिषद के सभागार में बोर्ड की बैठा के अध्यक्ष आशाषी अधिकारी की मौजूदगी में संपन्न हुई। नगर पालिका परिषद के सभागार में पालिका के बोर्ड की बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोज दुबे ने की बैठक में अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार मौजूद रहे सभासदों द्वारा अपने-अपने बर्ड की समस्याएं बैठक में बताई चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी ने सभासदों को स्पष्ट किया कि शीघ्र समस्याओं से निजात दिलाई जाएगी नगर पालिका परिषद छिबरामऊ के बहबलपुर में नलकूप की बोरिंग की शुरूआत अध्यक्ष द्वारा एवं अधिशाषी अधिकारी ने भूमि पूजन कर बोरिंग की शुरुआत कराई जिसमें रामकांत तिवारी सभासद, सत्येंद्र शाक्य, अमित शाक्य,हरीशरण शाक्य सुशील पांडे ,ईस अहमद, मूलचंद यादव, हिमांक त्रिपाठी जयप्रकाश पूर्व सभासद कन्हैयालाल शाक्य, जितेंद्र शाक्य आदि सभासद उपस्तिथि रहे एवम संजय सिंह जलकल लिपिक, नीरज मिश्रा प्रदीप कश्यप, रमेश चंद्र, ज्ञानेन्द्र कुमार, रामबीर, पवन, आशुतोष, जीएस पांडेय आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समधन दंगल में बाबा लड़ी पहलवान ने विक्की पहलवान को लगाई पटकनी

समधन, समृद्धि न्यूज़

**नगर में** चल रहे दंगल में आठवें दिन पहली कुस्ती मुन्ना पहलवान व मोहित पहलवान के बीच कराई गई जिसमें मुन्ना पहलवान ने मोहित पहलवान को हराकर जीत दर्ज कर ली। समधन नगर के पूर्वी स्वागत द्वार के नजदीक चल रहे दंगल में शनिवार को आठवें दिन देर शाम करीब पौने पांच बजे दंगल शुरू कराया गया जिसमें कमेटी की ओर से पहली कुस्ती हरियाणा प्रदेश से आये मुन्ना पहलवान व सहारनपुर से आये मोहित पहलवान के बीच कराने का फैसला लिया गया जिसमें दोनों पहलवानों के बीच करीब 15 मिनट तक दांव पेंच का खेल चलता रहा आखिर में मुन्ना पहलवान ने मोहित पहलवान को कड़ी शिकस्त देकर जीत अपने नाम दर्ज कर ली। दूसरी कुस्ती गोरखपुर से आये नर्मदा पहलवान व हरियाणा से आये पवन पहलवान के बीच कराई गई जिसमें करीब 20 मिनट तक अपनी जीत दर्ज करने के लिये ऐडी से लेकर चोटी तक ताकत लगाकर नर्मदा पहलवान ने पवन पहलवान को पटकनी लगाकर जीत हासिल की गई। तीसरी कुस्ती सबसे सीनियर हिमाचल प्रदेश के बाबा लड़ी व पंजाब से आये बिक्की पहलवान के बीच कराई गई जिसमें करीब 20 मिनट तक उछल कूद का खेल चलने से बाबा लड़ी पहलवान ने बिक्की पहलवान को कड़ी चुनौती देते हुऐ जोरदार पटकनी देकर दंगल में जीत का परचम अपना फहरा दिया साथ ही पहलवानों के गुरु कहे जाने वाले बाबा लड़ी का साथी पहलवानों के अलावा दर्शको ने फूल माला डालकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। चौथी कुस्ती नेपाल से आये लकी थापा पहलवान व पंजाब के बिक्की पहलवान के बीच कराई गई जिसमें दांव पेंच का खेल करीब 25 मिनट तक चलने के वाद बिक्की पहलवान ने जीत अपने नाम दर्ज कर ली। दंगल में करीब 10 सीनियर पहलवानों की कुस्ती कमेटी की ओर से करायें जाने से दर्शकों का भारी जमाबड़ा रहा बीच- बीच में कुस्ती जीतने वाले पहलवानों का हौसला अफजाई करते रहे। वाद मे कमेटी के सदस्यों ने विजेता व उपविजेता पहलवानों को माला पहनाकर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


दंगल में अपनी जीत तय करने के लिये पसीना बहाते सीनियर पहलवान

# सुप्रभाष एकेडमी मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**उल्लास** के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर को पीले व लाल रंग के गुब्बारों , फूलों की मालाओं ,माखन की मटकी व बांसुरी से विद्यालय परिसर को सुसज्जित किया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चे नटखट नंद बाल गोपाल की भूमिका में नजर आए ,कोई कृष्ण कन्हैया बना ,तो कोई राधा रानी। राधा कृष्ण के अलावा वसुदेव, देवकी, ग्वालेऔर गोपियों की वेशभूषा में आए बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान झांकी भी सजाई गई , जिसमें नटखट कन्हैया ने अपने बालसखाओ के साथ मटकी को फोड़ कर माखन खाया और इसके साथ-साथ राधा कृष्ण नृत्य का आयोजन भी कराया गया और बच्चों ने राधा कृष्ण की फिल्म का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य अलका गुप्ता ने बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने बल और बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त की। मैनेजर हिमांशु सक्सेना ने बच्चों का और शिक्षक शिक्षिकाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व से हमें अपने कर्तव्यों को पूरा करने तथा बिना किसी स्वार्थ के कर्म करते रहने की सीख मिलती है तथा इससे समाज में उच्च आदर्श स्थापित करने की प्रेरणा मिलती है। इस आनंदपूर्ण कार्यक्रम के सफल संचालन में प्री प्राइमरी की शिक्षिकाएं वंशिका ,प्रियांशी ,नेहा, गुंजन, दिव्या, निदा और अन्य शिक्षक शिक्षकों का महत्वपूर्ण व प्रशंसनीय योगदान रहा।






# भ्रमण पर आए अध्यक्ष ने निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

**महिलाओं व** बच्चों को शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी दी जाएं। सुरक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के साथ ही जनता के हित को देखते हुये जो भी समस्या हमारे संज्ञान में आयेगी उसे तत्काल दूर की जायेगी। बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुये अध्यापक स्वंय ही समय से विद्यालय में उपस्थित हों। यह निर्देश अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) बाल संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश डॉ देवेंद्र शर्मा ने जिला चिकित्सालय, वन स्टॉप सेन्टर कन्नौज, कम्पोजिट विद्यालय बेहरिन-प्रथम, द्वितीय आगनवाडी केन्द्र बेहरिन, कस्तूरबा गांधी विद्यालय अनौगी का औचक निरीक्षण करते हुये संबंधित अधिकारियों को दिए। सर्वप्रथम जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रोगियों से वार्ता की और उनको दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होने दवाई वितरण, एनआरसी वार्ड, रोगी रजिस्टर एवं महिला वार्ड एक्स-रे रूम आदि को चेक किया। अस्पताल में आने वाले मरीजों को एक भी दवा बाहर से ना लिखी जाएं। वन स्टॉप सेन्टर में नियमित भवन के रखरखाव को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय का अनौगी निरीक्षण किया। जिसमें विद्यालय की वार्डन ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 6,7 व 8 की 100 छात्राएं अध्ययनरत् है। उन्होनें छात्राओं को गुणवत्ता परक शिक्षा देने के निर्देश देते हुये कहा कि मीनू के अनुसार नाश्ता, भोजन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। तदोपरंत अध्यक्ष ने कम्पोजिट विद्यालय बेहरिन-1,2, आगनवाडी केन्द्र बेहरिन का निरीक्षण किया। उन्होनें विद्यालय के संचालित कक्षों का निरीक्षण करते हुये बच्चों से शिक्षा के संबंध में प्रश्न-उत्तर करते हुये निर्देश दिये कि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। बच्चें देश के भविष्य हैं। उन्होनें मिड-डे मिल पंजिका का भी अवलोकन किया, जिसमें उपस्थित बच्चों के सापेक्ष मिड-डे मिल की उपस्थिति दर्ज पायी। निर्देश दिये कि मिड-डे मिल पंजिका में स्कूल आने वाले बच्चों की संख्या प्रतिदिन नियमित रूप से अंकित की जाये। इस कार्य में लापरवाही किसी भी दशा में छम्य नही होगी। आगॅनवाडी केन्द्र बेहरिन भी निरीक्षण किया, डीपीओ को निर्देश देते हुये कहा कि आगॅनवाडी केन्द्र समय से खुलवाये जाये तथा संबंधित सहायिका एंव अन्य कर्मचारी भी निर्धारित समय-सीमा तक उपस्थित रहें। पोषाहार वितरण की कार्यवाही नियमित रूप से निर्धारित तिथि के अनुरूप की जाये। उन्होने बाल विकास पुष्टाहार के अंतर्गत दो महिलाओं की गोद भराई की। दो बच्चों को अन्न प्राशन कराया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शक्ति बसु, जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी विजय राठौर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


निरीक्षण करते अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) बाल संरक्षण आयोग डॉ देवेंद्र शर्मा

### गलत दिशा में चलने वाले वाहनों को रोकने के लिए लगाएं स्प्रिंग पोस्ट

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशानुसार यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा गोल कुआं ओवर ब्रिज ढाल पर गलत दिशा से आने जाने वाले वाहनों को रोकने के लिए डिवाइडर के रूप में स्प्रिंग पोस्टर लगवाए गए हैं। यहां पर आए दिन गलत दिशा से वाहन चालक गाड़ियों को मोड़ देते हैं। जिससे कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। वहीं रोडवेज बस स्टैंड के पास एक स्कूटी में छोटे-छोटे तीन बच्चे आते हुए दिखाई दिए। जिनको यातायात प्रभारी द्वारा रोक कर उनके पिता से बात की गई। प्रभारी द्वारा पूछा गया कि क्या आप द्वारा बच्चों को स्कूटी चलाने के लिए दी गई है। जिस पर बच्चों के पिता द्वारा बताया गया कि हां मांग कर ले गया है। जिसका प्रभारी द्वारा चालान किया। और बच्चों को चॉकलेट खिलाकर स्कूटी देकर भेज दिया गया। तिर्वा क्रासिंग के पास ऑटो चालक रोड पर ही सवारी भर रहे थे। जिस पर यातायात प्रभारी द्वारा रोड पर सवारी भरने वाले कई ऑटो चालकों के चालान किए गए।





# पुलिस भर्ती परीक्षाः दूसरे दिन कुल 3866 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

- दोनों पालियों में 8566 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, सुरक्षा रही कड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस की** कड़ी सुरक्षा के बीच 18 केंद्रों पर शांति पूर्ण ढंग से पुलिस भर्ती परीक्षा सम्पन्न हुई। सभी परीक्षा कक्षों में तीसरी आंख से निगरानी की गई। डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर जायजा लिया।

शुक्रवार को जिले में 18 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस व प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू सम्पन्न हुई। पहले दिन की प्रथम व द्वितीय पाली में 3866 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। वहीं 8566 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। प्रत्येक केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट व एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गये। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। परीक्षा केन्द्रों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर भारी पुलिस बल लगाया गया है। जनपद में 18 केंद्रों पर 12432 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई। पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन **प्रथम पाली में** परीक्षा केंद्र बद्री विशाल डिग्री कालेल 480 परीक्षार्थियों में से 324 ने परीक्षा दी। वहीं 156 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 338 ने परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 142 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र क्रिश्चियन इंटर कालेज में **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 160 उपस्थित रहे। वहीं 80 परीक्षार्थी उनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 169 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी। वहीं 71 अनुपस्थित रहे।



परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

परीक्षा केंद्र दुर्गा नारायन डिग्री कालेज **प्रथम पाली** में 480 परीक्षार्थियों में से 302 ने परीक्षा दी, वहीं 178 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 346 ने परीक्षा दी। वहीं 134 अनुपस्थित रहे। सिटी गर्ल्स इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 162 ने परीक्षा दी। 78 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 166 ने परीक्षा दी। 74अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कालेज फर्रुखाबाद **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 159 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 81 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 165 ने परीक्षा दी। 75 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 384 में से 259 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 125 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 262 ने परीक्षा दी।



केंद्र पर तलाशी से गुजरते परीक्षार्थी समृद्धि न्यूज

122 अनुपस्थित रहे। राजकीय पॉलीटेक्निक बेवर रोड **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 162 ने परीक्षा दी। वहीं 78 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 157 ने परीक्षा दी। 83 अनुपस्थित रहे। जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 240 में से 168 ने परीक्षा दी। 72 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 158 ने परीक्षा दी। 82 अनुपस्थित रहे। रस्तोगी इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 480 में से 329 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 151 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 343 ने परीक्षा दी। 137 अनुपस्थित रहे। कानोडिया गर्ल्स इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 480 में से 317 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 163 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 338 ने परीक्षा दी। 142 अनुपस्थित रहे। महावीर इंटर कालेज खैरबंद **प्रथम पाली** में 384 में से 263 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 121 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 258 ने परीक्षा दी। 126 अनुपस्थित रहे। महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 240 में से 166 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 74 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 175 ने परीक्षा दी। 65 अनुपस्थित रहे। एमआईसी इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 408 में से 271 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 137 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 275 ने परीक्षा दी। 133 अनुपस्थित रहे। एनएकेपी इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 384 में से 275 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 109 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 271 ने परीक्षा दी। 113 अनुपस्थित रहे। नारायन आर्य कन्या पाठशाला पीजी कालेज साहबगंज **प्रथम पाली** में 480 में से 326 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 154 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 351 ने परीक्षा दी। 129 अनुपस्थित रहे। रखा गर्ल्स इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 240 में से 171 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 69 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 154 ने परीक्षा दी। 86 अनुपस्थित रहे। स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 384 में से 263 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 121 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 291 ने परीक्षा दी। 93 अनुपस्थित रहे। स्वामी रामानंद बालक इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 192 में से 136 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 56 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 136 ने परीक्षा दी। 56 अनुपस्थित रहे।

## ट्रैक पर लकड़ी का बोटा डालकर पैसेंजर ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने का प्रयास

- चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा चला, गेटमैन ने निकाला इंजन में फंसा बोटा
- आरपीएफ के एसआई ने डॉग स्क्वायड के साथ रेलवे ट्रैक का किया निरीक्षण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करते आरपीएफ के एसआई

**कासगंज** पैसेंजर ट्रेन के सामने लकड़ी का बोटा डालकर ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने का असमाजिक तत्वों ने प्रयास किया, लेकिन चालक की सूझबूझ से बड़ी घटना टल गई। आरपीएफ मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार कायमगंज रेलवे स्टेशन से पांच किलोमीटर दूर भटासा स्टेशन के पास लगभग 300 मीटर की दूरी पर एक लकड़ी का बोटा देर रात अराजकतत्वों ने ट्रैक पर डाल दिया। जब ट्रेन संख्या 05389 कासगंज फर्रुखाबाद पैसेंजर ट्रैक से गुजरी तो चालक ने एक लकड़ी का बोटा ट्रैक पर पड़ा हुआ देख लिया। उसने तत्काल ट्रेन को रोकने का प्रयास किया। जब तक ट्रेन रुक पाती लकड़ी का बोटा इंजन के अगले हिस्से में फंस गया। काफी प्रयास के बाद जब बोटा नहीं निकला तो कायमगंज भटासा स्टेशन के गेट मैन ने लोहे की रॉड लेकर ट्रेन के इंजन में फंसा हुआ बोटा बाहर निकाला। इसके बाद ट्रेन आगे बड़ी और ट्रेन के चालक ने लकड़ी के बोटा को शमशाबाद स्टेशन अधीक्षक के हवाले कर दिया। वहीं शनिवार सुबह पहुंचे आरपीएफ के एसआई ओमप्रकाश मीना ने डॉग स्क्वॉड के साथ ट्रैक का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## महिला की जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज थाना अंतर्गत अताईपुर निवासिनी विनीता देवी पत्नी रामनिवास ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें कहा कि पीड़िता की जमीन मौजा मिल्क सुल्तान में स्थित है। जिसकी गाटा संख्या 7 है जो पीड़िता ने रामलड़ैती पत्नी रघुवर दयाल निवासी मिल्क सुल्तान थाना नवाबगंज द्वारा ली है। जिस पर सूरज पुत्र नंदराम निवासी मिल्क सुल्तान जबरन मेरी जमीन पर कब्जा करने में लगे हुए हैं। पीड़िता द्वारा अपनी जमीन के संबंध में बातचीत करने पर सूरज गाली-गलौज करते हैं हुए पीड़िता के साथ मारपीट करने पर अमादा हो जाता है। महिला ने थक हारकर थाने में न्याय के लिए गुहार लगाई। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

## रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्ष भिड़े, आधा दर्जन घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** कमेटी के रुपए लेनदेन को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे व ईट पत्थर चले। दोनों पक्षों से छः लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मारपीट में घायल लोग

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मांझगांव पूर्व निवासी हासिम की घर के बाहर ही बाल काटने की दुकान है। शुक्रवार देर रात मोहल्ले का ही हसनैन बाल कटवाने के लिए दुकान पर आया था। दोनों में कमेटी के बकाया दो हजार रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। दुकान पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कर दिया। कुछ समय बाद दोनों पक्षों से दर्जन भर से अधिक लोग आमने सामने हो गए और जमकर लाठी-डंडे, ईट पत्थर चले। जिसमें प्रथम पक्ष से हासिम, खालिद व वारिस व द्वितीय पक्ष से हसनैन, चंदन व साहिल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। शनिवार सुबह दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## खबरें चलते-चलते

### थाना दिवस में दो समस्याओं का हुआ निस्तारण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना समाधान दिवस में चार शिकायती प्रार्थना पत्र आये। जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित थाना परिसर में शनिवार को शासनादेश के अनुसार थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में समस्त राजस्व कर्मियों तथा पुलिस कर्मचारियों के द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया। जिसमें कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम खान तथा क्राइम इंस्पेक्टर कामता प्रसाद गौतम ने पुलिस विभाग तथा राजस्व कर्मचारियों के साथ जनता की समस्याओं को सुना और दो चार शिकायतों में दो का मौके पर निस्तारण किया गया। थाना दिवस के मौके पर फरियादियों की संख्या कम रही। इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर कामता प्रसाद गौतम, कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम खान, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक आदि लोग मौजूद रहे।

### पुत्री के साथ बलात्कार के मामले में एसपी से मिला पीड़ित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवती के साथ बलात्कार करने के मामले में पीड़िता के पिता ने पुलिस अधीक्षक से पुत्री का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की। थाना मेरापुर के ग्राम पिलखना निवासी पीड़िता के पिता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायती पत्र देकर दर्शाया कि 21 अगस्त को उसकी 20 वर्षीय पुत्री को रात्रि 10 बजे निर्दोष जाटव पुत्र स्व0 गुरुवचन फोन कर कहीं बुला ले गया। 22 अगस्त को पुत्री ने फोन पर सूचना दी कि निर्दोष मुझे जबरदस्ती दिल्ली ले आया है और कमरे में बंद किये हुए है। जिसकी तहरीर मैंने थाने में दी। थानाध्यक्ष ने आरोपी के भाई विजय को बुलाया और युवती को वापस करने को कहा। चौकी इंचार्ज ने कहा कि शाम तक पुत्री वापस मिल जायेगी। अचरा चौराहे पर विजय सिंह जाटव ने पकड़ लिया और कहा कि तेरी पुत्री वापस नहीं आयेगी और ज्यादा पुलिस के पास जायेगा तो हरिजन एक्ट लगवा दूंगा। 23 अगस्त को फोन आया कि आपकी पुत्री एटा में ले जाओ। एटा पहुंचकर पुत्री को वापस घर ले आया और पुत्री ने सारी घटना बतायी। पीड़िता ने बताया कि जैथरा के पास निर्दोष के भाई सुबोध ने झाड़ियों में लेजाकर मेरे साथ दुष्कर्म किया और मुझे एटा छोड़ दिया। चौकी गया जहां चौकी इंचार्ज ने पुत्री के साथ अकेले में पूछताछ की और धमकाया। जहां कोई महिला पुलिस कर्मी नहीं थी। पीड़ित ने पुत्री का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

### दबंगों ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम मिल्क सुल्तान निवासी अभिषेक पुत्र जोगराज ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि दिनांक 23 अगस्त सन 2024 को समय करीब शाम 5.00 बजे पीड़ित बाजार से घर वापस आ रहा था, तभी गांव के ही निवासी मोहनलाल पुत्र रामबरन, गौतम पुत्र रामवीर गांव को जाने वाले रास्ते पर मिल गए जो अभिषेक से बोले कि अपनी मोटरसाइकिल को मेरे ऊपर ही चढ़ा दोगे, कहते हुए पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जब पीड़ित अपने घर पहुंचा और उलाहना देने मोहनलाल व गौतम के घर पहुंचा, तो वहां मौजूद मोहनलाल और गौतम, रामबरन पुत्र नन्हेंलाल, विजेंद्र पुत्र रामवीर ने लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### खेत पर कब्जा करने का विरोध करने पर पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम नगला नया निवासी मास्टर सिंह पुत्र ध्रुव सिंह ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि मेरे गांव के ही वीरेश पुत्र चक्र सिंह, सुरजीत पुत्र सुरेश सिंह, विनय पुत्र सुरेश सिंह ने पीड़ित के खाली खेत पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं, तो दिनांक 23 अगस्त 2024 को समय सुबह करीब 11.00 बजे पीड़ित अपने खेत पर गया था, तभी उपरोक्त लोग भी खेतो में पहुंचे और पीड़ित के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने गालियां देने मना किया, तो उन लोगों ने मारपीट की और पीड़ित की जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं।

## बच्चों का चहुंमुखी विकास करना मेरा उद्देश्यः विभोर सोमवंशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विशलेषण समाचार के अंक में शिक्षा की प्रहरी बने

**शिक्षा के प्रहरी**

डीएसवीडी पब्लिक स्कूल पांचाल घाट के प्रधानाचार्य विभोर सोमवंशी ने बताया कि बचपन से ही शिक्षा के प्रति लगाव रहा। मेरे पिता महेश पाल सिंह उपकारी शिक्षक के साथ-साथ साहित्यकार व कवि है। उनके

**हॉवी- पढ़ना व क्रिकेट देखना आदि**

आशीर्वाद से मैं आगे बढ़ा और हर कार्य में सफलता मिलती गयी। मेरे आदर्श स्वामी विवेकानंद है। साथ ही मेरे प्रेरणा श्रोत रस्तोगी इंटर कालेज के शिक्षक सुधाकर चतुर्वेदी है। 2001 में हाईस्कूल रस्तोगी इंटर कालेज से किया। 2003 में इसी विद्यालय से इंटर पास किया। 2006 में आरपी डिग्री कालेज से बीएससी पूर्ण की। बद्री विशाल महाविद्यालय से एमए किया। साथ ही एनसीसी में सी-सर्टिफिकेट पोजीशन प्राप्त की। 2004 में आईजीडी मुम्बई से कला से किया। 2010 में डीएसवीडी पब्लिक स्कूल का प्रधानाचार्य बना। 2013 में बीएड किया। 2022-23 में हैदराबाद से फायर एण्ड सेफ्टी कोर्स किया। मेरा उद्देश्य है कि गरीब बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़े और देश का नाम रोशन करें। उनकों शिक्षित बनाना मेरा उद्देश्य है। इसी विद्यालय के पढ़े हुए एक दर्जन से ज्यादा बच्चे अग्निवीर योजना के तहत सेना में नौकरी कर रहे है व अन्य विभागों में मेरे पढ़ाये हुए बच्चे कार्यरत है। बच्चों का चहुंमुखी विकास करना मेरा उद्देश्य है। विद्यालय में शीघ्र ही कम्प्यूटर शिक्षा शुरु हो रही है। नई शिक्षा नीति पसंद है। उसी के तहत बच्चों को पढ़ाकर आगे बढ़ा रहा हूं। मेरे ही विद्यालय के कई बच्चे नवोदय विद्यालय में भी चयनित हुए। खेल में क्रिकेट व दौड़ पसंद है। साथ ही साहित्य व अध्यात्म रुचि रखता हूं। समय-समय पर बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के तहत खेलकूद व विभिन्न गोष्ठियों के माध्यम से जानकारी देता हूं। मेरी सभी लोगों से अपील है कि पर्यावरण को बढ़ावा देते हुए एक पौधा अवश्य लगाये और उसे संरक्षित करें। क्योंकि पर्यावरण ही एक परिवार है। उसी की तरह उसका संचयन करना हमारा कर्तव्य है। क्योंकि इन्हीं से हमें आक्सीजन मिलती है। विद्यालय में बच्चों द्वारा समय-समय पर रैली, गोष्ठी में प्रतिभाग कराना, इसी स्कूल के बच्चे तिरंगा रैली, मेला रामनगरिया, एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा, स्काउट गाइड कार्यक्रम, पोस्टर प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान के अलावा अन्य जागरुकता कार्यक्रमों में सम्मानित हो चुके है।

नाम- विभोर सोमवंशी
पद- प्रधानाचार्य, डीएसवीडी पब्लिक स्कूल पांचाल घाट, फर्रुखाबाद
पिता- महेश पाल सिंह उपकारी
योग्यता- बीएससी, एमए, बीएड
प्रेरण श्रोत- मेरे गुरु सुधाकर चतुर्वेदी व स्व0 रामवीर सिंह
हावी- बच्चों को पढ़ाना व पढ़ना
तैनाती- डीएसवीडी पब्लिक स्कूल
सम्मान- डीएम द्वारा हिन्दी सम्मान व सीडीओ द्वारा महादेवी वर्मा सम्मान
उद्देश्य- छात्र-छात्राओं पर अनुशासन रखना
कार्य- बच्चों को नई शिक्षा नीति के प्रति प्रेरित करना
खेल- दौड़ व क्रिकेट आदि



**विभोर सोमवंशी**
**प्रधानाचार्य**
**डीएसवीडी पब्लिक स्कूल पांचाल घाट, फर्रुखाबाद**



स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्रधानाचार्य विभोर सोमवंशी

शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।

## शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान में हुईं कई प्रतियोगितायें

- राधाकृष्ण का स्वरुप धारण किये बच्चों ने सभी का मन मोहा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**शकुन्तला देवी** शिक्षण संस्थान कायमगंज में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन एक साथ किया गया। जिसमें राधा कृष्ण स्वरूप, मटकी सजाओ, बांसुरी सजाओ, बन्धनवार बनाअ,ो मटकी फोड़ एवं राधा कृष्ण भजन, रंग भरो आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं की मुख्य निर्णायक विद्यालय की प्रबन्धक मोनिका अग्रवाल रही। प्रतियोगिता की शुरूआत राधा कृष्ण स्वरूप प्रतियोगिता से हुई जिसमें बच्चों ने राधा कृष्ण का मनमोहक स्वरूप धारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मटकी सजाओ प्रतियोगिता में छात्राओं ने बहुत ही सुन्दर मटकी और बांसुरी सजाई। बाद में बच्चों ने बहुत ही सुन्दर भजन प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता के बाद



विद्यालय की प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल ने बच्चों के कार्यक्रम एवं उनकी लगनशीलता व परिश्रम की बेहद प्रशंसा की और उन्हें पुरस्कार प्रदान करते हुए सदैव अग्रसर रहने का आशीर्वाद दिया।

उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षक व शिक्षकाओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई देते हुए कहा कि जीवन में अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहते हुए सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने विजयी छात्राओं को बधाई दी और कहा इसी तरह लगन और निष्ठा के साथ छात्राएं विद्यालय और परिवार का नाम रोशन करें। इस दौरान सन्तोष शर्मा, ममता सिंह, शिल्की मिश्रा, लक्ष्मी गंगवार, शायना खान, पूजा सिंह, रश्मि गंगवार, कमला देवी, तान्या गंगवार सहित कालेज के सभी शिक्षक व शिक्षकाएं मौजूद रहीं।

**बैठक** | सफाई कर्मचारियों की बुलायी बैठक, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

## सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर एडीएम पंचायत दिखे सख्त

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**ग्राम पंचायत** में सफाई व्यवस्था को लेकर एडीओ पंचायत सख्त दिखायी दिये। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की बैठक बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के सभी 64 ग्राम पंचायत में लगातार मिल रहीं सफाई व्यवस्था की लचर व्यवस्थाओं की शिकायतों को लेकर शनिवार को एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह ने बैठक बुलाई। बैठक में समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने सख्त लहजे में शिकायतों के आधार पर सभी सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए बताया कि वह अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ कर लें और अपनी आदतों में सुधार लाएं। ऐसा न करने पर कोई भी सफाई कर्मचारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आते हैं, तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी और दंडात्मक कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भी लिखा जाएगा। इससे पहले सभी सफाई कर्मचारी



बैठक में मौजूद सफाई कर्मचारी समृद्धि न्यूज

अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ कर लें। जब ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था सतरंग होगी तो अधिकारी भी नाराज नहीं होंगे। एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह ने बताया की समस्त सफाई कर्मचारियों को सरकार इसी बात का वेतन देती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर हाल में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। जिससे कि कोई बीमारी ग्रामीण क्षेत्र में ना हो पाए। उन्होंने कहा कि जो सरकारी आदेशों का सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं करेगा, उसके विरुद्ध विभागीय दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर बैठक में मौजूद एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, अनुराग सिंह तथा सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दानवीर सिंह यादव, लवलेश यादव, वृंदा प्रसाद, जमुना प्रसाद, रविकांत, छत्रपाल सिंह सहित क्षेत्र के समस्त सफाई कर्मचारी बैठक में मौजूद रहे।

## नहर में बंद बोरी में मिला अज्ञात युवती का शव

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**नहर में** बंद बोरी में अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव त्योरखास के निकट नहर में शनिवार दोपहर मछली मारने आए एक युवक ने बन्द पड़ी बोरी देखी। युवक ने बोरी को हटाकर देखा तो सिर के बाल दिखे। युवक ने मामले की सूचना ग्रामीणों को दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला। बोरी को ड़ने पर लगभग 25 वर्षीय युवती का शव निकला। शव से दुर्गन्ध आ रही थी। युवती काले रंग का कुर्ता व पायजामी पहने थी। युवती के एक तरफ कान के पास के हिस्से पर खून निकल रहा था। युवती के सिर के आधे बाल गल चुके थे। ग्रामीणों ने शव पहचानने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

# एक छायाचित्र दुनिया की सभ्यता संस्कृति प्रदर्शित करती है: विजय यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विश्व फोटोग्राफी** दिवस सप्ताह के अंतर्गत मीडिया सेंटर एवं एशियन कंप्यूटर सेंटर द्वारा आयोजित पर्यावरण गोष्ठी एवं प्रेस फोटोग्राफर की फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने फीता काटकर किया एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि का सुरेंद्र पान्डेय, अजीत अग्निहोत्री ने माल्यार्पण किया एवं अनुराग पांडेय एवं दीपक शुक्ला ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

विजय यादव ने कहा कि एक छायाचित्र दुनिया की सभ्यता सांस्कृतिक प्रदर्शित करती है। आजादी के आंदोलन में छायाचित्र ने जो क्रांति की अलख जगाई और जो लोग शहीद हो गए उनको नमन किया, एक तस्वीर दुनिया की सभ्यता बखान करती है। वर्तमान समय में पर्यावरण की चिंता फोटोग्राफरों ने व्यक्त की इसके लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए सहयोग की अपील की। सभी फोटोग्राफर समाज और राष्ट्र के लिए सकारात्मक कार्य करें और सभी को शुभकामनाएं दी। जनपद के फोटोग्राफर ने पर्यावरण बचाओ-जीवन बचाओ विषय पर प्रेस फोटोग्राफरों ने अपने कैमरे के माध्यम से छायाचित्र प्रदर्शित किये। पर्यावरण असंतुलन से सामाजिक जीवन पर प्रभाव कहीं अति वर्षा, तो कहीं बाढ़, कहीं सूखा इसके अलावा सामाजिक जीवन में कला संस्कृति इतिहास धर्म कर्म और उपासना विश्व फोटोग्राफरो की गतिविधियां बढ़ती जनसंख्या का संकट अतिक्रमण समस्याएं, प्रसव का दर्द तो सड़क के किनारे बना अस्पताल, वृक्ष हमारे जीवन है उनका संरक्षण दे। समाजसेवी संजय गर्ग ने बचपन की यादों को ताजा करते हुए कहा कि मेला दशहरा में अपनी मां के साथ मेले में खिलौने वाला कैमरा लिया करते थे। वही शौक आज तक कायम है उन्होंने छायाचित्रों को देखकर सराहना की। समाजसेवी आदेश तिवारी ने फोटोग्राफरों को शुभकामनाएं दी। छायाकार दीपक शुक्ला, विनय शुक्ला, अंशुल गंगवार, अक्षय दीक्षित, अनुराग पान्डेय रिंकू, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, रविंद्र भदौरिया, प्रमोद द्विवेदी भोले, भानु शंकर वर्मा, भारत सिंह, शांतनु कटियार आदि ने प्रदर्शनी लगाई। इस वर्ष फोटोग्राफी में विशेष सम्मान विनय शुक्ला को स्वर्गीय प्रेस फोटोग्राफर रामनारायण पान्डेय की स्मृति में कला गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए प्रेस फोटोग्राफर दीपक शुक्ला को पर्यावरण श्री सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आकांक्षा सक्सेना, अमित राठौर, मुकेश शुक्ला, आदर्श मिश्रा, मोहनलाल गौड़, गोपीश दबे, सुशील मिश्रा, राजेश निराला, शकील खान, ओम प्रकाश शुक्ला, सोनेलाल, मोहम्मद इसरार आदि उपस्थित रहे। संचालन सुरेंद्र पांडेय ने किया। कार्यक्रम संयोजक अनुराग पांडे रिंकू ने सभी का आभार व्यक्त किया।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि विजय यादव


विजय यादव को सम्मानित करते आयोजक अनुराग पाण्डेय व अन्य

## युवा व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष के खिलाफ वारंट जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुकदमे में वांछित चल रहे युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष के विरुद्ध कोर्ट ने वारंट जारी किया। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी सुशील गुप्ता पुत्र रामस्वरूप गुप्ता के खिलाफन्यायालय में धारा 406, 420, 504, 506, 323 आईपीसी के अंतर्गत चल रहे मुकदमे में न्यायालय में हाजिर न होने पर कोर्ट ने वारंट जारी किया है।

## गुरु विरजानंद कार्य गुरुकुल स्कूल में कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य समाज भोलेपुर में संचालित गुरु विरजानंद आर्य गुरुकुल के तृतीत सत्र के अवसर पर ब्रह्मचारियों का उपनयन व वेदारम्भ संस्कार कार्यक्रम 25 अगस्त को मध्यान्ह 1 बजे से सम्पन्न होगा। जिसमें आर्य समाज के प्रतिनिधि व विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों के समाजसेवी सम्मलित होंगे। यह जानकारी संदीप आर्य ने दी है।

## खबरें एक नजर में

### भोजपुर ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव के खिलाफ की गई शिकायत


जिला पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सर्वेश सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज गुट के जिला महासचिव सर्वेश सिंह ने जिला पंचायत राज अधिकारी को भोजपुर विधानसभा की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि ग्राम पंचायत भोजपुर के ग्राम प्रधान व सचिव अपनी मनमानी चला रहे है। कार्यवाही व ऐजेंडा रजिस्टर पर फर्जी अंगूठा निशान व हस्ताक्षर बनाकर छह समितियों का गठन कर लिया है। इस संबंध में शीघ्र जांच कर कार्यवाही की जाये। 10 सदस्यों द्वारा दी गई शिकायत में प्रधान व सचिव पर कार्यवाही नहीं की गई और उन्हें बचाया जा रहा है। ऐसे में कार्यवाही की जाये। एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही नहीं हुई तो पदाधिकारी धरना प्रदर्शन कर घेराव करेगें। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

### चल अचल सम्पत्ति की जानकारी को लेकर प्रा0शि0 संघ ने सौंपा ज्ञापन


खण्ड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चल अचल सम्पत्ति घोषित करने को लेकर प्राथमिक शिक्षक के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान व जिला सह संयोजक राजकिशोर शुक्ला ने लेखाधिकारी छत्रपाल सिंह वर्मा से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि चल अचल संपत्ति शिक्षकों को नहीं घोषित करनी है। साथ ही शिक्षकों ने चल अचल सम्पत्ति को लेकर खण्ड शिक्षाधिकारी से जानकारी ली। परीक्षा ड्यूटी के दौरान अचानक अस्वस्थ होने पर खण्ड शिक्षाधिकारी राजीव श्रीवास्तव का संघ के पदाधिकारियों ने हालचाल लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान, जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल, निर्देश गंगवार, देवेन्द्र गंगवार, राकेश यादव, हिमांशु यादव, उजैफ पठान आदि लोग मौजूद रहे।

### जेएन मेमोरियल स्कूल में दही हांडी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जेएन मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में दही हांडी कार्यक्रम बड़े उल्लास पूर्वक मनाया गया। अदिति यादव ने श्रीकृष्ण, आयुषी मिश्रा राधा, गोपिका अनुष्का मिश्रा, गौरी ने गोपियों का स्वरुप धारण कर एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। छात्र अर्दीप राजपूत, सरबजीत, रुद्र प्रताप, विराट यादव, सक्षम पाठक, राघवेन्द्र, आदित्य शंकर, उत्कर्ष मिश्रा, दिव्यांश और छात्राओं पल्लवी, प्रांशी, रिया राजपूत, मानवी, इनायत, पायल सिंह, प्रियंका ने अलग-अलग पिरामिड बनाकर ऊपर लगायी गई हांडी की प्रतियोगिता को सम्पन्न किया। जिसमें छात्र विजयी रहे। कार्यक्रम में सभी शिक्षक और माता-पिता भी अभिभावक सम्मलित हुए। दुष्यंत कुमार दुबे ने व्यवस्था देखी। मुख्य अतिथि शंभूदयाल दुबे व आशा दुबे रही। कीर्ति ने साज-सज्जा की। अनुराग, माधव सिंह, अमर कुमार, राहुल सिंह, कृतिका, सपना मिश्रा, रेखा त्रिवेदी, आरती सिंह, रेशु, प्रिया सिंह, निशा, शिवानी, प्रिया, डिम्पल आदि उपस्थित रहे। प्रबंधक अंजुम दुबे ने सभी का आभाव व्यक्त किया।

# डीएसवीडी स्कूल के बच्चों ने श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का किया मंचन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**डीएसवीडी स्कूल** में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। सत्यम तिवारी कृष्ण तथा शिवांशी अवस्थी राधा बनी एवं समस्त स्कूली बच्चों ने रंग बिरंगी ड्रेस में सजकर श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद बाल गोपाल को मक्खन मिसरी का भोग लगाकर हुआ। प्रबंधक महेश पाल सिंह उपकारी ने बताया कि श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व में उनके गुण थे। जिसके कारण उन्हें भगवान माना गया। अनेकों बच्चों द्वारा सुंदर झांकियां सजाई गई तथा विद्यालय में बेटा और बेटियों द्वारा महेदी प्रतियोगता भी की गई। जिसमें बेटा यश तथा बेटियां नित्या, अदिति, जानवी, अनामिका, पलक, दिव्या, श्रुति, आराध्या आदि बच्चों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक अनुराग शोमवंशी एवम प्रिंसिपल विभोर सोमवंशी व समस्त अध्यापक निर्भय मिश्रा, अभिनव पाल, सुरजीत, ज्ञानप्रकाश, शिव तथा अध्यापिका आकृति मिश्रा, कीर्ति त्रिवेदी, सोनाली, अंशिका पांडेय, रूबी आदि उपस्थित रही।


कार्यक्रम के दौरान छात्रायें — समृद्धि न्यूज

# रामलीला परिषद की बैठक में भव्यता देने पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रामलीला** परिषद फतेहगढ़ की बैठक एलआईसी तिराहा स्थित अध्यक्ष रवीश द्विवेदी एड0 के निवास पर सम्पन्न हुई। आगामी 28 सितम्बर से शुरु होने वाली रामलीला-गणेश पूजन व शिव बारात एवं रामबारात-दशहरा, राज्याभिषेक को कैसे पूर्ण बरसों की भांति इस वर्ष भी भव्यता का रुप प्रदान किया जाये। इसको लेकर सभी ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में चंदा एवं अन्य व्यवस्थाओं की टीम बनाने पर चर्चा की गई। उपाध्यक्ष श्रवण कुमार ने प्रस्ताव रखा कि मुख्यमंत्री से मिलकर श्रीरामलीला महोत्सव हेतु स्थान उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया जाये। जिस पर प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।


बैठक को सम्बोधित करते अध्यक्ष रवीश द्विवेदी

# संकुल स्तरीय आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग प्रशिक्षण सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कालेज श्यामनगर में संकुल स्तरीय (कन्नौज, फर्रुखाबाद) आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग सम्पन्न हुआ। कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्रा, संभाग निरीक्षक अजय कुमार द्विवेदी, विद्यालय अध्यक्ष उदयपाल सिंह, व्यवस्थापक गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई, कार्यक्रम अध्यक्ष रामवीर सिंह आदि लोगों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन करके विकास वर्ग का शुभारंभ किया। प्रथम उदघाटन सत्र में अयोध्या प्रसाद मिश्रा ने नई शिक्षा नीति 2020 के विषय पर प्रकाश डाला और उसकी उपयोगिता के बारे में बताया कि यह बच्चों के लिए उनके सृजनात्मक रोजगार परक शिक्षा है, यह शिक्षा बच्चों का सर्वांगीण विकास करने वाली है। द्वितीय सत्र एवं तृतीय सत्र में आचार्यो का विषयश प्रशिक्षण हुआ। जिन्हे क्रियात्मक प्रयोगात्मक शिक्षण करने पर बल दिया गया। चतुर्थ सत्र समापन सत्र में संभाग निरीक्षक अजय कुमार दुबे ने संकुल कन्नौज के सभी आचार्यो को अपने विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अनुरोध किया। प्रधानाचार्य रामकृष्ण वाजपेई ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ने संचालन किया। संकुल कन्नौज के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/आचार्य मौजूद रहे।

# एसबी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कानपुर रोड** स्थित एसबी पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राएं कृष्ण तथा राधा की वेशभूषा पहनकर विद्यालय प्रांगण में उपस्थित हुए। विद्यालय में मटकी सजाओ प्रतियोगिता तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मटकी सजाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के प्रयोग कक्षा विद्यालय की प्राइमरी कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। प्राइमरी कक्षा के छात्र शिवा राठौर, सूर्यांश चौरसिया, देवांश, अर्चित, लव्यांश पाल आदि कृष्ण की छवि को प्रस्तुत किया। साथ ही छात्राएं एकता, आस्था, आराध्या, आशी, अंशिका पाल, दिव्यांशी कटियार, मनु भदोरिया आदि ने राधा की छवि को प्रस्तुत किया। मटकी सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नीति कटियार (येलो हाउस) एवम आयुष राजपूत (ग्रीन हाउस) द्वितीय स्थान पर प्रियांशी यादव (ब्लू हाउस) एवम पूजा (ग्रीन हाउस) एवम तृतीय स्थान पर राजमंगल (ग्रीन हाउस) और रुकसार बानो (ब्लू हाउस) रहे। इस अवसर पर चेयरमैन विवेक सिंह एवम चेयरपर्सन स्नेहा सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में राधा-कृष्ण के स्वरुप बने बच्चे — समृद्धि न्यूज

# गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सनातन धर्म से चली आ रही परंपरा का निर्वाह करते हुए गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधन समिति के विनोद कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल एवं सुशील अग्रवाल के द्वारा श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्री-प्राइमरी के बच्चों ने कृष्ण और राधा का मनमोहक रूप धारण किया। कक्षा एक से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें राधा कैसे न जले...मेरे बांके बिहारी लाल...श्रीकृष्ण गोविंद...मैया यशोदा एवं वो कृष्णा है आदि प्रमुख थे। विद्यालय के सभी बच्चों ने दही-हांडी कार्यक्रम में भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ0 लकी चावला ने बच्चों को कृष्ण के महत्व के बारे में बताया तथा सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को उपहार भेंट किए। उपप्रधानाचार्या डॉ0 अंजू सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे — समृद्धि न्यूज

# एसएस पब्लिक स्कूल में मटकी सजाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शनिवार को** एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में जन्माष्टमी कार्यक्रम और मटकी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चैयरमैन सुरेशचंद्र अवस्थी, मैनेजर अनुपम अवस्थी एवम् प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी, डायरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी ने श्रीकृष्ण एवं राधा जी के स्वरूपों का तिलक लगाकर आरती की। कोआर्डिनेटर राहुल मिश्रा, राजेश तिवारी, प्रतिभा सिंह, पूजा, बीनू, आयुषी, कशिश तथा सोनू सिंह आदि ने व्यवस्था संभाली। मटकी सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार-नैना, द्वितीय पुरस्कार- तन्वी तथा तृतीय पुरस्कार आकृति ने प्राप्त किया। जन्माष्टमी कार्यक्रम में राधा का स्वरूप कोमल ने तथा श्रीकृष्ण जी का काव्या ने और अनुष्का, ईशानी, आकृति, सौम्या, अक्षिता नैना, जानवी, तनवी, पलक, राधिका आदि गोपियां बनी। वहीं गौरव, पियूष, हर्षित, अंशु आरिश, लखन आदि बच्चों ने कृष्ण जी के सखा का दायित्व निभाया। बच्चों ने मटकी फोड़ने का मंचन भी किया। सभी बच्चों को टाफी और चाकलेट वितरीत की गई एवम् मटकी सजाओ प्रतियोगिता के बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए।


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे — समृद्धि न्यूज

# राजपूताना पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना जन्माष्टमी त्योहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**राजपूताना पब्लिक** स्कूल बघार जहानगंज रोड पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी त्योहार धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक संदीप सिंह ने कृष्ण के बाल स्वरुपों को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में एक सैकड़ा से ज्यादा राधाकृष्ण, देवीयों एवं गोपीकाओ की सज्जा में बच्चों ने लीलाओं का प्रदर्शन किया। शेषनाग के ऊपर चढ़कर कन्हैया ने प्रदर्शन किया। सीनियर कक्षाओं के छात्रों ने पिरामिड बनाकर माखन की हांडी फोड़ी। प्रबंधक संदीप सिंह ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। इसी तरह बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े। इस मौके पर प्रशासक मोहम्मद अरशद, कोआर्डिनेटर महिमा सिंह व शिक्षकों ने व्यवस्था संभाली। संचालन मोनिका वर्मा ने किया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकायें व छात्र-छात्रायें मौजूद रही।


श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में कृष्ण राधा स्वरुप बने बच्चे

# जनपद में 5 पांच लाख भाजपा के सदस्य बनाने का दिया गया लक्ष्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शनिवार को** आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी सदस्यता अभियान को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। तीन माह तक चलने वाले संगठन पर्व को लेकर जिलाध्यक्ष एवं जिला संगठन प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए।

शिव महेश दुबे ने कहा 1 सितंबर से पार्टी संगठन सदस्यता अभियान की शुरुआत करेगी। संगठन का यह महापर्व तीन माह तक चलेगा। 2014 में भारतीय जनता पार्टी ने डिजिटल सदस्यता अभियान की शुरुआत की थी। 2024 में भी डिजिटल के माध्यम से ऑनलाइन सदस्यता की जाएगी। 2014 में भाजपा ने 11 करोड़ सदस्य बनाकर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का खिताब हासिल किया। भाजपा सिद्धांतों और मूल्यो पर आधारित दल है। जिसकी विचारधारा राष्ट्रवादी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। प्रत्येक बूथ पर सदस्य बनाए जाएंगे। जनपद में 5 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। प्रत्येक कार्यकर्ता को 200 सदस्य बनाने का कार्य करना है। जो कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बनना चाहता है उसे 100 सदस्य बनाने होंगे। पार्टी ने तय किया है कि लोकसभा चुनाव में जिन बूथो पर भाजपा को मत मिले हैं उसमें प्रति 75 प्रतिशत लोगों को भाजपा का सदस्य बनना है। प्रदेश क्षेत्र एवं जिला स्तर पर इस पूरे अभियान की मॉनिटरिंग की जाएगी। रूपेश गुप्ता ने कहा 1 सितंबर से आरंभ होने वाले संगठन के इस महापर्व के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान से जुड़ना होगा। पार्टी ने सदस्य बनने के लिए 88002024 नंबर दिया है। जिस पर मिस कॉल देकर ऑनलाइन फार्म प्राप्त होगा। जिसको भरकर सदस्य बनाने का काम किया जाएगा। संचालन डीएस राठौर ने किया। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह, दिनेश कटियार, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, मोनिका यादव, डॉ0 बीके गंगवार, कुलदीप गंगवार, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, भास्कर दत्त द्विवेदी, अमर सिंह खटीक, अभिषेक त्रिवेदी, बबीता पाठक, अतुल दीक्षित, संजीव गुप्ता, अभिषेक बाथम, अमरदीप दीक्षित, धर्मेंद्र राजपूत, सुनील रावत, फतेहचंद वर्मा, शिवांग रस्तोगी, विकास पांडे, राजकुमार वर्मा, रामवीर सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक को सम्बोधित करते शिव महेश दुबे

### सेना प्रमुख ने मणिपुर में शांति तलाशने को आंतरिक सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया, कहा

# जनता की भलाई के लिए भारतीय सेना तैयार

**सेना प्रमुख ने मणिपुर का किया दौरा, आंतरिक सुरक्षा का लिया जायजा**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मणिपुर का पहला दो दिवसीय दौरा करके सीमा पर सुरक्षा स्थिति और क्षेत्र की आंतरिक सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया है। उन्होंने शनिवार को राज्य में सेना के ग्राउंड कमांडरों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बैठक करके सैनिकों से बातचीत की। उन्होंने क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए भारतीय सेना और असम राइफल्स के प्रयासों को सराहा।

जनरल द्विवेदी ने कहा कि उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य मणिपुर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करना था। सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए विस्तृत चर्चा के बाद कई तरह के प्रयास सामने आए कि हमें इस यात्रा को कैसे आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि राज्य में विश्वास, शांति और सौहार्द बना रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक बहुत ही शानदार रही और उत्साहजनक बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की। जनरल द्विवेदी ने कहा कि राज्य में शांतिपूर्वक माहौल के लिए बैठक में आगे बढ़ने का रास्ता तलाशने की कोशिश हुई।

जनरल द्विवेदी ने सेना कमांडर पूर्वी कमान के साथ मणिपुर का दौरा किया और सीमा पर सुरक्षा स्थिति और क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सीओएएस ने सैनिकों के साथ बातचीत की और क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए भारतीय सेना और असम राइफल्स के प्रयासों की सराहना की। जनरल द्विवेदी ने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की। जनरल द्विवेदी ने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत करके राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। उन्होंने उनसे समुदायों के बीच मित्रता बढ़ाने में अपना योगदान जारी रखने का आग्रह किया। सेना प्रमुख ने दिग्गजों को हर समय भारतीय सेना के अटूट समर्थन का आश्वासन दिया। सेना प्रमुख ने दौरे के पहले दिन मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से राज्य में शांति लाने के लिए सभी समुदायों को एक साथ लाने के उपायों पर चर्चा की, ताकि उनके बीच एक बेहतर सामंजस्यपूर्ण संबंध हो सकें। थल सेनाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से राज्य की मौजूदा स्थिति से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करके क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए भारतीय सेना की दृढ़ प्रतिबद्धता के बारे में आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता की भलाई के लिए भारतीय सेना की ओर से सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने और राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए राज्य सरकार और सुरक्षा बलों के बीच सहयोग का भरोसा दिया।

### राजनाथ व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने क्षेत्रीय सुरक्षा पर की चर्चा

**नयी दिल्ली।** अमेरिका की यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार देर रात वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात कर उभरती भू-राजनीतिक स्थिति और कुछ प्रमुख क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि श्री सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग परियोजनाओं और संभावित क्षेत्रों के बारे में भी चर्चा की जहां दोनों देशों के उद्योग मिलकर काम कर सकते हैं। रक्षा मंत्री ने वाशिंगटन में यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम द्वारा आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा उद्योग के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी बातचीत की। गोलमेज बैठक में बड़ी संख्या में अमेरिकी रक्षा और प्रौद्योगिकी कंपनियों ने भाग लिया। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिकी निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग का भारत स्वागत करता है।

# सरकार की युवा विरोधी नीति के कारण देश में नौकरियों का है आकाल : खड़गे

**चीन को आंख दिखाने की बजाय चीनी कंपनियों के लिए लाल कारपेट बिछा रही है मोदी सरकार**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार की नीतियां युवा विरोधी हैं जिसके कारण कंपनियों में रोजगार के अवसर घटे हैं और मुट्ठी भर सरकारी नौकरियों के लिए लाखों युवक आवेदन कर रहे हैं। श्री खड़गे ने कहा कि इंश्योरेंस आदि क्षेत्रों में नौकरियां बहुत घट गई हैं।

वर्ष 2022-23 में 375 कंपनियों में 3.45 लाख नौकरियां घटी हैं और इसकी वजह से देश में बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। मोदी सरकार चीन को लाल आंख दिखाने की बजाय चीनी कंपनियों के लिए लाल कारपेट बिछा रही है और देश में युवाओं के लिए नौकरियों का अकाल पड़ रहा है। उन्होंने कहा, «मोदी सरकार की युवा विरोधी नीतियों के चलते देश में नौकरियों का अकाल पड़ गया है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि केवल 2022-23 में ही देश की 375 कंपनियों में 2.43 लाख नौकरियां घट गईं कुछ मुट्ठीभर नौकरियां पाने के लिए हमारे लाखों युवा चक्कर काट रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा चल रही है, उसमें मात्र 21 हज़ार खाली पदों के लिए 18 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इससे पहले वाली परीक्षा का पेपर चार दिन पहले लीक हो गया था, जिसके कारण परीक्षा दोबारा से कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश में 60 हज़ार सिपाहियों की भर्ती के लिए 26 राज्यों से 6.30 लाख युवाओं ने आवेदन किया है। इस परीक्षा का भी पेपर एक बार लीक हो चुका है। केवल जुलाई तक ही, इस साल 1.24 लाख आईटी सेक्टर में नौकरियां घटीं, जिसमें भारत के युवाओं को खासा नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, बैंकिंग, फाइनेंस, इंश्योरेंस, हॉस्पिटैलिटी -सभी सेक्टरों में नौकरियां कम हुई हैं। ऊपर से मोदी सरकार चीन को लाल आँख नहीं, चीनी कंपनियों के निवेश के लिए लाल कारपेट बिछाने जा रही है। मोदी जी ने ग़लत कार्यप्रणाली का इस्तेमाल करवा कर एक रिपोर्ट बनवाई और करोड़ों रोज़गार देने के झूठे दावे किये। केएलईएमएस के डेटा से फ़र्ज़ी विचार गढ़ने के लिए मोदी सरकार ने गणना का सहारा न लेकर, अलग-अलग वर्ष के लिए अलग-अलग आबादी के डेटा सेट का सहारा लिया।

# शाह ने चंपारण धाम में महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के मुख्य प्राकट्य बैठक स्थल के दर्शन किए

एजेंसी



**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को छत्तीसगढ़ के पवित्र धाम चंपारण पहुंचे और महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के मुख्य प्राकट्य बैठक स्थल के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने चम्पेश्वर महादेव की पूजा अर्चना भी की।

छत्तीसगढ़ में महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के जन्मस्थल में देशभर से पुष्टिमार्ग के अनुयायी जुटते हैं। बनारस दक्षिण प्रवास के दौरान वल्लभाचार्य जी की माता को प्रसव पीड़ा हुई और चंपारण में चम्पेश्वर महादेव मंदिर के निकट उन्होंने बालक को जन्म दिया। वल्लभाचार्य जी ने पुष्टि मार्ग का प्रवर्तन किया और देशभर में कृष्ण भक्ति की अलख जगाई। चंपारण धाम में देश भर से श्रद्धालु जुटते हैं। श्री शाह ने यहां पूजा अर्चना की और देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उल्लेखनीय है कि चंपारण में पहले चंपा के फूलों के जंगल भी थे। यह चंपा के फूल भगवान चम्पेश्वर महादेव को अर्पित किए जाते थे। भारत में हमेशा से उत्तर से दक्षिण भारत की ओर तथा दक्षिण भारत से उत्तर की ओर तीर्थ यात्रा की परंपरा रही है और यह तीर्थ यात्रा महानदी के बहुत से तीर्थ स्थलों के निकट से गुजरती है। चंपारण की कहानी अपने आप में भारत की विशिष्ट सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाती है। उसके साथ ही यह महाप्रभु वल्लभाचार्य एवं भक्ति आंदोलन के आचार्यों की सुंदर परंपरा को भी दर्शाती है जिन्होंने सनातन परंपरा के मूल्यों को संजोया और कृष्ण भक्ति की अलख जगाई। चौरासी वैष्णवी की वार्ता तथा वल्लभ दिग्विजय जैसे ग्रंथों में महाप्रभु के बचपन और उनकी सुंदर स्मृतियां दर्ज हैं।

### आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाना न्याय नहीं बर्बरता : प्रियंका

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपराध के बदले घर पर बुलडोजर चला कर परिवार को छत विहीन करने को अन्याय और बर्बरता करार देते हुए कहा है कि यह अमानवीयता और इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि किसी अपराधी को सजा देने के लिए उसके घर पर बुलडोजर चलाने को न्याय नहीं कहा जा सकता है। किसी भी सभ्य समाज में अपराध के बदले आरोपी के परिवार को बुलडोजर से उनकी छत तोड़कर सजा नहीं दी जा सकती। यह न्याय नहीं अन्याय है और कानून की अवधारणा है इसलिए इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए। श्री खड़गे ने कहा, किसी का घर तोड़ना और उसके परिवार को बेघर करना अमानवीय भी है और अन्यायपूर्ण भी। भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों को बार-बार निशाना बनाना परेशान करने वाला है।

# आरजी कर अस्पताल में अनियमितता के दस्तावेज सीबीआई को मिले

एजेंसी

**कोलकाता।** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की जा रही है। कोलकाता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया था। शनिवार सुबह राज्य की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने कोर्ट के आदेश के अनुसार सभी संबंधित दस्तावेज़ सीबीआई को सौंप दिए।

हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि शनिवार सुबह साढ़े 10 बजे तक ये दस्तावेज़ सीबीआई को हस्तांतरित किए जाएं। इसी के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने सीबीआई के निज़ाम पैलेस स्थित कार्यालय में पहुंच कर दस्तावेज़ सौंपे। आरोप है कि आर.जी. कर अस्पताल में पिछले तीन साल से अधिक समय से वित्तीय अनियमितताएं चल रही थीं। इस संबंध में राज्य सरकार ने हाल ही में एक विशेष जांच टीम का गठन किया था, जिसका नेतृत्व आईपीएस अधिकारी प्रनब कुमार कर रहे थे।

हाई कोर्ट के आदेश के बाद यह जांच अब एसआईटी के हाथ से निकल कर सीबीआई के पास चली गई है। इससे पहले, आर.जी. कर अस्पताल की एक महिला चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के मामले में भी सीबीआई को जांच सौंपी गई थी। अब वित्तीय अनियमितताओं के मामले की भी जांच सीबीआई द्वारा की जाएगी। इस मामले में, आर.जी. कर अस्पताल में कई अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं, जिनमें मेडिकल वेस्ट से संबंधित भ्रष्टाचार और शवगृह से शव गायब होने जैसी गंभीर बातें शामिल हैं।

## खबरें एक नजर में

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रहा नारी सशक्तिकरण : सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार बहनों के सशक्तिकरण के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण का राष्ट्रव्यापी अभियान चल रहा है। प्रदेश में भी नारी कल्याण की अनेक योजनाएं संचालित हैं। समाज के साथ ही सरकार के स्तर पर विभिन्न स्थानों पर रक्षाबंधन उत्सव के सामुहिक आयोजन बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे हैं। आने वाले समय में स्थानीय निकायों के साथ ही लोकसभा और राज्य सभा में भी बहनों का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल जिले के हुजूर क्षेत्र में रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बहनों का सम्मान कर उनसे राखी भी बंधवाई और उपहार भी दिए। कार्यक्रम स्थल पर बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में बहनें उपस्थित थीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री को बहनों ने संयुक्त रूप से एक विशाल राखी भी भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में धन से अधिक मन का महत्व है। धन की अभिलाषा के साथ वर्ष में सिर्फ एक दिन दीपावली पर लक्ष्मी पूजन होता है, जबकि हम वर्ष भर अन्य देवी-देवताओं का मन से सम्मान करते हुए कई त्यौहार मनाते हैं।

### मोदी आज से महाराष्ट्र, राजस्थान के दौरे पर

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव और राजस्थान के जोधपुर का दौरा करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा शनिवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी। विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे महाराष्ट्र में जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन में भाग लेंगे और शाम करीब 4:30 बजे प्रधानमंत्री जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जयंती समारोह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। महाराष्ट्र में श्री मोदी जलगांव के कार्यक्रम में 11 लाख नयी लखपति दीदियों को प्रमाण-पत्र जारी करेंगे और सम्मानित करेंगे। ये महिलायें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान लखपति बनी हैं। विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी देश भर से कार्यक्रम में जुड़ी कुछ लखपति दीदियों से भी बातचीत करेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर 2,500 करोड़ रुपये का रिवॉल्विंग फंड जारी करेंगे, जिससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। वह 5,000 करोड़ रुपये का बैंक ऋण भी वितरित करेंगे, जिससे 2.35 लाख एसएचजी के 25.8 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा।

### कैनेडी जूनियर राष्ट्रपति पद की दौड से बाहर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए स्वतंत्र उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने शुक्रवार को राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने तथा रिपब्लिकन उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करने की घोषणा की। श्री जूनियर ने कल अपराह्न एरिजोना में एक भाषण के दौरान कहा कि मीडिया और डेमोक्रेट्स दोनों ने ही एक व्यवहार्य दावेदार बनने की उनकी संभावनाओं को बाधित करने की साजिश रची है। उन्होंने कहा, कई महीने पहले मैंने अमेरिका की जनता से वादा किया था कि अगर मैं चुनाव में बाधक बना तो मैं राष्ट्रपति पद की दौड़ से हट जाऊंगा।

### पुणे में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले मे स्थित पौड के पास शनिवार को एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि यह हादसा खराब मौसम के कारण हुआ है। हादसे के वक्त यह हेलीकॉप्टर मुंबई से हैदराबाद जा रहा था। तेज बारिश के दौरान मौसम खराब था और हेलीकॉप्टर अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हेलीकॉप्टर में 4 लोग सवार थे। पुणे (ग्रामीण) के एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि पुलिस यह जांच कर रही है कि इस दुर्घटना में कोई घायल हुआ है क्या ? ये भयानक हादसा पौड के पास घोटावडे में हुआ है। अनुमान लगाया जा रहा है कि खराब मौसम और बारिश के कारण हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

### ईरान ने आइएस के 14 आतंकियों को किया गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान के खुफिया मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद विरोधी बलों ने देश के चार प्रांतों से आइएस के 14 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। मंत्रालय ने कहा है कि आतंकवादी पिछले कुछ दिनों में अभियानों को अंजाम देने के प्रयास में अवैध रूप से ईरान में दाखिल हुए थे। आतंकवादियों का नेतृत्व आइएस खुरासान समूह कर रहा था। आतंकवादियों को तेहरान, अल्बोर्ज, फार्स और खुजेस्तान प्रांतों में गिरफ्तार किया गया है। जिनमें से आधे को अकेले फार्स से पकड़े गए हैं। जांच और पूछताछ के संबंध में बाद में जानकारी दी जाएगी। आइएस-खुरासान समूह आइएस की एक क्षेत्रीय शाखा है, जो दक्षिण-मध्य एशिया, मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय है।

# मेदांता की एडवांस्ड मेडिकल सुविधाओं से बची डेंगू से पीड़ित मरीज की जान

**डेंगू हेमोरेजिक बुखार से पीड़ित थीं महिप गौर**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारत में मानसून का मौसम एक खुशनुमा तस्वीर पेश करता है, लेकिन साथ ही डेंगू और मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारियां भी आ जाती हैं। अक्सर सामान्य बुखार समझा जाने वाला डेंगू लगभग 5 प्रतिशत मामलों में तेजी से जानलेवा बन सकता है। डेंगू के इलाज को लेकर कई चिकित्सीय भ्रांतियां भी लोगों को समय पर इलाज मिलने में बाधा बन जाती हैं। इनमें से एक भ्रांति अस्पताल के उपकरण जैसे वेंटिलेटर और डायलिसिस मशीनों से जुड़ी होती है। कई लोग मानते हैं कि इलाज में इन मशीनों का उपयोग जीवन के अंत का संकेत होता है, लेकिन यह बात सच्चाई से कोसों दूर है।

लखनऊ के मेदांता अस्पताल में 41 दिनों तक भर्ती रहने के बाद डेंगू हेमोरेजिक बुखार से पीड़ित महिप गौर (नाम परिवर्तित) पूरी तरह स्वस्थ हो गए हैं, जिससे यह साबित हुआ है कि एडवांस्ड मेडिकल सुविधाएं डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों से लड़ने में कितनी महत्वपूर्ण होती हैं। 40 वर्षीय माहीप गौर के लिए डेंगू की लड़ाई एक बुखार से शुरू हुई, जो तीन दिनों तक खत्म नहीं हुआ और ओवर द काउंटर मिलने वाली दवाइयों से भी नियंत्रित नहीं हो पाया। बारिश के मौसम में तेज और लगातार बुखार एक चेतावनी है, खासकर अगर इसके साथ तेज पेट दर्द, लगातार उल्टी, मसूड़ों से खून आना, सुस्ती, बेचैनी या सूजन बढ़ने जैसे लक्षण हों। महिप के मामले में चौथे दिन उनके नाक और मुंह से खून आना शुरू हो गया, जो डेंगू का एक स्पष्ट संकेत है। जांच कराने पर उन्हें डेंगू होने की पुष्टि हुई। अन्य परिक्षण करवाने से पता चला की खून के थक्के बनने के लिए जरूरी प्लेटलेट्स की संख्या खतरनाक रूप से घटकर 50,000 हो गई थी (सामान्य सीमा 1.5 लाख से 4.0 लाख प्रति माइक्रोलीटर होती है)।

### बांग्लादेश के 11 जिलों में बाढ़ से हालात बदतर, 44 लाख लोग फंसे

**ढाका।** बांग्लादेश के 11 जिलों में बाढ़ से हालात बदतर हो गए हैं। कुमिला और चट्टोग्राम में तो गुमती और हल्दा नदियों के तटबंधों के कुछ हिस्से बह गए। कमिला और चट्टोग्राम सहित 11 जिलों में 44 लाख लोग फंसे हुए हैं। इस जल आपदा में इन जिलों में 15 लोगों की मौत हो गई।आपदा प्रबंधन मंत्रालय के सहायक सचिव हसन अली ने कहा है कि कमिला में चार, चटोग्राम में चार, फेनी में एक, नोआखाली में एक, ब्राह्मणबारिया में एक, लक्ष्मीपुर में एक और कॉक्स बाजार में तीन लोगों की मौत हो गई। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र द डेली स्टार ने यह जानकारी दी है। इस अखबार के अनुसार, बांग्लादेश में बाढ़ पूर्वानुमान केंद्र के एक बुलेटिन में कहा गया है कि जैसे ही कमिला, ब्राह्मणबारिया, फेनी और भारत के त्रिपुरा में बारिश रुकी, नदियों का जलस्तर कुछ कम हो गया। केंद्र के कार्यकारी अभियंता सरदार उदय रायहान का कहना है कि लेकिन सात नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। फेनी में संकट सबसे गंभीर है।

# पहले हाइब्रिड रॉकेट रुमी का सफल प्रक्षेपण

**एयरो-टेक कंपनी स्पेस जोन इंडिया ने मिशन रुमी किया तैयार**

एजेंसी



**चेन्नई ।** तमिलनाडु में मोबाइल लॉन्चपैड से देश का पहला पुनः प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट रुमी का प्रक्षेपण शनिवार सुबह सफलतापूर्वक हुआ। शनिवार सुबह 07.07 बजे तीन क्यूब सैटेलाइट और 50 पिको सैटेलाइट ले जाने वाले रुमी रॉकेट का प्रक्षेपण ईसीआर पर चेंगलपेट के थिरुविदंधई तटीय गांव में मोबाइल लॉन्च पैड से हुआ जो भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। मिशन के लिए सरकार, नागरिक उड्डयन, आईएएफ तांबरम और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से सभी आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद एक ट्रक पर लगे हाइड्रोलिक लॉन्चर का उपयोग करके प्रक्षेपण किया गया।

तमिलनाडु की उभरती हुई एयरो-टेक कंपनी स्पेस ज़ोन इंडिया ने मिशन रुमी 2024 को तैयार किया है जो भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में अपनी तरह का पहला मील का पत्थर साबित हुआ है। इस मिशन के माध्यम से कंपनी ने मोबाइल लॉन्चपैड पर भारत का पहला पुनः प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट लॉन्च किया, जो दक्षता में सुधार और परिचालन लागत को कम करने के लिए तरल ऑक्सीडाइज़र और ठोस ईंधन प्रणोदक प्रणालियों दोनों के लाभों को मिलाकर प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करेगा।

स्पेस ज़ोन इंडिया के संस्थापक और सीईओ डॉ. आनंद मेगालिंगम ने कहा, ÷यह मोबाइल लॉन्च सिस्टम हमें किसी भी स्थान से आसानी से विभिन्न लॉन्च परिदृश्यों के सटीक नियंत्रण की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि रुमी 1 रॉकेट तीन क्यूब उपग्रहों को लेकर गया, जिन्हें ब्रह्मांडीय विकिरण तीव्रता, यूवी विकिरण तीव्रता, वायु गुणवत्ता और अधिक सहित वायुमंडलीय स्थितियों पर डेटा की निगरानी और संग्रह करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। उन्होंने बताया कि रॉकेट ने 50 अलग-अलग पिको उपग्रहों को तैनात किया।

**रुमी 1 रॉकेट तीन क्यूब उपग्रहों को लेकर गया**

स्पेस ज़ोन इंडिया के संस्थापक और सीईओ डॉ. आनंद मेगालिंगम ने कहा, यह मोबाइल लॉन्च सिस्टम हमें किसी भी स्थान से आसानी से विभिन्न लॉन्च परिदृश्यों के सटीक नियंत्रण की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि रुमी 1 रॉकेट तीन क्यूब उपग्रहों को लेकर गया, जिन्हें ब्रह्मांडीय विकिरण तीव्रता, यूवी विकिरण तीव्रता, वायु गुणवत्ता और अधिक सहित वायुमंडलीय स्थितियों पर डेटा की निगरानी और संग्रह करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। उन्होंने बताया कि रॉकेट ने 50 अलग-अलग पिको उपग्रहों को तैनात किया जिनमें से प्रत्येक कंपन, एक्सेलेरोमीटर रीडिंग, ऊंचाई, ओजोन स्तर, विषाक्त सामग्री और फाइबर के प्राकृतिक और सिंथेटिक आणविक बंधन जैसे वायुमंडलीय स्थितियों के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए समर्पित है, जिससे पर्यावरणीय गतिशीलता के बारे में हमारी जानकारी बढ़ेगी।

# भारत ने सर्फिंग में रचा इतिहास, पहली बार एशियाई खेलों का कोटा किया हासिल

एजेंसी




**थुलुसधू, (मालदीव)/नई दिल्ली।** भारतीय सर्फिंग के लिए आज एक ऐतिहासिक दिन रहा, एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 में भाग लेने वाली टीम ने आगामी एशियाई खेलों 2026 के लिए अपना पहला कोटा हासिल कर लिया है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए एक-एक स्थान है।

ये कोटा चैंपियनशिप में भारतीय सर्फर्स द्वारा जमा किए गए रैंकिंग पॉइंट्स के आधार पर अर्जित किए गए हैं। किशोर कुमार, जो कल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, एक कड़े मुकाबले में मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में उनके शानदार प्रदर्शन ने सुनिश्चित किया कि उनके देश ने एशियाई खेलों के लिए कोटा अर्जित किया। एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024, जो एशियाई खेलों 2026 के लिए एक क्वालीफायर भी है, में आठ भारतीय सर्फर्स ने 4 अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की। अपने नाम कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताबों के साथ, दृढ़ निश्चयी किशोर कुमार ने आज अंडर-18 लड़कों की श्रेणी में एशिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ सर्फर्स के खिलाफ प्रतियोगिता में प्रवेश किया। वह हीट 2 सेमीफाइनल में 8.26 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे, चीन के चेंगझेंग वांग से ठीक पीछे, जिन्होंने 10.00 स्कोर करके दूसरा स्थान प्राप्त किया। जापानी सर्फर तारो ताकाई ने उसी हीट में 14.50 के स्कोर के साथ पहला स्थान प्राप्त किया।

किशोर कुमार, जो पहले राउंड 1, राउंड 3 और क्वार्टर फाइनल में पहले स्थान पर रहे थे, ने पूरे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। किशोर के बाद टूर्नामेंट में एक और सफल सर्फर हरीश मुथु ने भी अपनी छाप छोड़ी, क्योंकि वह एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए। हालांकि, वह एक कठिन मुकाबले में पिछड़ गए। भारतीय सर्फिंग के लिए ऐतिहासिक दिन पर सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अरुण वासु ने कहा, यह ऐतिहासिक दिन देखना वाकई बहुत खुशी की बात है, जब भारतीय सर्फिंग ने आगामी एशियाई खेलों के लिए कोटा हासिल किया है। यह उपलब्धि हमारे सर्फर्स, कोच और फेडरेशन की वर्षों की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अपने सर्फर्स को भविष्य में ओलंपिक में भी प्रतिस्पर्धा करते हुए देखेंगे। हालाँकि अगर किशोर आज फाइनल में पहुँच जाता तो यह सोने पर सुहागा वाली बात होती, लेकिन उसकी उम्र, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को देखते हुए हमें अभी भी उस पर बहुत गर्व है।

### भाजपा ने व्यापारियों की सुरक्षा देखी, सामाजिक सुरक्षा मेरी प्राथमिकता : सोरेन

**रामगढ़।** झारखंड में डबल इंजन की सरकार भाजपा ने चलाई। उससे पहले भी भाजपाई सत्ता में रहे लेकिन उन्होंने सिर्फ अपने व्यापारियों की सुरक्षा देखी। मैं झारखंड में सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहा हूं। यही वजह है कि झारखंड की आधी आबादी को सम्मान दिया है। यह बात शनिवार को हजारीबाग के सिंदूर मैदान में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही?। हेमत सोरेन ने कहा कि सिर्फ 15 दिनों में दिन-रात एक कर पूरे राज्य की 42 लाख महिलाओं को इस योजना में जोड़ा गया है। यह आंकड़े भी अब पुराने हो चुके हैं। नया आंकड़ा एक नया रिकॉर्ड बना रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के 33 लाख बुजुर्गों को पहले से पेंशन सरकार दे रही है। अब मंईयां सम्मान योजना में हर महिला को 12,000 रुपये सालाना मिलेगा। जिस घर में तीन महिलाएं हैं और दो बुजुर्ग हैं तो सालाना 60,000 सरकार उनके घर में उनके खाते में भेज रही है

# भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय व घरेलू क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 38 वर्षीय शिखर धवन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अपने संन्यास की घोषणा की।

धवन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मैं एक ऐसे मुकाम पर खड़ा हूं, जहां जब मैं पीछे देखता हूं, तो मुझे केवल यादें और एक नया जीवन दिखाई देता है। भारत के लिए खेलना हमेशा से मेरा सपना था और मुझे इसे जीने का मौका मिला। मैं इसके लिए बहुत से लोगों का शुक्रगुजार हूं। सबसे पहले, मेरा परिवार, मेरे बचपन के कोच और फिर मेरी टीम जिसके साथ मैंने इतने सालों तक खेला। मुझे एक नया परिवार, शोहरत और प्यार मिला। लेकिन कहा जाता है कि आगे बढ़ने के लिए आपको पन्ने पलटने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, मैं अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। अपने क्रिकेट के सफर को अलविदा कहते हुए, मेरे दिल में शांति है। मैंने अपने देश के लिए बहुत खेला है।

**67 मैचों में धवन ने बनाएं 6793 रन**

अपने शानदार करियर में, धवन ने सभी प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन वनडे उनका पसंदीदा प्रारुप था। 167 मैचों में, बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया और 44.1 की औसत से 6,793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्द्धशतक शामिल हैं। क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में, जहां उन्होंने मुरली विजय के साथ यादगार साझेदारियां कीं, धवन ने 34 मैचों में 40.6 की औसत से 2,315 रन बनाए। उनके टेस्ट करियर में सात शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। टी20आई प्रारूप में, धवन ने 68 मैच खेले और 27.9 की औसत से 1,759 रन बनाए, जिसमें 11 अर्द्धशतक शामिल हैं। घरेलू सर्किट में, धवन ने 122 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच खेले और 44.26 की औसत से 8,499 रन बनाए, जिसमें 25 शतक और 29 अर्द्धशतक शामिल हैं। लिस्ट ए में, धवन ने 302 मैच खेले और 43.90 की औसत से 12,074 रन बनाए। उनके उल्लेखनीय आँकड़े 30 शतक और 67 अर्धशतकों से और भी जगमगाते हैं।

